राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-347
लखनऊ, मंगलवार 06 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जन समस्याओं का शीघ्रता से करें समाधान : योगी 03

सबका स्वास्थ्य ठीक रखने का सरकार कर रही प्रयास : शाह 12

# बांग्लादेश में तख्तापलट, पीएम शेख हसीना ने दिया इस्तीफा

## बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने संसद में घुसकर की तोड़फोड़, सेना प्रमुख वेकर उज जमान ने प्रदर्शनकारियों से शांति और सहयोग की अपील की

▸ शेख हसीना देश छोड़ने के बाद हिंडन एयरबेस पर उतरीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के हिंडन एयरबेस पर उतरे बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के सी-130जे हरक्युलिस विमान पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का सख्त पहरा है। बांग्लादेशी वायु सेना का यह विमान भारतीय वायु सेना के सी-17 और सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान हैंगर के पास खड़ा किया गया है।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पद से इस्तीफा देने के बाद पीएम हाउस %बंग भवन% से एक मोटरसाइकिल से रवाना हुईं। इसके बाद उन्होंने अपनी बहन के साथ ढाका से बांग्लादेशी एमआई-17 हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी लेकिन उनका गंतव्य नहीं बताया गया। हालांकि, ढाका से रवाना होने के बाद उनके भारत आने की संभावना जताई गई थी लेकिन जब दोपहर बाद उनका हेलीकॉप्टर त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में उतरा तो इसकी पुष्टि हो गई। बांग्लादेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया और बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत चौधरी भी कोलकाता पहुंच गए। शेख हसीना अगरतला से बांग्लादेशी वायु सेना के सी-130जे हरक्युलिस विमान के जरिये नई दिल्ली की ओर रवाना हुईं। उसके बाद राजधानी दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई। यहां कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए बांग्लादेश हाई कमीशन के गेट पर चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन के 20 से अधिक कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया और पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करके बांग्लादेश के हालात पर अपडेट दिया।




### भारत बांग्लादेश के बीच सड़क, रेल और हवाई यातायात बंद

**कोलकाता ।** भारत और बांग्लादेश के बीच सड़क, रेल और हवाई मार्गों का संपर्क वर्तमान में बंद कर दिया गया है। सोमवार रात 11 बजे तक ढाका के शाहजालाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बंद कर दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से भारत और बांग्लादेश के बीच सभी ट्रेन और बस सेवाएं बंद हैं। सीमा पर से भारत आने के लिए तैयार तीन सौ से अधिक मालवाहक ट्रक फंसे हुए हैं। लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने पेट्रापोल सीमा को बंद कर दिया है, जिससे व्यापारिक और यात्री परिवहन दोनों बंद हो गए हैं। सोमवार को एयर इंडिया और इंडिगो सहित भारत की सभी विमान सेवाओं ने बांग्लादेश के लिए अपनी सेवाएं बंद कर दी हैं। शाहजालाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बंद होने के कारण हवाई सेवा जारी रखना संभव नहीं है।

### बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ाई चौकसी

**गुवाहाटी।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर चौकसी बढ़ा दी है। बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत चौधरी भी कोलकाता पहुंच चुके हैं। बीएसएफ सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया। स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए बीएसएफ के महानिदेशक भी कोलकाता पहुंच गए। दरअसल, पश्चिम बंगाल के अलावा, असम, मेघालय और त्रिपुरा के दो हजार 500 किलोमीटर की सीमा बांग्लादेश से लगी हैं। यह सीमा कई स्थानों पर अभी भी सीमा खुली हुई है। सीमा पर कई स्थानों पर घनी आबादी है, तो कई स्थानों पर घने जंगल हैं। बांग्लादेश में उत्पन्न अराजक स्थिति के बीच खुली सीमा का फायदा उठाकर उपद्रवी तत्व भारत में घुसने की आशंका के चलते भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने चौकसी बढ़ा दी है।

### कोलकाता पहुंचे बीएसएफ के डीजी ने लिया जायजा

**कोलकाता।** बीएसएफ के डीजी दलजीत सिंह चौधरी बांग्लादेश के हालात के बारे में जानकारी मिलने के तुरंत बाद कोलकाता स्थित मुख्यालय पहुंचे हैं। यहां उन्होंने बीएसएफ के संबंधित उच्च अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की है। उक्त अधिकारी ने बताया कि डीजी दलजीत सिंह चौधरी ने फिलहाल सुंदरबन का दौरा किया है और यहां बीएसएफ की तैयारियों का जायजा लिया है। ये क्षेत्र समुद्र के रास्ते बांग्लादेश से जुड़ा हुआ है और कई सारे आईलैंड के जरिए भारतीय सीमा में प्रवेश के कई रास्ते हैं। डीजी दलजीत सिंह चौधरी ने अधिकारियों को चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि बेहतर तालमेल कर किसी भी तरह की घुसपैठ को रोका जा सके।

### घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार गिरावट

निवेशकों को 1 दिन में 15.50 लाख करोड़ की लगी चपत

**नई दिल्ली।** मध्य एशिया में तनाव और अमेरिका में बंदी की आशंका की वजह से सोमवार को दुनिया भर के शेयर बाजार में कोहराम मचा रहा। इसी वजह से घरेलू शेयर बाजार के दलाल स्ट्रीट में हड़कंप की स्थिति बनी रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.74 प्रतिशत और निफ्टी 2.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज बाजार में आई मजबूती कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े पंद्रह लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी आ गई। आज के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। कैपिटल गुड्स, यूटिलिटी, मेटल और रियल्टी इंडेक्स 4 प्रतिशत से ज्यादा टूट कर बंद हुए। इसी तरह आईटी, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में भी लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज जोरदार दबाव के हालात बने रहे, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 3.60 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 4.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के तीन मामलों की पुष्टि

**नई दिल्ली।** केरल में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के तीन मामलों की पुष्टि हुई है। सोमवार को केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के मामलों की पुष्टि करते हुए लोगों को सावधानी बरतने का आग्रह किया है। दक्षिण केरल के एक जिले में एक तालाब में नहाने वाले तीन लोगों को अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस से पीड़ित पाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने जानवरों को नहलाने या धोने के लिए रुके हुए पानी का उपयोग करने वाले लोगों को सावधानी बरतने को कहा है। ऐसे पानी के संपर्क के बाद गंभीर सिरदर्द, बुखार, मतली, उल्टी या गर्दन में अकड़न हो तो चिकित्सकीय सहायता लेने का भी परामर्श जारी किया गया है। अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस, एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी है।

### पेट्रोलियम परिचालन को खनन से अलग करने वाला विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार राज्यसभा में पेट्रोलियम परिचालन को खनन गतिविधियों से अलग करने वाला विधेयक पेश किया। पुरी ने आज राज्यसभा में तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 पेश किया। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य पेट्रोलियम परिचालन को खनन गतिविधियों से अलग करना, 'खनिज तेल' की परिभाषा को विस्तार देना, 'पेट्रोलियम पट्टे' की अवधारणा लाना और स्थिर शर्तों पर पट्टे की पेशकश करना है।

### बिजली का करंट लगने से नौ कांवरिया की मौत, तीन झुलसे

**हाजीपुर।** बिहार में वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत में बिजली का करंट लगने से नौ कांवरिया की मौत हो गयी तथा तीन अन्य झुलस गये। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की देर रात डीजे ट्रॉली पर सवार कांवरिया पहलेजा घाट जल भरने के लिये जा रहे थे। इस दौरान डीजे ट्रॉली के साउंड सिस्टम सेट से 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार सट गया, जिससे पूरी ट्रॉली में करंट फैल गया। मृतकों की पहचान जेदुली गांव निवासी रवि कुमार (18), नवीन कुमार (28), अमरेश कुमार (28),अशोक कुमार (18), चंदन कुमार (14),कालू कुमार (16), आशीष कुमार (18), अमोद कुमार (30) और राजा कुमार (24) के रूप में की गयी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

### यूएन ने 2024 को घोषित किया अंतरराष्ट्रीय कैमलिड वर्ष

**बीकानेर।** राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र में सोमवार को अफ्रीकन एशियन रूरल डवलपमेंट ऑर्गेनाईजेशन (आरडू), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'एडवांसेज इन कैमल हेल्थ प्रोडेक्शन एंड टैक्नोलॉजी' विषयक चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। केन्द्र निदेशक डॉ.आर.के. सावल ने केन्द्र की उपलब्धियों एवं संसाधनों की जानकारी देते हुए यह आशा व्यक्त की कि भविष्य में सहयोगात्मक अनुसंधानों एवं कार्यों से उष्ट्र प्रजाति के विकास में गति आएगी।

## गोमतीनगर छेड़छाड़ प्रकरण में मुख्य आरोपी कानपुर से गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 31 जुलाई को गोमतीनगर में जलभराव के दौरान एक युवती से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपित को पुलिस ने कानपुर में रहने वाली मौसी के घर से गिरफ्तार किया है। वह नाबालिग है। इस मामले में अब तक 25 लोग गिरफ्तार किये जा चुके, जिनमें तीन नाबालिग हैं। डीसीपी ने बताया कि सोमवार को बताया कि 31 जुलाई को गोमती नगर में जलभराव के दौरान एक युवती से छेड़छाड़ की गई थी। मामले में तब से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित कर गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। पुलिस ने कानपुर से एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है, जो घटना के बाद पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए मौसी के यहां छिपकर रह रहा था। वह मूलरूप से लखनऊ के इंदिरानगर में रह रहा था।

## हाईकोर्ट में मेनका गांधी की याचिका पर हुई बहस, फैसला सुरक्षित

समृद्धि न्यूज

▸ सापा प्रत्याशी व सांसद राम भुआल निषाद ने तथ्यों को छिपाया

**लखनऊ।** सुल्तानपुर लोकसभा सीट को लेकर मेनका गांधी द्वारा दायर की गई चुनाव याचिका पर लखनऊ हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजन रॉय ने सुनवाई की। हाई कोर्ट के जज याचिका की सुनवाई पर सबसे पहला सवाल पूछा आखिर 7 दिन देरी से क्यों आज का दाखिल की गई है। याचिका कर्ता वकील की तरफ से यह तर्क दिया गया कि क्रिमिनल हिस्ट्री का रिकॉर्ड निकालने में समय लग गया। इस वजह से याचिका विलंब से दाखिल की गई। फिलहाल हाई कोर्ट के जज ने दोनों पक्षों को सुना और फैसले को सुरक्षित रख लिया है।

मेनका गांधी के वकील प्रशांत सिंह अटल के अनुसार आज जो सुनवाई हुई है, वह याचिका 7 दिन देरी से दाखिल किए जाने को लेकर की गई है। कोर्ट के फैसले के बाद आगे याचिका पर सुनवाई की जाएगी। याचिका कर्ता ने कहा था कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी और सांसद राम भुआल निषाद ने तथ्यों को छिपाकर रजिस्टेशन आफपिपुल का उल्लंघन किया। राम भुआल निषाद पर कुल 12 मुकदमें दर्ज हैं। इसमें राम भुआल निषाद ने जमानत ली, कोर्ट की पेशी पर पेश भी हुए लेकिन चुनाव आयोग में जानकारी छिपाते हुए सिर्फ8 केस दर्ज होने की बात बताई। याचिका दायर होने के बाद सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाले सभी 9 प्रत्याशियों को नोटिस भेजा गया था।

## विदेश भागने की फिराक में पूर्व मंत्री का बेटा फिरोज एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**मेरठ।** देश छोड़कर भागने की फिराक में लगे पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी के बेटे फिरोज उर्फ भूरा को पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया हुआ है। जमानत में देश छोड़कर न जाने की शर्त के बाद भी विदेश भागने की कोशिश में उसे पकड़ा गया। पुलिस ने उसे मेरठ लाकर पूछताछ की तो उसने भविष्य में जमानत की शर्त को नहीं तोड़ने का आश्वासन दिया। इसके बाद उसे छोड़ दिया गया। खरखौदा थाना क्षेत्र में हापुड़ रोड में अलीपुर गांव में स्थित पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की अलफहीम मीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड पर पुलिस ने 31 मार्च 2022 को छापा मारा था। जांच में पता चला कि बंद फैक्ट्री में मीट सप्लाई का काम किया जा रहा था। यहां से पांच करोड़ रुपये का मीट पकड़ा गया।

## छह साल से नहीं हुई प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक भर्ती

▸ डीएलएड अभ्यर्थियों ने चयन आयोग दफ्तर पर किया जोरदार प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में डीएलएड की डिग्री अनिवार्य है। यूपी में डीएलएड डिग्री धारकों की संख्या दस लाख से कम नहीं है।इन डिग्री धारकों ने टीचर बनने के लिए ही ट्रेनिंग की है। इन्हें उम्मीद थी कि टीचर्स भर्ती का विज्ञापन निकलने के बाद इन्हें किस्मत आजमाने का मौका मिलेगा लेकिन पिछले छह सालों से इनका इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

संगम नगरी प्रयागराज में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के दफ्तर पर प्रदर्शन के लिए प्रदेश भर से आए हुए अभ्यर्थियों का कहना है कि सूबे के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों सरकारी विभागों के खाली पदों को जल्द से जल्द भरे जाने का ऐलान किया था। बावजूद इसके बेसिक शिक्षा परिषद ने 2018 के बाद से अभी तक कोई भी विज्ञापन ही जारी नहीं किया। अभ्यर्थियों के मुताबिक पड़ोसी राज्य बिहार लगातार भर्तियां कर रहा है। यूपी में भर्ती विज्ञापन नहीं निकलने से तमाम अभ्यर्थी ओवरएज हो रहे हैं और डिग्री लेने के बावजूद बेरोजगार बने हुए हैं। प्रयागराज में शिक्षा सेवा चयन आयोग के दफ्तर पर प्रदर्शन के दौरान यूपी के तमाम जिलों के डीएलएड अभ्यर्थी मौजूद रहे। अभ्यर्थियों ने नारेबाजी की और आक्रोश जताया। नाराज अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक भर्ती का विज्ञापन जारी नहीं होगा तब तक वह आंदोलन बरकरार रखेंगे। प्रयागराज में हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी शामिल रहीं।

### 2018 में उन्हत्तर हजार पदों पर की थी भर्ती

बेसिक शिक्षा परिषद ने आखिरी बार साल 2018 में उन्हत्तर हजार पदों पर भर्ती की थी। उस वक्त कहा गया था कि पद भरे होने के बावजूद हर साल बारह हजार टीचर्स की भर्ती सरप्लस के तौर पर की जाएगी। इन दिनों यूपी में तकरीबन सवा लाख पद खाली है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वह अफसर से लेकर सरकार के मंत्रियों से तमाम बार मुलाकात कर भर्ती का विज्ञापन निकालने का अनुरोध कर चुके हैं लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।

## एनआईपीसीसीडी की कार्यकारी परिषद (ईसी) व सामान्य निकाय (जीबी) का पुर्नगठन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में एक स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) की कार्यकारी परिषद की बैठक और सामान्य निकाय की विशेष बैठक सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की।

आज पुरानी कार्यकारी परिषद (ईसी) और सामान्य निकाय (जीबी), जिनका गठन 1966 में हुआ था, का पुनर्गठन किया गया। एनआईपीसीसीडी को 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम एक्स के तहत पंजीकृत किया गया था।



एनआईपीसीसीडी के संविधान के अनुसार, सामान्य निकाय (जीबी) संस्थान की समग्र नीतियां तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं और कार्यकारी परिषद (ईसी) संस्थान के प्रबंधन और प्रशासनिक मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। अन्नपूर्णा देवी, पुरानी आम सभा की अध्यक्ष और कार्यकारी परिषद की अध्यक्ष हैं। सामान्य निकाय में 22 सदस्यों और कार्यकारी परिषद में 13 सदस्यों को मंजूरी दे दी गई है, जबकि पहले सामान्य निकाय में 94 सदस्य और कार्यकारी परिषद में 21 सदस्य थे।

इस अवसर पर अन्नापूर्णा देवी ने एनआईपीसीसीडी को मंत्रालय के सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का नेतृत्व करने, महिला एवं बाल विकास पर प्रासंगिक मुद्दों पर अनुसंधान और दस्तावेजीकरण करने, बाल मार्गदर्शन और परामर्श पर उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विस्तार सहित मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का निर्देश दिया।

## हिमांशु शेखर बने उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के 2007 सिविल सेवा बैच के अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने सोमवार को उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। पहले श्री उपाध्याय उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। श्री उपाध्याय मूल रूप से अंबेडकरनगर के रहने वाले हैं तथा प्रारंभिक शिक्षा अल्मोड़ा से प्रारम्भ करने के पश्चात इन्होनें इलाहाबाद विवि से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया है। श्री उपाध्याय प्रतिष्ठित डॉ. अमरनाथ झा छात्रावास के छात्र रहे हैं। श्री उपाध्याय की छवि एक तेज तर्रार अधिकारी की रही है और इन्होनें उत्तर मध्य रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## महिला टीम टेबल टेनिस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा भारत

एजेंसी

**पेरिस।** ओलंपिक में पदार्पण कर रही भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच से शुरुआत की, जिसमें उन्होंने अदीना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा को 11-9, 12-10, 11-7 से हराया।

इसके बाद मनिका बत्रा ने बर्नाडेट स्ज़ोक्स के खिलाफ़ सीधे गेम में 11-5, 11-7, 11-7 से जीत दर्ज की और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, श्रीजा अकुला तीसरे मैच में समारा से 11-8, 4-11, 11-7, 6-11, 8-11 से हार गईं, जिससे



मुकाबला चौथे गेम तक खिंच गया। इसके बाद अर्चना को स्ज़ोक्स के खिलाफ 5-11, 11-8, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

निर्णायक मैच में मनिका ने डायकोनू पर 11-5, 11-9, 11-9 से जीत हासिल की और भारत को 3-2 से जीत दिलाकर अंतिम 8 में पहुंचा दिया। रत का अगला मुक़ाबला संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी के बीच होने वाले राउंड ऑफ़ 16 के मैच के विजेता से होगा। अंतिम-आठ का मैच मंगलवार को होगा।

## सपा सांसद के चुनाव रद्द करने की याचिका पर निर्णय सुरक्षित

**सुल्तानपुर।** सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के जीते सपा सांसद रामभुआल निषाद के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सोमवार को सुनवाई हुई एवं निर्णय सुरक्षित रख लिया गया है। भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मेनका संजय गांधी ने बीती 27 जुलाई को चुनाव याचिका दाखिल की थी। याचिका में सपा सांसद के खिलाफ कथित रूप से चुनाव में भ्रष्ट आचरण करने के आरोप लगाकर सांसद के चुनाव को शून्य घोषित करने का आग्रह किया गया है। न्यायमूर्ति राजन रॉय की एकल पीठ के समक्ष मेनका गांधी द्वारा दाखिल याचिका पर पांच अगस्त को सुनवाई को सूचीबद्ध किया गया था।

## अनुच्छेद 370 को निरस्त करना ऐतिहासिक क्षण था : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने (5 अगस्त) को पांच वर्ष पूर्व 2019 में जम्मू-कश्मीर से जुड़े संविधान के अनुच्छेद 370 और 35(ए) को हटाए जाने को याद करते हुए कहा कि यह देश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था। जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य की जनता के लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री अनुच्छेद 370 हटाए जाने का अर्थ बताया और कहा कि इससे संविधान बनाने वाले महान पुरुषों और महिलाओं की दृष्टि के अनुरूप



अक्षरशः संविधान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में लागू हुआ।

इस अनुच्छेद के निरस्त होने से विकास के लाभ से वंचित महिलाओं, युवाओं, पिछड़े, आदिवासी और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए सुरक्षा, सम्मान और अवसर आए। इसने यह सुनिश्चित किया है कि दशकों से जम्मू-कश्मीर में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर हो। 2019 में सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ वापसी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने आज ही के दिन अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विधेयक संसद में पेश किया था।

लक्ष्य

### पीएम मोदी के विजन को उत्तर प्रदेश में तेजी के साथ पूरा करने में योगी सरकार मिशन मोड में जुटी

## उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा से जगमग करेंगे 30 हजार सूर्य मित्र

▸ 30 हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में किया गया प्रशिक्षित

विकास तिवारी

**लखनऊ।** हर घर सोलर पैनल लगाने के पीएम मोदी के विजन को उत्तर प्रदेश में तेजी के साथ पूरा करने में योगी सरकार मिशन मोड में जुटी हुई है। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने का कार्य हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में भी 30 हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाना है। अबतक 3 हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जा चुका है। बता दें कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में स्किल्ड मैन पॉवर तैयार करने के लिए राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन के तहत सूर्य मित्रों को तैयार करने की योजना है, जिससे सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कुशल कारीगरों का सृजन हो सके।



### सौर ऊर्जा सेक्टर में स्किल्ड मैन पॉवर की डिमांड

इतने बड़े पैमाने पर सोलर रूफ टॉप लगने के बाद इस क्षेत्र में दक्ष युवा मैनपॉवर की आवश्यकता होगी, जिसे देखते हुए यूपीनेडा की ओर से ट्रेनिंग सेंटरों और जिलों के आईटीआई संस्थानों के माध्यम से 30 हजार सूर्य मित्रों के प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। अबतक 3 हजार सूर्य मित्रों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। सूर्य मित्रों की ट्रेनिंग की अवधि तीन माह की है, जिसमें कक्षा प्रशिक्षण, व्यवहारिक प्रयोगशाला, एसपीवी प्लांट एक्सपोजर, सेवाकालीन प्रशिक्षण , सॉफ्ट स्किल्स और उद्यमिता कौशल सहित 600 घंटे की ट्रेनिंग शामिल हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, वायरमेन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, फिटर, शीट मेटल में आईटीआई होना आवश्यक है। सूर्य मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने में भी मदद की जाती है।

### सरकार ने लिया 25 लाख सोलर रूफ टॉप लगाने का संकल्प

दरअसल, फरवरी 2023 में पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत के बाद पूरे देश में 1 करोड़ सोलर रूफ टॉप लगाने का लक्ष्य है। वहीं पीएम मोदी द्वारा संकल्पित इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपनी ओर से प्रदेश में 25 लाख सोलर रूफ टॉप लगाने का संकल्प लिया है। मौजूद आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 18 लाख से अधिक घरों पर सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है, जबकि लगभग दो लाख घरों के लिए अप्लिकेशन भी सबमिट किया जा चुका है। वहीं 10 हजार से अधिक घरों पर सोलर रूफ टॉप लगाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने नेट बिलिंग/नेट मीटरिंग की व्यवस्था लागू की है। यही नहीं प्रदेश के 10 लाख घरों पर रूफ टॉप लगाने के लिए यूपीनेडा को टाटा ग्रुप का भी साथ मिला है। फिलहाल वाराणसी से इसकी शुरुआत भी हो चुकी है।

# बलात्कार करने की कोशिश करने वाला गिरफ्तार!

- मुख्य आरोपी का साथ देने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार
- किशोरी को शारदा पुल तक लिफ्ट देने की बात कहकर अपनी बाइक पर बैठाया था

**भीरा खीरी , समृद्धि न्यूज।**



थारू नाबालिग किशोरी से बलात्कार करने की कोशिश करने वाले मुख्य आरोपी सहित पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए रविवार को मामले का खुलाशा किया घटना में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने बरामद की जबकि मुख्य आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। मामले में चारों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है।

ज्ञात हो बीती 30 जुलाई को गोला में पढ़ाई के सिलसिले में जा रही थारू क्षेत्र के एक नाबालिग किशोरी को बाइक पर बैठाकर शारदा पुल तक लिफ्ट देने की बात कहकर एक युवक ने अपनी बाइक पर बैठाया और पुल तक न ले जाकर उसको रिलांयस पेट्रोल पंप के पास से मेलाघाट जाने वाले सुनसान रास्ते पर ले जाकर उससे बलात्कार की कोशिश की थी। मामले में यूपी 112 पुलिस को किसी तरह छूटकर नाबालिग किशोरी ने सूचना दी और परिजनों तक बात पहुंची। तब परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को सीओ यादवेंद्र यादव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मामले का खुलाशा किया है।

सीओ ने बताया कि मुख्य अभियुक्त गोला निवासी मनोज कुमार वर्मा पुत्र सत्यप्रकाश वर्मा है जो अलीगंज का रहने वाला है। इसमें अपनी बाइक पर उक्त किशोरी को बैठाया था। पलिया बस अड्डे पर इनका साथ देने वाले आरोपी अनुज पुत्र पूरनलाल निवासी त्रिकोलिया, रामआसरे पुत्र सरजू प्रसाद निवासी पांडेय बाबा पलिया व रितेश उर्फ मुन्ना पुत्र बनवारी लाल पलिया खुर्द को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी में पलिया, संपूर्णानगर, भीरा व कवच सर्विलांस सेल का भी सहयोग रहा है।

# बाढ़ पर पलिया विधायक ने व्यापारियों से की चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**



पलिया में बाढ की विभीषिका को देखते हुए पलिया विधायक रोमी साहनी ने अपने आवास पर बैठक का आयोजन किया।

जिसमें आवागमन में बाधक बन रहे बाढ़ के पानी सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारी, बस यूनियन, ट्रक यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

विधायक रोमी साहनी ने कहा कि सुहेली नदी की डिसिल्टिंग के लिए भारत सरकार से अनुमति लेनी पड़ रही है। शारदा नदी की डिसिल्टिंग करवा कर दोनों तरफ बंधा बनवाने के लिए इरीगेशन विभाग को निर्देशित किया गया है। कुछ दिनों में हालात सामान्य होने पर पलिया भीरा मार्ग पर सभी वाहनों के लिए सुचारु आवागमन संभव हो सकेगा। व्यापारियों व बस यूनियन, ट्रक यूनियन ने कई प्रस्ताव रखे।

जिस पर विधायक रोमी साहनी ने गंभीरता से कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी गौरव गुप्ता अध्यक्ष, राजीव शुक्ला महामंत्री, श्याम आनंद कोषाध्यक्ष, श्रीकृष्ण सिंघल (लीलू),उपाध्यक्ष, जसवीर फ्लोरा, फिरोज खान, बुंडू मियां, एजाज अहमद, अब्बास गाजी, हरविंदर सिंह सोढ़ी आदित्य मौर्य, मनीष अरोड़ा, अमित बाथम, आरिफ, मोईन, विक्की चंदेल, मोहम्मद अली, अनुराग, पवन गर्ग, हरप्रीत सिंह (हैप्पी), चरणजीत सिंह खैरा, मनजीत सिंह खैरा चंचल सिंह खैरा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व जनता मौजूद रहे।

# पांच हजार की नगदी समेत घरेलू सामान चोरी

- मितौली क्षेत्र के डोकरपुर गांव के मकान में रात चोरों ने निशाना बनाया
- खेतों में दो बैग बिखरे कपड़ों समेत पड़े मिले पुलिस ने मौका किया मुआयना

**मितौली खीरी,समृद्धि न्यूज।**



मितौली थाना क्षेत्र के डोकरपुर गांव के मकान में रविवार रात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मकान के पिछे से नकब लगाकर पांच हजार की नगदी समेत घरेलू सामान चुरा ले गए। सुचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने मौका मुआयना किया। डोकरपुर गांव निवासी चंदर राठौर गांव के उत्तर मकान है। रविवार रात चोरों ने नकब लगा दी। नकब के रास्ते घुसे चोरों ने कमरे में रखे पांच हजार की नगदी व दो बैंग उठा ले गए। रात में बकरियों की आवाज पर जगे लोगों ने मकान के पीछे नकब देखकर चोरी की जानकारी हुई। खेतों में दो बैंग बिखरे कपड़ों समेत पड़े मिले। सुचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने मौका मुआयना किया। 19 जुलाई की रात अनिल धानुक के घर नकब लगाकर 40हजार की नगदी समेत ग्रहस्ती का सामान चोरी हो गया था। नकब लगाकर पांच हजार की नगदी समेत घरेलू सामान चोर उठा ले गये। मितौली क्षेत्र के डोकरपुर गांव के मकान में रविवार रात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मकान के पिछे से नकब लगाकर पांच हजार की नगदी समेत घरेलू सामान चुरा ले गए। सुचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने मौका मुआयना किया। डोकरपुर गांव निवासी चंदर राठौर गांव के उत्तर मकान है। रविवार रात चोरों ने नकब लगा दी।

नकब के रास्ते घुसे चोरों ने कमरे में रखे पांच हजार की नगदी व दो बैंग उठा ले गए। रात में बकरियों की आवाज पर जगे लोगों ने मकान के पीछे नकब देखकर चोरी की जानकारी हुई। खेतों में दो बैंग बिखरे कपड़ों समेत पड़े मिले। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने मौका मुआयना किया। 19 जुलाई की रात अनिल धानुक के घर नकब लगाकर 40हजार की नगदी समेत ग्रहस्ती का सामान चोरी हो गया था।

# युवक पर जबरन शारीरिक शोषण करने का आरोप

**मितौली खीरी,समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव बटाऊ निवासी बालिका ने गांव के ही एक युवक पर जबरन शारीरिक शोषण करने का लगाया आरोप। बालिका द्वारा थाना मितौली में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार बालिका शोच क्रिया के लिए गांव के ही निकट खेत में गई हुई थी। घर वापस आते समय गांव का ही एक युवक बालिका को जबरन पड़कर गन्ने के खेत में घसीट ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। मितौली पुलिस द्वारा रिपोर्ट पंजीकृत न किए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की मांग की। किंतु मितौली पुलिस ने भुक्त

- पुलिस ने भुक्त भोगी बालिका की रिपोर्ट अब तक नहीं की दर्ज, दर-दर भटकने को हो रही मजबूर

भोगी बालिका की रिपोर्ट अब तक नहीं दर्ज की बालिका दर-दर भटक रही है। बताया जाता है कि उक्त युवक काफी दबंग एवं शातिर किस्म का व्यक्ति है। बताया जाता है सफेद पोस नेता भी अभियुक्त का संरक्षण कर रहे हैं जिससे बालिका दर-दर भटकने को मजबूर है । भुक्त भोगी बालिका ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से घटना की जांच कर रिपोर्ट पंजीकृत कराए जाने की मांग की है।

# आधारकार्ड बनाने का सेंटर खोले जाने की मांग

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन की अनदेखी कहें या बेलरायां व आसपास के दो दर्जन गांव के ग्रामीणों की बद,नसीबी कहें। आधार कार्ड बनवाने व संशोधन करवाने के लिए ग्रामीणों को अट्ठारह किलोमीटर दूर जाना पड़ता है जबकि बेलरायां में आधा दर्जन जनसेवा केंद्र होने के बाद भी किसी केंद्र व सरकारी संस्था को आधारकार्ड बनाने व संशोधन के लिए अधिग्रहित नहीं किया गया हैं। ग्रामीणों की मांग है कि किसी केंद्र को आधारकार्ड बनाने तथा संशोधन करने का प्राधिकार दिया जाय जिससे ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो सके।

बेलरायां व्यापार मंडल के अध्यक्ष तुषार लहरी की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए निघासन उपजिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि बेलरायां तथा आसपास के लगभग दो दर्जन गांवो के हजारों ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने या संशोधन कराने के लिए निघासन अठारह किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। निघासन जाने वाले ग्रामीणों ने बताया की निघासन में भीड़ की वजह से कई कई दिन जाने के बात कहीं उनका नंबर आता है जिससे लोग काफी आहत हैं जिस कारण उपजिलाधिकारी निघासन से मांग है कि बेलरायां में किसी एक जनसेवा केंद्र को आधारकार्ड व आधारकार्ड संशोधन के लिए प्राधिकार किया जाए जिससे ग्रामीणों को आधारकार्ड बनवाने तथा संशोधन कराने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस मौके पर व्यापारी गिरधारी अग्रवाल, उदय वर्मा,अजय वर्मा, चंद्रमोहन, जयशंकर पांडे, गुड्डन अग्रवाल, जमीर अहमद, कंचन वर्मा, कपिल वर्मा, मोहम्मद यामीन, आसिफ अंसारी, वेदप्रकाश जायसवाल, शिफाकत अली,राजू खान,स्पर्श वर्मा,कन्हैया अग्रवाल, रामचन्द्र कश्यप, अलीम अहमद सहित तमाम व्यापारी तथा कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



> इस संबंध में निघासन उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान होगा बहुत जल्द बेलरायां में आधारकार्ड बनवाने वा संशोधन सेंटर खोला जाएगा।

# तीसरे सोमवार को सड़कों पर उतरा कांवडियों का सैलाब



**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सावन माह के तीसरे सोमवार को अनुमानित संख्या से अधिक भक्तों कांवडियों की भीड से शहर की सडकों पर मानों भगवा सैलाब उतर आया। पौराणिक शिवालय सहित शहर के विभिन्न मार्गों पर स्थित मंदिरों व शिवालयों में घरो मुहल्लों के लोगों ने विधिवत भूतभावन भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। वहीं दूसरी ओर शहर के पौराणिक शिवालय में सोमवार को सुदूर क्षेत्रों से आए कांवडियों भक्तों सहित शहर के लोगों ने भी मंदिर पहुंचकर विधि विधान से दूध, गंगाजल, भांग, धतूरा, पुष्प, चावल व फलों से अभिषेक कर पूजन अर्चन किया। तथा पौराणिक तीर्थकुंड में डुबकी लगाकर स्नान ध्यान किया। सोमवार को भारी भीड के चलते शहर के पौराणिक शिवालय सहित विभिन्न मार्गों पर स्थित विख्यात मंदिर जिसमें खुटार रोड रामजानकी मंदिर, बाबा क्लेशहरण मंदिर, मां मंगलादेवी मंदिर, सब्जी मंडी के संकट मोचन हनुमान मंदिर, मिल परिसर में श्रीलक्ष्मीनारायन मंदिर, लखीमपुर रोड विकास चौराहा स्थित मां दुर्गा व शनि देव मंदिर,लाल्हापुर स्थित श्रीसांई मंदिरों में घरों मुहल्लों की महिलाओं ने विधिवत पूजन अर्चन किया।

### चहुओंर रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया तीर्थकुंड

पालिका प्रशासन व पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मंदिर परिसर के समीप स्थित पौराणिक तीर्थ कुंड को चहुओंर से रंग बिरंगी लाईटों से सजवाया। कुंड में स्वच्छ जल भरवाकर भक्तों कांवडियों के स्नान के लिए तैयार है। रात में रंग बिरंगी रोशनी से नहाया तीर्थकुड, शहर का सदर चौराहा भी रंग बिरंगी लाइटों से अद्भुत छटा बिखेरकर कर भक्तों कांवडियों व शहर के लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। देर रात पालिकाध्यक्ष ने पुलिस व बिजली विभाग के अधिकारियां के साथ बाइक से शहर में भ्रमण कर तमाम व्यवस्थाओं का जाएजा लिया। जहां कमियां मिलने पर तत्काल सही करने के निर्देश दिए।

### कांवडियों, भक्तों ने तीर्थ सरोबर मे लगाई डुबकी

मेले में आए भक्तां कांवडियो, श्रद्धालुओं ने पौराणिक शिवालय में दर्शन से पूर्व तीर्थ कुंड में स्नान ध्यान के साथ सूर्य देवता को तर्पण के बाद मंदिर में पूजन अर्चन किया। तीर्थकुंड में छपाक छपाक की आवाजो के साथ हर हर बम बम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। वहीं तमाम भक्तों ने मंदिर के किनारे बैठे पुरोहितों से कथा श्रवण व हवन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# इलाज के दौरान बालिका की मौत, डॉक्टर के गलत इलाज करने का आरोप

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के ब्लॉक पसगवॉ के गांव मुनफ्फरपुर निवासी एक मासूम बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई, परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है। मुनफ्फरपुर निवासी रिंकू पुत्र मेवाराम ने बताया है कि घटना 4 अगस्त 2024 की शाम लगभग 6:00 बजे की है मैं अपनी बीमार पुत्री कुमकुम उम्र 15 वर्ष की दवाई लेने गौतम मेडिकल स्टोर पसगवॉ चौराहे पर गया था जहां पर मेडिकल स्टोर संचालक नरेंद्र गौतम ने पुत्री को देख कर कहा कि इसके बोतल चढ़ेगी और यह बिल्कुल ठीक हो जाएगी। उसने आरोप लगाते हुए बताया है कि मेडिकल संचालक नरेंद्र गौतम ने अपने मेडिकल पर ही उसकी पुत्री को बोतल चढ़ाना शुरू कर दिया। उसने बताया है कि दूसरी बोतल और इंजेक्शन लगाते ही उसकी पुत्री की हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर बाद मेरी पुत्री की मौत हो गई। कुमकुम के शरीर में कोई हलचल न होने पर मेडिकल स्टोर संचालक ने घबराकर कहा कि इसे जल्दी से मोहम्मदी में दिखा लो। जिसके बाद मैं अपनी पुत्री कुमकुम को चार पहिया वाहन से मोहम्मदी ले जाने लगा सुखवसा गांव के पास मैंने जब उसकी नब्ज देखी तो उसकी नब्ज बंद थी और सांसें भी बंद हो चुकी थी मेरी पुत्री कुमकुम की मौत हो चुकी थी जिसे लेकर मैं घर आ गया।



> इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अश्वनी वर्मा से जानकारी लेने के लिए फोन लगाया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। पसगवॉ थाना प्रभारी दीपक राठौर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया है कि मुझे अभी तक इस प्रकरण में कोई भी लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### गौतम मेडिकल स्टोर को किया सीज

क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से जब तब मौते होती रहती हैं। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग इन पर मेहरबान बना हुआ है और कोई भी घटना होने के बाद खाना पूर्ति के तौर पर मामूली सी कार्यवाही कर दी जाती है। शनिवार को गौतम मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा गलत इलाज से एक बालिका फिर काल के गाल में समा गई। और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवॉ प्रभारी अश्वनी वर्मा द्वारा मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया गया। लोगों में चर्चा है कि अगर यही कार्यवाही पहले कर दी गई होती तो शायद एक और जान नहीं जाती।

### झोलाछाप डॉक्टर दे रहे एमबीबीएस की तरह इलाज

वैसे तो झोलाछाप डॉक्टर फोड़ा-फुंसी या सिर दर्द जैसी बीमारी का इलाज करने के लिए भी अधिकृत नहीं है। लेकिन गांव की ग्रामीणो को यह बड़ा डॉक्टर बताकर ठग रहे है और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह डॉक्टर मलेरिया, खांसी, सर्दी-जुकाम सहित कई बीमारियों का इलाज भी करते है। भोली भाली जनता से पैसा वसूलने के लिए यह डाक्टर मरीज को भर्ती करके ड्रिप चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने सहित घायलों को पट्टी करने और कई बार टांके लगाने तक के काम कर लेते है। फिल्हाल पीड़ित का कहना है कि वह थाने पर तहरीर दे चुका है।




# उच्च प्राथमिक विद्यालय लिधियाई मे रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न

**औरंगाबाद खीरी, समृद्धि न्यूज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय लिधियाई मे जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन मे खेल प्रशिक्षक संजीव पांडे के द्वारा 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत देवेंद्र ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव शुक्ल प्रधान प्रतिनिधि लिधियाई ने की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र/छात्रा उपस्थिति रहें।

# दूरबीन से अब मेडिकल कॉलेज में होगी घुटने व कंधे की सर्जरी

**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

लिगामेंट रिपेयरिंग के लिए अब लखनऊ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिला चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज में ही मरीज अब घुटने व कंधों की दूरबीन विधि से सर्जरी कर पाएंगे। मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आशुतोष वर्मा को आर्थ्रोस्कॉपी में फैलोशिप मिली है। उन्हें यह प्रमाण पत्र केजीएमयू के प्रोफ़ेसर और आर्थ्रोस्कॉपी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रेसीडेंट डॉ आशीष कुमार व सेक्रेटरी डॉ विनय पांडे द्वारा दी गई है।

असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज डॉ आशुतोष वर्मा ने बताया कि केजीएमयू लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेई हाल में आयोजित समारोह में उन्हें आर्थ्रोस्कॉपी फैलोशिप से नवाजा गया है। पहले दूरबीन विधि से लिगामेंट रिपेयरिंग के लिए मरीज को लखनऊ के चक्कर लगाने पड़ते थे, परंतु अब वह मेडिकल कॉलेज में ही इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने यह प्रशिक्षण मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली से प्राप्त किया है और रविवार को आर्थ्रोस्कॉपी कॉनक्लेव 2024 समारोह के दौरान उन्हें अर्थोस्कोपी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार व सचिव डॉ विनय पांडे द्वारा यह प्रमाण पत्र दिया गया है।

# एक दशक में ही अस्तित्व खो चुके आदर्श तालाब

- लोगों ने नहीं रखा लगाव, पहचान खो चुके आदर्श तालाब

**बिजुआ खीरी,समृद्धि न्यूज।**



जल संचयन के उद्देश्य से मनरेगा योजना और आदर्श जलाशय योजना के तहत लगभग एक दशक पूर्व में बनाए गए आदर्श तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया। तालाबों के किनारे पेड़ पौधे,जाली,तार लगाए गए। बेंच आदि की व्यवस्था की गई। ताकि लोग स्वच्छ वातावरण में रह सकें।वहीं तालाबों में पानी भरवाया गया ताकि पशुओं को पानी की दिक्कत न हो लेकिन बीते एक दशक में ही इन तालाबों का हाल बेहाल हो गया। जिन तालाबों में मनरेगा के तहत कभी लाखों रुपए खर्च किए गए थे आज उन्हीं तालाबों में जलकुंभी भरपूर खड़ी है। तार बेंच गेट आदि टूटे पड़े हैं। आदर्श तालाबों को आज कोई पूछने वाला नहीं है।

आदर्श तालाब योजना के तहत बनाए गए अधिकांश तालाबों पर आज अतिक्रमण हो चुका है। एक दशक पूर्व मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में खुदवाए गए आदर्श तालाब आज गुम हो चुके हैं। आदर्श तालाबों की स्थापना और उनके सौंदर्यीकरण की मुहिम न सिर्फ फाइलों में कैद हो गई है। बल्कि हालात यह है कि आदर्श तालाबों के रखरखाव में लोगों का लगाव नहीं रहा जिस कारण आज आदर्श तालाब अपनी पहचान खो चुके हैं। ग्रामीण इलाकों में सूख चुके तालाबों की हालत यह है कि कहीं बच्चों ने इन्हें खेल का मैदान बना लिया है तो कहीं तालाबों में झाड़ झंखाड उगे हैं। इन तालाबों में प्रशासन की ओर से पानी भरने का भी कोई इंतजाम नहीं किया गया है। वर्ष 2010-11 में जिले भर में तत्कालीन अधिकारियों ने लगभग सभी ग्राम पंचायतों में स्थलीय सत्यापन कर आदर्श तालाबों की स्थापना की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी थी।परंतु मौजूदा समय में आदर्श तालाबों की तस्वीर क्या है उनमें पानी है या नहीं रखरखाव के क्या इंतजाम हैं इन सब बिंदुओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। कागजी घोड़े दौड़ाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों ने तालाबों की खुदाई और सुंदरीकरण पर भले ही लाखों रुपये पानी की तरह बहाए हों। लेकिन तालाब मौजूदा समय में स्वयं प्यासे हैं। मानसून के समय बारिश की बूंदों को सहेजने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन तक तमाम प्रयास किए गए हैं। लेकिन कहीं न कहीं जिम्मेदारों के इन प्रयासों की विफलता और अनदेखी इन जलस्त्रोतों को अस्तित्व विहीन कर रही है।आदर्श तालाब योजना के तहत बनाए गए अधिकांश तालाबों पर आज अतिक्रमण हो चुका है।पेड़ों के रख रखाव और तालाब के संरक्षण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की थी लेकिन पंचायतों ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया। जिसके परिणाम स्वरूप आज आदर्श तालाब अपना अस्तित्व खो चुके हैं।

# बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया

**बांकेगंज खीरी,समृद्धि न्यूज।**



गोला पश्चिमी बीट के बलारपुर गांव में रविवार की शाम को बाघ ने हमला कर एक 12 वर्षीय बालिका को मार डाला था जिसके बाद गाँव में जब किसान यूनियन के नेता पहुँचे और उन्होंने लगातार वन्य जीवों के हमले को लेकर आक्रोश किया तब वन विभाग नींद से जागा और सोमवार को वन विभाग की टीम ने बाघ को पकड़ने के लिए खेतों में जाल व पिंजरा लगाया। बता दे बाघ के द्वारा क्षेत्र में यह घटना पहली नहीं है। इससे पहले भी कई बार हमले हुए और गाँव में कई पालतू जानवरों को भी बाघ ने मार दिया था लेकिन वन विभाग द्वारा अनदेखी ही की गयी।

रविवार को बलारपुर गांव में 12 वर्षीय जानकी देवी को बाघ ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। उस गांव के लोगों की फरियाद को लेकर पिछले एक वर्ष से अनदेखी करने वाला वन विभाग अब जागा । घटना की रात ही जब कुछ लोग मृतका जानकी के परिजनों को खाना देने जा रहे थे। उन्हें सड़क पर बाघ दिखाई दिया। जिससे व शोर मचाते हुए अपने घरों को लौट गए। सोमवार की सुबह बलारपुर गांव की ही जुगाड़िया उम्र लगभग बारह वर्ष पुत्री उत्तम कुमार जब अपने घर के बाहर बैठी मंजन कर रही थी तब अचानक बाघ उसके सामने आ गया। लड़की बाघ को देखकर तुरंत भाग कर अपने घर में घुस गई। और शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के आ जाने पर बाघ धीरे-धीरे चलता हुआ गन्ने के खेत में चला गया । जिसके बाद किसान नेताओं ने आन्दोलन की चेतावनी दे डाली जिसके बाद सोमवार को घटनास्थल पर पहुँचे डीएफओ व रेंजर ने बाघ को पकड़ने के लिए गन्ने के किनारे जाल तथा पिंजरा लगवाया। वहीं ग्रामीणों में दहशत का माहौल है उन्हें डर है कि किसी भी समय बाघ आ सकता है और घटना को अंजाम दे सकता है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की थीम पर सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**




जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव के निर्देश के क्रम में वन स्टॉप सेंटर द्वारा शहर लखीमपुर के बाजारों एवं धार्मिक स्थलो पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की थीम लिंग संवेदीकरण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

बताते चले कि कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवम महिला कल्याण योजना संबंधी पम्पलेट, वितरित किए गए है। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया , वन स्टाप सेन्टर के कर्मचारियों ने बताया कि बेटे और बेटियों में किसी प्रकार का भेद भाव नहीं करना चाहिए, आज समाज में बेटियां किसी भी फील्ड मे बेटों से कम नहीं हैं, बेटों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं हैंद्य बेटे तो एक घर का नाम रोशन करते हैं।

जबकि बेटियों से तो दो दो परिवारों का नाम रोशन होता है। अपमान मत करना नारियों का, इनके बल पर जग चलता है, पुरुष जन्म लेकर तो इन्हीं की गोद में पलता है। कार्यक्रम में काफी संख्या में किशोरी /महिलाएं आदि जनमानस सम्पर्क किया। , इसके अतिरिक्त 100 दिन का अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर लिंग संवेदीकरण सप्ताह 8 की थीम के अंतर्गत महीलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि 25000 के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098,181, 1090, 112, 102, 108, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई एवं दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा , बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया।

# जीजा ने साले की गर्दन पर हंसिया से हमला कर किया घायल, हालत नाजुक

**अमीरनगर खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव में रविवार शाम जीजा साले के बीच वाद विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोशित जीजा ने साले की गर्दन पर धारदार हंसिया से हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जीजा मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल साले को आनन-फानन में मोहम्मदी सीएचसी भेजा किन्तु हालत नाजुक होने के कारण उसे शाहजहांपुर बाद में दिल्ली रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस ने फरार आरोपी जीजा को शाहजहांपुर के तिलहर से पकड़ कर कोतवाली मोहम्मदी भेज दिया।

# कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश में आच्छादन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आच्छादन के आंकड़ों को प्रत्येक तीन दिन पर संकलित किया जाये। जिन फसलों की उत्पादकता राष्ट्रीय उत्पादकता से पीछे है, उन फसलों की कार्य-योजना बनाकर अगले 1 से 2 वर्षों के भीतर राष्ट्रीय स्तर की उत्पादकता प्राप्त की जाये। कृषि भवन में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने योजना अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि दलहन एवं तिलहन तथा मक्का पर विशेष बल दिया जाये। रबी की बुवाई हेतु किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता कराने हेतु अभी से तैयारी कर ली जाये। चना, मसूर एवं मक्का के बीज जो अधिक उत्पादकता वाले हैं तथा प्रदेश के लिये उपयुक्त भी हैं, उन्हीं प्रजातियों की माँग कर बीज उपलब्ध कराया जाये। बाजरे की फसल को भी बढ़ावा दिया जाना है। इस हेतु अभी से कार्य प्रारम्भ कर दिया जाये। इस दौरान मंत्री द्वारा कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा अनुभाग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि आच्छादन के आंकड़ों का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

## भूतनाथ के व्यापारियों ने एसीपी से भेंट कर बाजारों में गश्त बढ़ाने की उठाई मांग


**लखनऊ ।** भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार को एसीपी गाजीपुर अनिरुद्ध विक्रम सिंह से शिष्टाचार मुलाकता की। इस दौरान भूतनाथ मार्केट के व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया और बाजारों में पुलिस की गश्त बढ़ाए जाने की मांग की। व्यापारियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए एसीपी गाजीपुर ने शीघ्र ही भूतनाथ के व्यापारियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया। एसीपी से शिष्टाचार भेंट करने वाले पदाधिकारियों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार, लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव को भव्य रूप से मनाएगी सरकार

### काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ नौ अगस्त को, शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों व अमृत सरोवरों के तट पर होंगे वृहद कार्यक्रम

▶ प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार : जयवीर

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव को वर्षभर मनाने के लिए राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, गृह विभाग, वन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यटन एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग तथा समस्त जिलाधिकारियों, मण्डलायुक्तों विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।काकोरी ट्रेन एक्शन स्वतंत्रता इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है। एक्शन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राष्ट्रनायकों के जीवन आदर्शों से युवाओं को परिचित कराने के लिए राज्य एवं जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी बताया कि मुख्यमंत्री ने बैठक में आयोजन को गरिमामय ढंग से मनाने के विभागों को निर्देश दिए थे।प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ पूरे वर्ष मनायेगी। उन्होंने बताया कि शताब्दी महोत्सव की शुरूआत 09 अगस्त से होगी। इस अवसर पर शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के किनारे वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, किशोरों, युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम के घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों के संबंध में बुकलेट भी तैयार करायी जायेगी। प्रभात फेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को जनपद एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि विजेताओं को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के आयोजन के अवसर पर प्रथम पुरस्कार जनपद स्तर पर 10,000 रूपये राज्य स्तर पर 51,000 रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार जनपद स्तर पर 7500 रूपये तथा राज्य स्तर पर 21,000 रूपये दिया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### घर के बाहर बैठी महिला से छेड़छाड़, विरोध पर जानलेवा हमला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला सुरक्षा को लेकर बेहद सख्त रुख रखते है पर उनके इस मनसूबे पर राजधानी पुलिस पुरी तरह पानी फेरती नजर आती है ऐसा ही एक मामला राजधानी के बाजारखाला क्षेत्र में घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला संग वहां शराब पी रहे दबंगों ने छेड़छाड़ कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपीयों ने धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद उन पर पास पड़े कूलर से हमला बोल दिया। गंभीर घायल महिला का आरएलबी अस्पताल में उपचार किया गया है। पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। महिला की बेटी ने बाजारखाला थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने केस दर्ज कर लिया पर 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। जिससे स्थानीय नागरिकों में बाजारखाला पुलिस के प्रति आक्रोश दिखा। घटना के संबंध में जानकारी के लिए जब एसएचओ बाजारखाला के सीयूजी नम्बर पर फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### 16 छात्रों को मिला नैनलियू कंपनी में प्लेसमेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने रिक्रूटमेंट ड्राइव आयोजित किया। इसमें 16 छात्र-छात्राओं का ताइवान बेस्ड कंपनी नैनलियू ग्रुप में प्लेसमेंट हुआ। कंपनी ने चयनित छात्र-छात्राओं को प्रति वर्ष 3.49 लाख रुपये का पैकेज ऑफर किया है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि नैनलियू कंपनी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के आनंद उपाध्याय, निधिश त्रिपाठी, नवीन तिवारी, अभिषेक कुमार राय ,अभिषेक वर्मा एवं देवेश सिंह राजपूत और इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की सोनम मौर्या, उत्कर्ष मिश्रा, प्रशांत द्विवेदी, रमन प्रताप सिंह अभय चौरसिया को प्लेसमेंट मिला है। इसके अलावा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के पंकज कुमार, आयुष चौधरी, विवेक एवं आदर्श सिंह एवं सिविल इंजीनियरिंग विभाग की रचना तिवारी का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### कैंट में दुकान जली, फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार में स्थित सब्जी मंडी के पास दुकान में बीत रात अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। घटना में एक दुकान पूरी तरह से जल गई। घटना रात करीब साढ़े तीन बजे की है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। दुकान में रखा फर्नीचर सहित करीब 1 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग किन कारणों से लगी, यह अभी नहीं पता चल सका है।


### नाराज हुए कांवड़ यात्री, माल थाना क्षेत्र की पुलिस रही नदारद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी पर कांवड़ यात्रा के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। कांवड़ यात्रा के प्रमुख संजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रभारी निरीक्षक ने कांवड़ियों को पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान नहीं की। इसकी वजह से कांवड़ियों को करीब 9 किलोमीटर तक बिना पुलिस व्यवस्था के ही कांवड़ यात्रा करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक, सैदापुर चौराहा पहुंचने पर कांवड़ियों ने प्रभारी निरीक्षक के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। उन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कांवड़ियों ने कहा कि बिना पुलिस फोर्स के साथ 9 किलोमीटर से अधिक चलना पड़ा, यह उनकी सुरक्षा के लिए खतरनाक था।

### इटौंजा इलाके में ट्रेन से कटी 12 बकरियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के इटौंजा थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक दर्जन बकरियों की कटकर मौत हो गई है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे यह घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सीतापुर की तरफसे आ रही ट्रेन की चपेट में यह बकरियां आ गईं। बकरी मालिक इन्हें चराने जा रहा था, तभी ट्रेन आ गई और यह हादसा हो गया। बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा इलाके में अर्जुनपुर गांव निवासी अर्जुन बकरी को चराने के लिए निकला था। तभी उसकी एक दर्जन बकरियों का झुंड चरते-चरते ट्रेन की पटरी पर पहुंच गईं। उसी समय ट्रेन आ गई, जिससे यह हादसा हो गया। अर्जुन ने बताया कि लगभग पचास से साठ हजार रुपए का नुकसान हुआ है। किसान बकरी पालन का काम करता है और इसी से उनके परिवार का खर्च चलता है। पीड़ित किसान ने सरकार से बकरी के नुकसान को लेकर मदद की गुहार लगाई है।

### नीरजा के भजनों और अर्चना की कविताओं ने मंत्र मुग्ध किया



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था पंख एक पहल फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में उपमन्यू पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चल रहे अवध के राम कार्यक्रम के आज तीसरे दिन नीरजा श्रीवास्तव के भजनों और अर्चना की कविताओं ने मंत्र मुग्ध किया। संगीत से सजे कार्यक्रम का आरम्भ नीरजा श्रीवास्तव ने अपनी सुमधुर आवाज में पहले मैं तुमको मनाऊं गौरी के लाला भजन से कर श्रोताओं को भगवान गणेश जी की भक्ति के सागर में आकंठ डुबोया। विघ्न विनाशक के चरणों में समर्पित इस प्रस्तुति के उपरांत नीरजा ने अपनी मखमली आवाज में ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया, भोले एक बार हम पे भी नजरिया डालो, अरे रामा अवध धाम अति प्यारा कहे जग सारा रे हारी जैसे अन्य भजनों की रस सरिता प्रवाहित की। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस पेशकश के बाद अर्चना श्रीवास्तव ने अपनी खनकती हुई आवाज में भक्ति के साथ ओजस्वी कविताओं को सुना कर श्रोताओं की असंख्य तालियां बटोरी। अर्घ्य चित्रांश ने भी भक्ति गीतों की सुखद प्रस्तुतियां दीं। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि देवेन्द्र मोहन ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

### आयोग की भर्ती लापता पोस्टर लेकर पिकप भवन पहुंचे युवा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** यूपी एसएससी टेक्निकल भर्ती रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिकप भवन पहुंचे। यहां श्भर्ती लापताश् का पोस्टर लेकर धरना प्रदर्शन किया। आयोग के सचिव से भी मिले और जल्द रिजल्ट जारी करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे बाबूराम गुप्ता का कहना है कि यूपी एसएससी के श्रू कंबाइंड टेक्निकल की भर्ती 2016 में आई थी। मार्च 2023 में परीक्षा हुई। मार्च 2024 में रिजल्ट आना था। डॉक्यूमेंटेशन अप्रैल में हुआ, लेकिन अभी तक नहीं जारी किया गया। मुख्यमंत्री के जनता दरबार गए। यूपी एसएससी के सचिव से मिले। हर जगह सिर्फआश्वासन मिला। आज भी रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया गया है। हाथ जोड़कर सचिव और अध्यक्ष से निवेदन है कि हमारे बेरोजगारी के दर्द को समझा जाए। हम मानसिक प्रताड़ना के दौर से गुजर रहे हैं। अब घर वाले भी खर्च देने को तैयार नहीं हैं। होम ट्यूशन पढ़ाकर किसी तरह से खर्च निकालना पड़ रहा है। नितेश उपाध्याय का कहना है कि 2016 की सबसे पुरानी और लंबित भर्ती है।

### सीएम आवास पर कोर कमेटी की बैठक, कई मंत्री पहुंचे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सीएम आवास पर बैठक चल रही है। सोमवार शाम करीब 6:15 बजे बैठक में शामिल होने के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री सुनील शर्मा, अनिल कुमार समेत कई मंत्री सीएम आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री की ओर से बुलाई गई टीम 30 और बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक एक साथ हो रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि आज मुख्यमंत्री कि टीम 30 इन 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की ग्राउंड रिपोर्ट पेश करेगी।

# जन समस्याओं का शीघ्रता से करें समाधान

▶ जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों से कहा कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जनता की हर समस्या का निराकरण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी। जिन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किन्हीं कारणों से नहीं मिल पाया है उन्हें इसके दायरे में लाया जाएगा। जनता दर्शन में मुस्लिम समाज की भी कई महिलाएं भी पहुंची थीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाए। हर बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह ध्यान दें कि कोई भी गरीबों की जमीन, संपत्ति पर कब्जा न करने पाए। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### हर व्यक्ति की समस्या का किया जाएगा निदान : केशव

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय। समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न,भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्रवाई की जाय। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय-7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होने जनसुनवाई के दौरान। हर व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना। समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

# नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों का यूपीएसआरटीसी पर प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रोडवेज में सेवा से निकाले गए संविदा कर्मचारियों ने सोमवार को यूपीएसआरटीसी मुख्यालय का घेराव किया। कर्मचारियों का आरोप है कि बिना जांच किए ही उन्हें गलत ढंग से सेवा से निकाल दिया गया। कर्मचारी दोबारा से नौकरी बहाल करने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश में करीब 600 कर्मचारी सेवा बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश संविदा रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमेंद्र मिश्रा का कहना है कि सिर्फ आरोप लगाकर संविदा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। कर्मचारियों को सीधे नौकरी से बर्खास्त होने की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोई नोटिस भी नहीं दी गई। दावा है कि संविदा कर्मचारियों पर आरोप लगते ही उन्हें सेवा से निकाल दिया जाता है। वहीं, रेगुलर कर्मचारी पर आरोप लगने पर एआरएम से लेकर एमडी तक मामले की जांच करते हैं। इसके बाद ही कोई कार्रवाई की जाती है। संविदा कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यूपीएसआरटीसी को संविदा कर्मचारियों की सेवा फिर से बहाल करनी चाहिए। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर का कहना है कि साल 2012 में परिवहन निगम के कर्मचारी मुख्यालय पर नियमित करने की मांग को लेकर इकट्ठा हुए थे। इससे तत्कालीन सपा सरकार नाराज हो गई। इसके बाद कर्मचारियों पर आरोप लगाकर धीरे-धीरे उन्हें सेवा से निकाल दिया गया। जिसके चलते कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 12 साल बाद भी कर्मचारियों की बहाली नहीं की गई है। धरना देने पहुंचे अंसार अहमद ने कहा कि 2012- 2013 में एआरएम ने 48 कंडक्टर को बिना जांच किए नौकरी से बर्खास्त करा दिया। आरोप है कि मामले की ढंग से जांच भी नहीं की गई, इसके चलते परेशानी हो रही। उन्होंने कहा कि जबरन कर्मचारियों के निकाले जाने के चलते करीब 600 संविदा कर्मचारी परेशान हैं। वहीं, यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों का कहना है कि बिना टिकट के बस में यात्रा कराते हुए ये कंडक्टर मिले थे, जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

# डीएम लखनऊ ने राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक की

▶ सभी एसडीएम, एडीएम, तहसीलदार कार्यालय में पांच घंटे बैठें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रट सभागार में की। इस बैठक में सभी एसडीएम, एडीएम, तहसीलदार मौजूद रहे। डीएम लखनऊ ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा पांच से छह घंटे सभी अपने कार्यालय में समय दें। एक साल लंबित मामलों की सुनवाई अगले 15 दिनों में डेट बाई डेट लगाकर सुनवाई करके पूरी करें।

डीएम ने कहा वकीलों के लिए तहसीलों से नकल निकालने, नक्शे की फोटो कापी कराने की व्यवस्था रखी जाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस व मुख्यमंत्री पोटल के ऑनलाइन प्रकरणों की समीक्षा से की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस प्रकरणों के सभी निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो। निस्तारण करते समय यदि आवश्यकता हो तो अपर जिलाधिकारियों से निस्तारण के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस के प्रकरणों के सम्बंध में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नही किया जाएगा। आईजीआरएस के प्रकरणों में यदि कोई भी अनियमितता पाई जाती है तो कार्यवाही निश्चित है। समाधान दिवस के प्रकरणों को समय से निस्तारण किया जाए। कोई भी प्रकरण समय सीमा के बाहर नहीं जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने विद्युत देय और आईजीआरएस की आर सी की भी समीक्षा की गई। समीक्षा ननिर्देश दिए गए की हर तहसील के टाप 10 बाकीदारो और रेरा के बाकीदारों को आज ही नोटिस जारी किया जाए की यदि उनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया तो उनके कार्यालयों को सीज करने की कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की प्रतिमाह बाकीदारों की समरी बनाकर प्रतिदिन भुगतान के लिए रिमाइंडर भेजे जाए और वसूली करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्टाम्प आरसी की वसूली की भी समीक्षा की गई। स्टाम्प आरसी की वसूली के संबंध में निर्देश दिए गए की जिस प्रापर्टी पर स्टाम्प कमी का वाद दाखिल हुआ है तत्काल उस प्रापर्टी को अटैच कर लिया जाए ताकि उस प्रापर्टी का विक्रय न किया जा सकें।

### अयोध्या रेप पीड़िता लखनऊ पहुंची, क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रेप पीड़िता की तबीयत खराब होने पर उसे अयोध्या जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पीड़िता को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सोमवार को लखनऊ के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता दोपहर बाद तीन-चार बजे के बीच एम्बुलेंस से डॉक्टरों की निगरानी में लखनऊ पहुंची। उसके साथ उसकी मां भी थी। बताया जा रहा है कि पीड़िता की तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल में संसाधनों के अभाव की वजह से उसे लखनऊ रेफर किया गया है। इससे पहले अयोध्या में नाबालिग बच्ची के बलात्कार मामले में आरोपी मोईद खान के बेकरी पर जिला प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया था। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आरोपी की बेकरी पर छापा मारा और सारा सामान जब्त कर जांच के लिए भेज दिया। बेकरी को सील कर दिया गया है। गौरतलब है कि महिला सुरक्षा को लेकर यूपी की योगी सरकार गंभीर है। योगी आदित्यनाथ ने बच्ची के साथ बलात्कार के मुख्य आरोपी समाजवादी पार्टी नेता मोईद खान का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया था। उन्होंने उसे पार्टी से नहीं निकाले जाने पर समाजवादी पार्टी पर हमला किया।

### कोर्ट परिसर में देशी तमंचे के साथ युवक पकड़ा गया

**लखनऊ।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर को कोर्ट परिसर में देशी तमंचे के साथ युवक पकड़ा गया। वकीलों ने आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया है। इस मामले में एक अधिवक्ता ने बताया कि आरोपित उसे मारने के इरादे से यहां पर आया था।

थाना प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मोहन रोड निवासी अमान खान को न्यायालय के गेट नम्बर तीन से पकड़ा गया है। उसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ है। इस मामले में अधिवक्ता सुहैल और फराह की ओर से दी गई तहरीर पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अधिवक्ता का आरोप है कि अमान खान उसे मारने के इरादे से यहां आया था, तभी अधिवक्ताओं ने उसे पकड़ लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




सावन के तीसरे सोमवार सीएम योगी ने मानसरोवर मंदिर में किया रुद्राभिषेक

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज केस लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भाजपा सांसद औरपूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जाति पूछने संबंधी बयान पर सुलतानपुर तथा पीलीभीत के कांग्रेसजनों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से किए गये विरोध प्रदर्शन के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेसजनों पर मिथ्या आरोपों में फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है जो कि निहायती दुर्भाग्यपूर्ण तथा लोकतांत्रिक के मूल्यों के खिलाफहै।



घटना का संज्ञान लेते हुए आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, विश्वविजय सिंह, प्रदेश महासचिव संगठन प्रभारी अनिल यादव, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार तथा जनपद पीलीभीत के अध्यक्ष हरप्रीत पाल छब्बा ने प्रमुख सचिव गृह के कार्यालय पर मुलाकात कर घटना पर उनका ध्यान आकर्षित कराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रमुख सचिव गृह को बताया कि पीलीभीत में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसजनों को गिरफ्तार किया गया था परन्तु स्थानीय राजनीतिक दबाव के कारण थाना कोतवाली पीलीभीत पुलिस द्वारा अन्तर्गत फर्जी तथ्यों के आधार पर अंकित कराई जिसमें पीलीभीत के कांग्रेस पदाधिकारियों को नामजद किया गया तथा मार्ग अवरूद्ध कर आगजनी का प्रयास करने का फर्जी आरोप लगाया गया।

समीक्षा


**ईयर टैंगिंग कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की**

# पशुधन की सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन कार्य में लाएं तेजी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि पशुधन की संक्रामक रोगों से सुरक्षा हेतु वैक्सीनेशन कार्य निरन्तर किया जाए और ईयर टैंगिंग कार्य में तेजी लाई जाए तथा पशुधन पोर्टल पर अपलोड भी किया जाए। ईयर टैंगिंग कार्यो में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

अधिकारी वर्षाकाल के दृष्टिगत निराश्रित गोवंश हेतु गोआश्रय स्थलों का पर्याप्त चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निराश्रित



गोवंश को वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता हेतु 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में चारा बुआई का कार्य अभियान के रूप में 15 अगस्त तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाए।धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थल तक पहुंचाने, बरसात से बचाव हेतु गोशालाओं की समुचित व्यवस्था, ईयर टैगिंग कार्य, पशुधन बीमा तथा हरा चारा बुआई के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि जनपदों में उपलब्ध कब्जामुक्त,गोचर भूमि पर अन्य चारा बीज की तत्काल बुआई कराकर शत-प्रतिशत हरा चारा आच्छादन का लक्ष्य ससमय पूर्ण किया जाए। सड़कों तथा ग्रामों में विचरण कर रहे गोवंश को प्राथमिकता के आधार पर संरक्षित कराया जाए और पशुधन को संचारी रोग से बचाव हेतु व्यापक प्रबंधन किया जाए तथा वैक्सीन औषधियों की कोई कमी न होने पाए।

पशुधन मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी जनपदों में भूसा, हराचारा, दाना, पानी, प्रकाश, वैक्सीन, औषधि आदि की उपलब्धता का प्रभावी अनुश्रवण एवं निरीक्षण कर सत्यापित कराया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनपदों में जाकर गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण करें और वहां आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने कहा कि जनपदों में जहां कहीं कोई भी समस्या आये तो उसके संबंध में तत्काल मुख्यालय को अवगत कराया जाए। निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इन कार्यो में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव रवीन्द्र ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरा चारा बुआई का कार्य निर्धारित अवधि के अंदर पूरा किया जाए। लक्ष्य प्राप्त न करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों द्वारा वर्षाकाल के दृष्टिगत पशुधन की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी गोसंरक्षण कार्यो को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से लें। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, पशुपालन विभाग के निदेशक डा0 पी0एन0 सिंह, अपर निदेशक डा0 अरविन्द कुमार सिंह, अपर निदेशक डा0 जयकेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मंडल के अफसरों के साथ सीएम ने की बैठक

- जिले के पत्रकारों से एक बार फिर नहीं मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मीडिया में रोष

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर गोंडा पहुंचे।जहां 50 मिनट की देरी से योगी आदित्यनाथ का हेलिकॉप्टर गोंडा के पुलिस लाइन में लैंड किया है।जहां से वह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सर्किट हाउस पहुंचे।वहां पर बैठक की इसके बाद सीएम योगी कलेक्ट्रेट पहुंचे।जहां पर सीएम मंडलीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की।सीएम योगी से मिलने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं को वापस किए जाने से वे नाराज हो गए।भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।सर्किट हाउस में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सदर विधानसभा से भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह,मनकापुर से भाजपा विधायक रमापति शास्त्री,गौरा से भाजपा विधायक प्रभात कुमार वर्मा, करनैलगंज से भाजपा विधायक अजय कुमार सिंह, तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडेय, मेहनौन से भाजपा विधायक विनय कुमार द्विवेदी से मुलाकात की।

**मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षणः-** सीएम योगी आदित्यनाथ जिले के निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल्द से जल्द कार्य पुर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं कार्यदायी संस्था के 281 के सापेक्ष 264 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। जबकि 230 करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था ने खर्च किया है। इस तरह से मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो गया। जबकि हास्पिटल स्तर पर काम चल रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ गोंडा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं।



### डीएम-एसपी ने सारे कार्यकर्ताओं को किया बाहर

बीजेपी महामंत्री सोनी सिंह ने कहा- भाजपा कार्यकर्ताओं का अपमान किया गया है। यहां के जिला प्रशासन द्वारा इसकी हम घोर निंदा करते हैं। हमारा अपमान करने के हजार जिला प्रशासन के लोग नहीं है। भाजपा किसान मोर्चा की जिला अध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने कहा- जिला स्तरीय पदाधिकारी को सीएम योगी से मिलने से मना कर दिया गया है। गोंडा डीएम और एसपी ने सारे कार्यकर्ताओं को बाहर कर दिया है।

### सीएम योगी ने कानून व्यवस्था को लेकर की बैठक

इसके बाद सीएम योगी ने कलेक्टेट पहुंचे क्लेक्ट्रेट सभागार में सीएम योगी मंडलीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्य और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे हैं। समीक्षा बैठक में कमिश्नर देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील,डीआईजी देवी पाटन रेंज अमरेंद्र प्रसाद सिंह, एडीजी गोरखपुर रेंज, गोंडा, डीएम,एसपी सीडीओ मौजूद रहे। ये सांसद और विधायक भी रहे शामिल करण भूषण सिंह सांसद कैसरगंज, डॉ. अक्षयबैर लाल गौड़ पूर्व सांसद बहराइच, प्रतीक भूषण सिंह सदर विधायक गोंडा, विनय द्विवेदी विधायक मेहनौन, बावन सिंह विधायक कटरा बाजार, प्रेम नारायण पांडेय विधायक तरबगंज, अजय कुमार सिंह विधायक तरबगंज, रमापति शास्त्री विधायक मनकापुर, प्रभात वर्मा विधायक गौरा, राम प्रताप वर्मा विधायक उतरौला, पलटू राम विधायक बलरामपुर, कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर, अनुपमा जायसवाल विधायक बहराइच, प्रज्ञा त्रिपाठी एमएलसी बहराइच, अवधेश सिंह एमएलसी गोंडा, राम फेरन पांडेय विधायक श्रावस्ती, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा श्रावस्ती, सुरेश्वर सिंह महसी विधायक बहराइच, गोंडा जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, बलरामपुर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी उपस्थित रहे।

### सीएम के कार्यक्रम में जाने से रोकने पर भाजपाइयों का प्रदर्शन

सीएम योगी आदित्यनाथ से सर्किट हाउस में मुलाकात करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी संगठन के कार्यकर्ताओं, बीजेपी ब्लॉक प्रमुख और नगर पंचायत अध्यक्षों को वापस कर दिया गया है। गोंडा जिला प्रशासन द्वारा सभी लोगों को वापस करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने से मना कर दिया गया है। सीएम योगी से मिलने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं को वापस किए जाने से नाराज होकर भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। सर्किट हाउस के सामने सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश राय चंदानी, सोनी सिंह समेत कई पदाधिकारी धरने में शामिल रहे। धरने पर बैठे भाजपा नेताओं को विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी व करनैलगंज विधायक अजय सिंह मनाने की कोशिश की।



### लायंस क्लब गोंडा सेवा ने किया 20 यूनिट रक्तदान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** रक्तदान महादान अभियान के तहत पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा एसपीएम हॉस्पिटल ब्लड बैंक में 20 यूनिट रक्तदान किया गया। बताते चलें कि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा वर्ष में अनेकों सामाजिक कार्य किया जाता है, जैसे बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों की मदद करना, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं उनका निशुल्क जांच एवं परामर्श माने जाने चिकित्सकों द्वारा कराना, चिलचिलाती गर्मी में प्यासों को पानी पिलाना, चिकित्सालय में जाकर मरीज के तीमारदारों को भोजन कराना, पर्यावरण को दुरुस्त रखने के लिए वृक्षारोपण करना आदि बहुत से सामाजिक हित में निरंतर क्लब द्वारा सेवा कार्य किया जाता रहा है। अभी हाल में झिलाही रेलवे स्टेशन के पास हुई रेल दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा रक्तदान करते हुए उन्हें जलपान भी कराया गया था। इस अवसर पर कैंप मे ला. डा. मृणाल पाण्डेय, ला. डा. के के मिश्रा, ला. राजकुमार जायसवाल, ला. चंद्रकेश मिश्रा, ला. अरुण मेल्होत्रा, ला. अजय मित्तल, ला. बसंत नेवटिया, ला. देवेंद्र जायसवाल, ला. दीपक गुप्ता सहित विवेक, सनी एवं अन्य समाज सेवी लोगों ने इस सेवाकार्य मे सहभागिता की।

# प्रभात कुमार के रेंजर पद की कमान संभालते ही वन माफियाओं पर कसा शिकंजा, तीन पर मुकदमा दर्ज

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा जनपद का टिकरी रेंज वन कटान को लेकर आये दिन विवादों के घेरे में रहा है और हाल ही लखनऊ मंडी में टिकरी जंगल से काटी गई लकड़ी परामद होने और टिकरी रेंज के रेंजर विनोद कुमार नायक की संलिप्तता संदिग्ध प्रतीत होने पर रेंजर विनोद कुमार नायक को निलंबित कर दिया गया है।

वही टिकरी रेंज पर प्रभात कुमार चौरसिया रेंजर पद की कमान संभालते ही बन माफियाओं पर कार्रवाई तेज हो गई है प्रभात कुमार चौरसिया द्वारा पद संभालते ही



बग्घरवा बीट में जंगल की लकड़ी को काटकर झाड़ियां में छुपा कर रखने की सूचना मिलते ही गांव के किनारे झाड़ी से 12 बोंटा जंगली लकड़ी बरामद कर (1) राकेश पुत्र पाटन दीन भारती निवासी ग्राम नारायणपुर ग्रांट पोस्ट लामती उकरहवा थाना मनकापुर (2) विष्णु पुत्र कामता चौहान ग्राम महुअरिया बुटहनी पोस्ट लमती उकरहवा (3) शंकु पुत्र उजागर ग्राम महुआरिया बुटहनी पोस्ट लामती उकरहवा तीन लोगों के बीएनएस की धाराएं एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 के अंतर्गत मनकापुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। कमान संभालने के पहले ही दिन अधिकारियों की कार्यवाही से वन माफिया के अंदर दहशत व्याप्त हो चुका है।

# हजरत शाह महबूब मीना शाह की तारीखे विसाल पर जश्ने फैजाने मुर्शिद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सज्जादानशीन हज़रत शाह जमाल मीना साहब की सरपरस्ती में मनाया गया। इस मौक़े पर दो अहम प्रोग्राम हुए जिसमें पहला प्रोग्राम आल इंडिया मुक़ाबला किरात और दूसरा प्रोग्राम मुसाबका खिताब (भाषण प्रतियोगिता) जिसमें पूरे हिन्दुस्तान से सैकड़ों प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना अडियो क्लिप भेज कर हिस्सा लिया उनमें से 20 मेधावियों को चुना गया।

मुक़ाबला किरात में कारी गुफरान अहमद जिला सन्त कबीरनगर ने प्रथम, कारी मो0 रय्यान सम्भल ने द्वितीय और कारी अबू शहमा बाराबंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं भाषण प्रतियोगिता में मौलवी मो0 रहमत मधूबनी ,बिहार ने प्रथम, मौलवी मो0 बिलाल सुजागंज अयोध्या ने द्वितीय और मो0 आमिर खान दरभंगा बिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इनके अलावा अब्दुल हसीब बस्ती, मो0 जावेद जम्मू कश्मीर, मो0 शाहिद सरवर सूरत गुजरात, मो खतीब खान हल्द्वानी उत्तराखंड, उवैस करनी, मुस्ताक अंसारी झारखण्ड, नूर मोहम्मद मुरादाबाद, सबाहत हुसैन बिहार और सलमान रज़ा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। दरबारे आलिया मीनाइया की तरफ से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51000 द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 25000 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11000 के नगद पुरस्कार के साथ ट्राफी, प्रमाण पत्र, बैग एवं पुस्तकें आदि भेंट किये गये



साथ ही मीनाई इस्लामिक क्विज़ कंपटीशन मे विजयी प्रतिभागी मो उजैर को 21000, मो अनस को 15000 एवं मो नूर सुल्तान को 11000 का नगद इनाम के साथ-साथ मोमेन्टो, प्रमाण पत्र दिया एवं मो0 शाहिद, सरफराज खान, सनाबिल रज़ा आदि को सात्वना पुरस्कार के रूप में 2100 रूपये के अलावा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दिन में कुल शरीफ की महफिल हुई जिसमें अकीदतमंदो ने खिराजे अकीदत पेश किया दुआख्वानी हुई जिसमें मुल्क की तरक्की, खुशहाली, एवं बीमारियों से छुटकारा की दुआ हुई। रात्रि के जल्से में हिंदुस्तान के मशहूर आलिमे दीन मुफ्ती शहरयार साहब ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा जी ने इल्म नूर है इसी मिशन के लिए अपनी जिंदगी वक्फ कर दी और अपने मुर्शीद के बताये मार्ग पर अडिग रहते हुए बड़े-बड़े कारनामे जमीन पर छोड़े जो सदियों तक मुल्क और क़ौम को खुशहाली और तरक्की देते रहेंगे। इनके अलावा मौलाना मुज़क्कीर हुसैन साहब ने लोगों को बाबा जी के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर क़ारी निसार, डॉ लायक अली, मौलाना सैय्यद शहजाद, बाबा फकीर मोहम्मद, वली मोहम्मद, बजरंगी बाबू, राजेंद्र मिश्रा, असित श्रीवास्तव, विभूति मणि त्रिपाठी, तबरेज़ आलम मीनाई, एहसान मीनाई, रफ़ीक़ आलम मीनाई एवं नूर अली समेत बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### उपडाकघर बड़गाँव में बिजली गुल, काम काज ठप्प


**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को बिजली गुल हो जाने के कारण उप डाक्हार बड़गाँव में सारा काम-काज ठप्प रहा। इस दौरान जमा. निकासी आधार अपडेट, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट पत्र जैसे महत्वपूर्ण कार्य पर ग्रहण लग गया। पोस्ट मैनो का चिट्ठी-पत्री वितरण कार्य भी बाधित रहा। गौरतलब हो कि इस डाकघर में पावर जनरेटर लगा हुआ था लेकिन एक दशक पूर्व उसको अन्य डाकघर में लगा दिया गया। तब से आजतक इस डाकघर में जनरेटर सुविधा उपलब्ध नहीं हो पायी और एक अदद जनरेटर के लिए डाकघर तरसता रहा। जमा निकासी, आधार अपडेट, रजिस्ट्री ,स्पीड पोस्ट के लिए आये ग्राहकों को परेशानियों के बीच वापस लौटना पड़ा।

### श्री रंकेश्वर नाथ महादेव स्थान पर उमड़े श्रद्धालु



**सादुल्लानगर /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** सावन मास के तृतीय सोमवार को रंकीबदलपुर पोस्ट गोलहीपुर स्थित श्री रंकेश्वरनाथ महादेव के स्थान पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रावण मास के तृतीय सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र व भांग धतूरा के साथ जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। शिवलिंग पर पहले जलाभिषेक करने की श्रद्धालुओं में होड़ रही। शिव स्थल पर शिव कीर्तन व भजन किया गया।वातावरण मे चारो तरफ हर हर महादेव,बोल बम व ओम नमः शिवाय की गूंज रही।क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि यह स्थान कई दशक पुराना है। इस अवसर पर रामेंद्र यादव ,मुकेश कुमार,रंजीत यादव,लाल बाबू भारती, गुड्डू, श्यामसुंदर साहू ,अनिल यादव ,अमन वर्मा, संतोष सोनी (RCM), मोलहू प्रसाद यादव ,वीरेंद्र यादव, रामनिवास,सुंदर यादव,सोहन लाल यादव,बाबूराम यादव,श्यामू मौर्या, रामू मौर्या,पप्पू यादव, राजकुमार यादव ,रतिराम, राहुल चौहान,रवि चौहान,सुजीत प्रजापति,अजय जायसवाल सहित सैकड़ो शिव भक्त उपस्थित रहे।। इसी क्रम में सादुल्लानगर स्थित श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर ,शिव मंदिर अहरौला, नयेनगर आदि शिवालयो पर भी जलाभिषेक किया गया।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहम्मद नगर ग्रिन्ट मार्ग खराब, बच्चो का पठन-पाठन बाधित



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** छह करोड़ की लागत से बना राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहम्मद नगर ग्रिन्ट के छात्रों को कच्चे रास्ते से होकर बामुश्किल विधालय पहुंचना पड़ता है। इस विद्यालय में आने जाने का कोई अन्य रास्ता नही है। शासन के निर्देश पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहम्मद नगर ग्रिन्ट में शैक्षिक सत्र दो वर्ष पहले शुरू हुआ। इस विधालय में तकनीकी शिक्षा का प्रशिक्षण पाने के लिए पांच सौ छात्र आते हैं। उतरौला रेहरा बाजार के मुख्य मार्ग से एक किमी दूर स्थित इस विधालय में आने जाने के लिए कोई पक्की सड़क अथवा खड़ंजा मार्ग नहीं बना है। छात्रों को आने जाने के लिए कच्चा मार्ग के साथ पानी भी रास्ते में भरा रहता है। विभागीय अधिकारियों के साथ राज्स्व व विकास विभाग के अधिकारियों के दौरे के बाद पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका। विधालय के अध्यापकों ने विगत दो वर्ष पहले तत्कालीन जिलाधिकारी को? ज्ञापन देकर सड़क निर्माण की मांग की थी लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। अध्यापकों ने विधायक राम प्रताप वर्मा को विगत वर्ष ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया था । उसके बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। दूर दराज से आए छात्र छात्राएं इस कच्ची रास्ते में घुसकर विधालय को आती जाती है।

# वाह... अद्भुत हैं हमारे राम लला

## श्रमिकों की बेटियों ने अयोध्या का भ्रमण कर किया राम लला का दर्शन, छात्राएं हुईं खुश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के बालिका विहान आवासीय विद्यालय की छात्राओं को टूर के तहत अयोध्या का भ्रमण करवाया गया। सभी ने मंदिर में विराजमान प्रभु राम के मंदिर और राम लला की मूर्ति देखकर काफी खुश हुईं। शहर के हुजूरपुर रोड पर समजशास्त्र विभाग की ओर से बालिका विहान आवासीय विद्यालय का संचालन होता है। जिसमें श्रमिकों की सैकड़ों बेटियां निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करती हैं।

विद्यालय की वार्डेन प्रिया प्रसाद ने बताया कि हरिशंकर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सभी को अयोध्या भ्रमण के लिए रविवार को ले जाया



गया। संदीप मित्तल की देखरेख में सभी सुबह चार बजे अयोध्या के लिए बस और छोटे वाहनों से रवाना हुईं। सुबह नौ बजे अयोध्या पहुंच गए। छात्राओं के साथ शिक्षकों के दल ने अयोध्या भ्रमण किया। इसके बाद मंदिर जाकर भगवान राम के बाल्य रूप राम लला के दर्शन किए। इसके बाद सभी ने सरयू में स्नान किया। फिर लता मंगेशकर चौक, हनुमान गढ़ी समेत अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। वापस आईं छात्राओं ने भगवान राम की मूर्ति के बारे में बखान किया। सभी ने कहा कि हमारे अराध्य काफी अदबुध हैं। इस टीम में वार्डन प्रिया प्रसाद, रूमन देवी, प्रियंका श्रीवास्तव, संजीव कुमार, मंगलेश, चेतराम, शकुंतला, रामावती समेत अन्य लोग छात्राओं की सुरक्षा के लिए मौजूद रहे।

### पानी में डूबने से किशोर की मौत, परिजनों में कोहराम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्राम पंचायत के मजरा मक्कापुरवा निवासी अनिल कुमार (17) पुत्र गंगाराम चौराहे पर रविवार शाम को समान की खरीददारी के लिए गया था। दैनिक उपयोग का सामान लेने के बाद वह सात बजे वापस अपने घर आ रहा था। तभी गुजरातीपुरवा गांव के पास पुलिया के रैंप से गुजर रहा था। अंधेरा होने के चलते उसका पैर फिसल गया और किशोर पानी में डूब गया। उसकी पानी में डूबकर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रात में शव बाहर निकलवाया।इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष एसके सिंह ने बताया कि शव बरामद कर लिया गया गया है। मौके पर ग्राम वारिस अली और लेखपाल प्रदीप कुमार ने भी जायजा लिया। परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया। किशोर की मौत से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

# 15 दिन से अंधेरे में गांव वासी

- अवर अभियंता नहीं उठा रहे फोन, ग्रामीण परेशान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के असवा गांव में 15 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। अधिक भार के चलते ट्रांसफर्मर जल गया था। इसकी शिकायत गांव के लोगों ने क्षेत्रीय लाइन मैन से की। समाधान न मिलने पर अवर अभियंता को पत्र भी पत्र दिया, लेकिन अभी तक हालात जस के तस है। ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है। गांव के लोग अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश हैं।नानपारा तहसील क्षेत्र के असवा गांव में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित है। इससे गांव की आबादी की बिजली आपूर्ति दी जाती है। गांव के लोगों ने बताया कि दो सप्ताह पूर्व ट्रांसफार्मर अधिक भार और ट्रिपिंग के चलते फुंक गया। इसकी लिखित शिकायत क्षेत्रीय लाइन मैन और अवर अभियंता को दी गई। मटेरा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राजेश कुमार ने दो दिन में ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया, लेकिन देखते ही देखते 15 दिन बीत गए। अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है और न ही अवर अभियंता फोन उठा रहे हैं।गांव निवासी राजा बाबू, अदित्य, अदिकानंद, विंदर, ननबाबू और प्रमोद का कहना है कि 15 दिनों से सभी अंधेरे में जीवन काट रहे हैं। बिजली न आने से जन जीवन प्रभावित है। डेढ़ हजार की आबादी बिजली पानी को तरस रही है। सभी ने अधीक्षण अभियंता को शिकायती पत्र भेजकर ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की है। इस मामले में अधीक्षण अभियंता सत्य प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे अब जानकारी हुई है। क्षेत्र के एक्सईएन और अवर अभियंता से बात की जा रही है। ट्रांसफार्मर बदलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

### 34.30 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया तस्कर, पेट्रोलिंग के दौरान हुआ गिरफ्तार

**18 लाख रुपये बताई जा रही स्मैक की कीमत**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस के जवानों ने संयुक्त पेट्रोलिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर को पकड़ा गया। उसके पास से 34.30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। जिसे सीज कर दिया गया है।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में पुलिस और एसएसबी के जवान सीमा पर संयुक्त पेट्रोलिंग कर रहे थे। थाने के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव, उप निरीक्षक विजय कुमार और एसएसबी के जवान रविवार रात नौ बजे नेपाल बार्डर रेलवे लाइन सागौन बाग के पास से पेट्रोलिंग करते हुए आ रहे थे। तभी उन्हें एक व्यक्ति आता हुआ दिखा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुआ। जिस पर उसे हिरासत में लेकर थाने लाया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहम्मद युनूस पुत्र रजा अली निवासी मुनीरगंज थाना रुपईडीहा बताया। तस्कर के विरुद्ध थाने में केस दर्ज किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है। कमाडेंट ने बताया कि स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 18 लाख रूपये है। टीम में सिपाही निरुपम दुबे, जयचन्द गौंड और एसएसबी के इन्सपेक्टर कुमार ऋतुराज, दिनेश कुमार, विश्वजीत कुमार, सुरेश कुमार मय डाग टीम के शामिल रहे।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती



- कार्यकर्ताओं ने चित्र पर पुष्प चढ़ाकर अर्पित की श्रद्धांजलि
- जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई गोष्ठी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व 'छोटे लोहिया' स्व जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन कर सादगी पूर्ण तरीके से मनाई गयी। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव सुनील निषाद ने किया।सर्वप्रथम गोष्ठी मे जिलाध्यक्ष व उपस्थित पार्टीजनो ने क्रमानुसार छोटे लोहिया के चित्र पर पुष्प चढाकर उनके चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उपस्थित पार्टी वक्ताओं ने स्व0 जनेश्वर मिश्र के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदानो का वर्णन किया। जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश मे समाजवादी राजनीति की चर्चा हो तो स्व जनेश्वर मिश्र का नाम लिए बिना यह चर्चा पूरी नही होती है। 1933 को बलिया के शुभ नाथहि गांव मे पैदा हुए जनेश्वर मिश्र प्रखर समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया के बड़े अनुयायियों मे गिने जाते है। छात्र जीवन मे ही उनके ऊपर लोहिया के विचारों का गहरा प्रभाव पड़ गया। जनेश्वर का पूरा जीवन त्याग, बलिदान और समर्पण को समर्पित रहा, यह उनकी ईमानदारी और खुद्दारी ही थी कि केंद्रीय मंत्री रहते हुए भी उनका अपना मकान नही था गाडी नही थी।जनेश्वर मिश्र ने गैर बराबरी के खिलाफ और जातीय भेदभाव के खिलाफ समाज को एकजुट करने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि स्व लोहिया, स्व जनेश्वर, स्व बाबा साहब, स्व मुलायम सिंह के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है और समाजवादी विचारधारा पर काम करते हुए दबे, कुचले लोगो के उत्थान के लिए काम किया जाए।इस गोष्ठी मे पूर्व विधायक शब्बीर बाल्मीकि, पूर्व जिला महासचिव डा आशिक अली, जिला उपाध्यक्ष उत्तम सिंह, देवेश चंद्र मिश्रा, आनंद प्रकाश यादव, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी नंदेश्वर नंद यादव, हर्षित त्रिपाठी, डा सत्यम बाजपेयी, राम प्रताप गुप्ता, मयंक मिश्रा, डा गौरव यादव, रचित मिश्रा, मिथलेश यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# पौधरोपण अभियान में लोगों ने लगाए पौधे

- गोंडा-बहराइच मार्ग के निकट चला अभियान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गायत्री परिवार जरवलरोड और वन विभाग कैसरगंज के तत्वावधान में लखनऊ गोण्डा मार्ग पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिसमें गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ आम लोगों ने भी पौध लगाए। गायत्री मंदिर जरवलरोड के परिसर में गायत्री परिवार के समन्वयक एवं वाराणसी जोन के प्रभारी मानसिंह वर्मा के द्वारा गायत्री हवन एवं पौधों का विधिवत पूजन कराते हूए वर्मा ने कहा कि पेड़ और



मानव जीवन एक दूसरे के पूरक हैं। गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी को वन दरोगा शीतला प्रसाद यादव द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। वन दरोगा यादव ने गायत्री परिवार के सहयोग और सेवा के प्रति आभार जताया। गायत्री मंदिर से हाथ में पौध लेकर दर्जनों पीतवस्त्रधारी महिला व पुरूष वृक्षों के रोपण सहित उन्हें हराभरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। लखनऊ गोण्डा राजमार्ग पर विश्वकर्मा चौराहे से लेकर थाने के समाने होते हुए अवस्थी चौराहा तक सामूहिकता में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर गायत्री मंदिर की परिव्राजिका सावित्री तिवारी संचालिका ,ललिता विश्वकर्मा, ट्रस्टी शिव प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, दशरथ लाल राव, कौशल सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, चन्द्र कुमार जैन, अमरनाथ विश्वकर्मा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज राव, पूर्व प्रधान अजय वर्मा गीता अवस्थी किरन पाण्डेय माधुरी सिंह भारतमाता, सावित्री वर्मा, चंद्रावती विश्वकर्मा, सरोज सिंह, ममता सिंह, कविता विश्वकर्मा, थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजलाल प्रसाद एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

- सावन के तीसरे सोमवार को जंगली नाथ मंदिर में जल चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालु

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सावन के तीसरे सोमवार पर जिले के शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार देर रात से ही मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लोगों की कतार लगी रही।

बढ़ी संख्या में भोले के भक्त सरयू नदी के तट से जल लेकर अपने आराध्य की पूजा अर्चना के लिए पहुंचे।शहर के पांडवकालीन



### ड्यूटी के समय पुलिस चलाती रही मोबाइल

प्राचीन जंगली नाथ बाबा मंदिर में एक साथ इतनी भीड़ आ गई की बैरिकेडिंग को तोड़ दिया। लेकिन पुलिस ड्यूटी के दौरान मोबाइल चलाती रही। और लोग उनके समाने ही धक्का मुक्की करते रहे।

सिद्धनाथ मंदिर व जिले के मटेरा इलाके मे स्थित प्राचीन जंगली नाथ बाबा मंदिर पर शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोग बेल पत्र फूल व जल लेकर रविवार देर रात से ही मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे। भक्तों की भारी भीड़ के चलते प्रशासन की ओर से लगाई गई बैरिकेडिंग भी टूट गई।

भोले को पहले जल चढ़ाने को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। लोगों को नियंत्रित करने को लेकर स्थानीय पुलिस के साथ मंदिर कमेटी के जुड़े लोग मौके पर मौजूद रहे।

# प्रमाण पत्र फर्जीवाड़ा में सात और आरोपी गिरफ्तार

- यूपी एटीएस लगातार कर रही छापेमारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




रायबरेली के सलोन में 19 हजार फर्जी प्रमाण पत्र के मामले में यूपी एटीएस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। नतीजा यह है कि लगातार दूसरे दिन यूपी एटीएस की ऑप्स टीमों ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है।पकड़ गए लोग प्रयागराज, अंबेडकरनगर, मुरादाबाद, बहराइच, बलिया, शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। रायबरेली पुलिस आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में लेकर लखनऊ पहुंची। एटीएस की फील्ड यूनिट और ऑप्स टीमों ने एक बार फिर पूर्वांचल के जिलों में छापेमारी की।

शुक्रवार की रात पुलिस व एटीएस ने सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज निवासी गोविंद केशरी, संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के सियरासाथा निवासी आकाश कंसौधन, गोरखपुर के गोला बाजार कोतवाली क्षेत्र के नूरी मस्जिद निवासी सलमान, कुशीनगर के तरयासुजान थाना क्षेत्र के अहिरौली डान निवासी संजीव कुमार सिंह, प्रतापगढ़ जिले के सदर बाजार कोतवाली निवासी वैभव उपाध्याय,मुरादाबाद जिले के खरकपुर जगतपुर मुंडा पांडेय निवासी आरिफ अली को गिरफ्तार किया था।

### असम, बंगाल और बिहार से भी जुड़े जालसाजी के तार

वहीं शनिवार देर रात सात और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें अंबेडकर नगर जिले के जगदीशपुर वेलाना निवासी देवमणि उर्फ राजन, महराजगंज जिले के घुघली थाना क्षेत्र के खुशहालनगर निवासी सतीश कुमार सोनी, प्रयागराज जिले के सोरांव थाना क्षेत्र के प्यानापुर अब्दालपुर निवासी धीरज कुमार, शाहजहांपुर जिले के डवोरा निवासी नीरज,, बलिया जिले के बहेरी निवासी शहनवाज, बहराइच जिले के रानीपुर क्षेत्र के कोलवा बेग कठवारा निवासी अरमान को गिरफ्तार किया गया। सलोन कोतवाली प्रभारी जेपी सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपी फर्जी जन्म प्रमाणपत्र और आधार कार्ड बनाने का काम करते थे। इनमें से कुछ के संबंध बिहार व बंगाल से भी हैं।

### अबतक कुल 17 आरोपी गिरफ्तार

जन्म प्रमाणपत्र के फर्जीवाड़ा में शामिल सात जिलों के सात और आरोपी शनिवार देर रात गिरफ्तार किए गए। यूपी एटीएस और सलोन पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों के पास से आठ मोबाइल और एक लैपटॉप बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद सभी को रविवार को जेल भेज दिया गया। फर्जीवाड़ा में अब गिरफ्तार कुल आरोपियों की संख्या 17 हो गई है। मामले में 10 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

### फेक वेबसाइट का उपयोग कर तुरंत बनाते थे प्रमाण पत्र

एसपी ने इन साइट्स की जानकारी देते हुए बताया कि यह लोग इंटरनेट पर पड़ी हुई कुछ ऐसी साइट्स crssorg.gov व www.worknet.com से क्यू आर कोड का इस्तेमाल कर ये लोग देखने में असली जैसा प्रमाणपत्र निर्गत करते थे। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि यह सभी लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वालों का प्रमाणपत्र ज़्यादा पैसे लेकर तुरंत निकाल देते थे जबकि असली बनवाने में पूरी प्रक्रिया के दौरान काफी समय लगता है। बता दें कि पिछले माह सलोन में फ़र्ज़ी जन्म प्रमाणपत्र बनाये जाने के मामले में पुलिस ने सी एस सी संचालक ज़ीशान खान व ग्राम विकास अधिकारी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इन लोगों ने 19 हज़ार से ज़्यादा फ़र्ज़ी प्रमाणपत्र निर्गत किये थे। इसी मामले में 10 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

# शिव मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सावन के तीसरे सोमवार को जनपद के सभी शिव मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब जिले के सभी शिव मंदिरों भंवरेश्वर, बालेश्वर बाबा आनंदेश्वर महादेव चंदापुर शिव मंदिर, जगमोहनेश्वर धाम में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए सुबह से ही लगी लंबी-लंबी कतारें, शहर के लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराने चंदापुर में स्थित जगमोहनेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ा है इस मंदिर में ऐसी मान्यता है कि जो भक्त सावन के हर सोमवार को गंगाजल दूध बेलपत्र अर्पित करता है भगवान शिव उसकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं इसी आस्था और विश्वास के साथ लोग सैकड़ो किलोमीटर दूर से यहां आते हैं और भगवान शिव को गंगाजल बेलपत्र दूध अर्पित करते हैं सावन के पहले सोमवार को कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

## खबरें एक नजर में

### दुकान से मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में दिखाई दिये चोर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सुरेंद्र कुमार मौर्य ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि बछरावां रोड सलमान टायर्स के सामने खाद बीज की दुकान है दुकान से मेरा मोबाइल चोरी कर लिया गया। पूरन दीक्षित अमन दीक्षित दोनों सगे भाई हैं और इनका निवास स्थान बावन बुजुर्ग बल्ला है । तहरीर में सुरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा के फोटोज़ हैं अतः प्रभारी निरीक्षक से निवेदन है कि मेरी समस्या का समाधान किया जाए।

### पिता की तहरीर पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पिता की तहरीर पर बेटी की ससुराल वालों के ऊपर दर्ज हुआ मुकदमा वादी राम प्रकाश पुत्र दुखी दास निवासी ग्राम सलेथू थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया गया कि मेरी पुत्री को दहेज की मांग के लिए प्रताड़ित किया जाता है तथा पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी जाती है। वहीं कोतवाली पुलिस ने आकाश पुत्र बुधराम पति कंचन ननद अचन ननद काजल नंनद पुत्रीगण बुधराम कमल चंद्र पुत्र बुधराम देवर अनीता पत्नी बुधराम सास निवासीगढ़ ग्राम जवारीपुर थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के रमजानी का पुरवा के पास का हैं।जहां दो बाइकों की भीषण टक्कर हो गई।जिसमें एक बाइक सवार इम्तियाज व एक अन्य दूसरी बाइक सवार संध्या और राज निवासी ममुनी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड लग गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया।जहां इम्तियाज की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वहीं अन्य लोगों का ईलाज सीएचसी में चल रहा हैं।

### सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना नामक नवीन योजना का शुभारम्भ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि शासन के शासनादेश अनुसार एक नवीन योजना सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना प्रारम्भ की गई है। उन्होंने उक्त योजनान्तर्गत लाभ पाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत मत्स्य बीज हैचरी संचालित करने वाले हैचरी स्वामी, निजी क्षेत्र एवं पट्टे पर आवंटित तालाब की महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की पट्टा अवधि कम से कम 5 वर्ष अवशेष हो एवं विद्युत कनेक्शन/जनरेटर की उपलब्धता हो, पात्र होंगे। परियोजनान्तर्गत 0.50 हे0 के तालाब में 2 हार्सपावर के एक काड पैडिल व्हील एरियेटर एवं 1.00 हे0 या उससे बड़े तालाब हेतु अधिकतम दो एरियेटर प्रति महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की वर्तमान मत्स्य उत्पादकता कम से कम 4-5 टन प्रति हे0 हो, की उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुदान दिया जायेगा। योजना पूर्णतः महिला मत्स्य पालकों के लिए संचालित की गई है। उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना होगा। ऑनलाइन आवेदन 05 अगस्त से 19 अगस्त 2024 तक किए जा सकेंगे।

### वांछित अभियुक्त की तलाश



**उतरौला/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मद शमी पुत्र हफीजुल्ला निवासी ग्राम बिरदा बनियाभारी थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर संबंधित मु0अ0सं0 170/2024 धारा 103(1)/61(2)/82(1)/351(3) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर (हत्या) का वांछित अभियुक्त है तथा फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है अगर किसी व्यक्ति को सूचना मिलती है तो प्रभारी निरीक्षक को0 उतरौला जनपद बलरामपुर के मो0नं0 9454403031, 9839247564 पर सूचित करने का कष्ट करे। नोट:- सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित इनाम दिया जायेगा तथा सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जायेगी।

### बजरंग दल की बैठक आयोजित




**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** बजरंग दल का जिला बैठक उतरौला के कमलापुरी धर्मशाला में संपन्न हुआ जिसमें बजरंग दल के विभाग संयोजक शारदा कांत पांडे ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया व संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम आगामी 14 अगस्त अखंड भारत संकल्प दिवस एवं विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर को कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं जिला मंत्री दीपक चौधरी बजरंगदल जिला संयोजक सुरेश कश्यप जिला सुरक्षा प्रमुख सूरज यादव नगर के पलक अमित कुमार रैहरा प्रखंड अध्यक्ष अजय तिवारी,उतरौला नगर प्रखंड कार्य अध्यक्ष सनी गुप्ता नगर संयोजक प्रखर गुप्ता उतरौला ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष गंगाराम प्रखंड गैड़ास बुजुर्ग प्रखंड संयोजक विनय कुमार सह संयोजक रोशन लाल,अजय पटवा,शिवा चौरसिया, राज कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### श्रावण मास को लेकर शिवभक्तों में उत्साह

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** भगवान भोलेनाथ की आराधना के पवित्र श्रावण मास की तीसरे सोमवार को श्रावण मास को लेकर शिवभक्तों में उत्साह है। उतरौला तहसील क्षेत्र के सभी शिवालयों व मंदिरों में भक्तों की दर्शन के लिए भारी रही। श्रावण मास को लेकर शिवभक्तों में भारी उत्साह देखने को मिला। नगर के श्री दुख हरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी ने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार को श्री दुख हरण नाथ मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर,शिव मंदिर, फक्कड़ दास मंदिर में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक की भक्तों द्वारा किया गया। बता दें सावन में सोमवार का विशेष महत्व है। नगर के सभी शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ रही। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने सभी मंदिरों परसाफ-साफ व चूनाकारी लाइट की व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर नगर पालिका के कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 12 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा योजना के संचालन हेतु संशोधित समय सारणी के अनुसार योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक/युवतियों को 12 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया है कि योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त एवं निदेशालय द्वारा चयनित ओ लेवल/सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने वाली संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों जिनके माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रुपए 1.00 लाख तक है, द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, की बेवसाइट https:// backwardwelfareup. gov.in पर दिए गए लिंक एवं obecomputertraining.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त, 2024 तक किया जा सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यार्थी की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट निर्धारित है। प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो तथा वह किसी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहा हो।

प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों/विवरणों को संलग्न करते हुए उसकी हार्ड कॉपी 02 प्रतियों में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन रायबरेली के कार्यालय में 12 अगस्त, 2024 के सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध कराए जाने पर ही आवेदन मान्य किया जायेगा। तत्पश्चात जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन की कार्यवाही की जायेगी। विस्तृत

# डीएम की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए बैठक सम्पन्न

- जनपद के प्रत्येक घरों, सरकारी/गैर सरकारी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, वाणिज्यिक एवं व्यावसायिक समूहो पर लहराएगा तिरंगा
- प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जाग्रत करना उद्देश्य : जिलाधिकारी
- डीएम ने ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के सफल एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजन के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में समस्त सदस्य एवं विकासखंड स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजन के लिए निर्धारित किए गए दायित्वों का पूरी तन्मयता के साथ निर्वहन किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को प्रत्येक सरकारी अधिकारी,कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किए जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत स्तर पर भी सम्बंधित विभागों द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों व अन्य सम्बंधित को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर जाकर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। उन्होंने जनपद को दिए गए लक्ष्य एवं आवश्यकता के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में झण्डों का निर्माण सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूलों में पैरेंट्स टीचर मीटिंग के माध्यम से लोगो को जानकारी दिए जाने के लिए कहा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय,अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी,जिला पंचायती राज अधिकारी सौम्य शील सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक व वर्तमान चेयरमैन ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




पूर्व विधायक रामलाल अकेला और बछरावां के चेयरमैन राम जी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ महराजगंज तहसील पहुंचे और तहसील पहुंचने पर एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ एसडीएम कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए एसडीएम के समझाने पर धरना समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बछरावां का एक मामला इस समय काफी तूल पकड़ रहा है।

प्रधानमंत्री आवास के तहत बने मकानों को प्रशासन द्वारा नोटिस दी गई और साथ ही भू माफिया द्वारा तालाब को पाटा जा रहा है जिस पर विधायक रामलाल अकेला और चेयरमैन राम जी धरने पर बैठ गए थे और आज तहसील पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और एक लिखित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा वही एसडीएम राजितराम गुप्ता ने आश्वासन देते हुए कहा कि जांच कर कर मामले को देखा जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन में मांग करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा नगर पंचायत बछरावां की आबादी गाटा संख्या 1185 / 8. 165 हेक्टेयर के जलमग्न क्षेत्र में गलत पैमाइश के संबंध में चार सूत्रीय मांग हेतु एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ।नगर पंचायत बछरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली की आबादी व जलमग्न गाटा संख्या 1185 / 8.165 हेक्टेयर पर गलत पैमाइश करके पटाई की जा रही है ।जिस पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कब्जा किया जा रहा था। इस संबंध में चार सूत्रीय मांग हेतु मुख्यमंत्री को उप जिलाधिकारी महराजगंज जिला रायबरेली के माध्यम से ज्ञापन दिया जा रहा है।

हमारी मांगे निम्नलिखित हैं उक्त गाटा संख्या पर जब तक पैमाइश कानूनी तरीके से नहीं होती तब तक अवैध कब्जा रोका जाए पुलिस प्रशासन का जबरन हस्ताक्षेप रोका जाए। राजस्व टीम की गलत पैमाइश और दी गई आख्या को निरस्त किया जाए ।पुलिस प्रशासन व दबंगों को गरीबों के मकान को उजाड़ने से रोका जाए। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में भाजपा नेता के समर्थक मौजूद रहे।

# सवर्ण आर्मी की ब्लाक ईकाई बैठक का हुआ आयोजन



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बाबा माधव दास मंदिर प्रांगण में सवर्ण आर्मी की ब्लाक ईकाई मासिक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के मुख्य अतिथि वृजेन्द्र सिंह उर्फ गोपाल फौजी जिला अध्यक्ष रायबरेली ने कहा राजनैतिक दल व सरकारें समझती है सवर्ण मूर्ख है।इनको धर्म व जातिवाद के नाम पर बेवकूफ बनाकर आसानी से वोट लिया जाता है।अभी तक किसी भी पार्टी की सरकार ने सवर्णों के हित में एक भी योजना नहीं बनायीं।सवर्णो के लिये अनुदान तो छोड़िये कर्ज देने का नियम भी नहीं है।आरक्षण तो बहाना है गैर संवैधानिक तरीकों से आरक्षित वर्ग को फीस माफ़,अनुदान,उम्रसीमा और कट ऑफ में छूट देकर सवर्णों को कुचला जा रहा है।एससी एसटी मामलों की जांच आवश्यक क्यों नहीं।जबकि ज्यादातर प्रायोजित या झूंठे मामलो में फ़साने की बाते सामने आती है।एससी एसटी एक्ट में झूठी शिकायत करने पर सजा व् जुर्माना देने का प्राविधान क्यों नहीं है। क्या संविधान सवर्ण को भारत का नागरिक नही मानता।सवर्ण समाज रोहिंग्या मुसलमान से भी गया गुजरा हैं। सवर्णों का आयोग क्यों नही क्या सवर्ण गरीब नहीं है।आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण को भी बेटी के विवाह में सहायता मिलनी चाहिये। बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु सरकारी सहायता व छात्रवृति मिलनी चाहिये।आऱक्षण जातिगत न होकर आर्थिक स्थिति के आधार पर होना चाहिये। सवर्ण आर्मी के जिला महासचिव योगेन्द्र प्रताप सिंह (मुकुल)व जिला सह मीडिया प्रभारी-विकास सिंह (उजाला )द्वारा ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्यों को सवर्ण समाज के अधिक से अधिक लोंगों को सवर्ण आर्मी से जोडने हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर शिव कुमार मिश्रा, अभिषेक प्रताप सिंह, मनोज कुमार पांडेय, शिवाकान्त मिश्र, रामकुमार तिवारी, वागीश दत्त पाण्डेय, अतुल सिंह, शिवम अग्रहरि, अभय सिंह, शिव नरायण, अंकित पांडेय, रमेश जोशी, जयसिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन हर घर जल योजना से बिगाड़ रही है सड़कों की सूरत

**सादुल्लाह नगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



जल जीवन मिशन हर घर जल योजना बिगाड रही है सड़कों की सूरत ।सड़क खोदकर पाईप लाईन डालने की वजह से सड़कों की सूरत बिगड रही है कार्यदायी संस्था पाईप डालने के बाद सड़कों की मरम्मत को जरूरी नहीं समझता ग्रामीणों को अनेक समस्याओ का मामना करना पड़ता है। वर्षा होने पर उक्त समस्या और भयावह होने वाली है। विकास खण्ड रेहराबाजार के ग्राम पंचायत नेवादा के कोड़री मजरे में हर घर जल योजना में खडंजा सड़क खोदकर पाईप लाईन बिछा दी गई खड़ंजा के मरम्मत को आवश्यक नहीं समझा गया कार्यदायी संस्था दूसरी सड़को की खुदाई में लग गई पूर्व में खोदी गई सड़क को कोई पुरसाने हाल नहीं है। नसीबुल्लाह, हैदर, तफसीर अहमद, अकबर हसन, कफील अहमद, इम्तियाजुल हक, शफीक अहमद, मोहम्मद आवेस आदि ग्रामीणों ने पाईप बिछाने के कारण बिगड़ी सड़कों के मरम्मत की मांग जिलाधिकारी बलरामपुर से की है।

### जूनियर हाईस्कूल से सोलर पैनल चोरी



**सादुल्लाह नगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** जूनियर हाईस्कूल से सोलर पैनल चुरा ले गये अज्ञात चोर प्रधानाध्यापक ने थाने में दिया सूचना। रेहरा बाजार शिक्षा क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल राधिका नगर के प्रधानाध्यापक फूल चन्द्र कुमार ने बताया कि विद्यालय में लगा दो सोलर पैनल बीते रविवार की रात अज्ञात चोर उठा ले गये जिसकी सूचना उन्होंने ने सादुल्लाह नगर थाने में दी है। प्रभारी निरीक्षक सादुल्लाह नगर बृजानंद सिंह ने बताया कि सूचना मिली है शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

# सीएम ने की देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

- मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में वर्चुअल रूप से जुड़े रहे डीएम-एसपी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार गोंडा से किया गया।

मंडलीय समीक्षा बैठक में जनपद के एनआईसी सभागार में डीएम पवन अग्रवाल , पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मंडलीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बलरामपुर में संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी विकास योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वाद के निस्तारण में तेजी लाई जाए , मिशन मोड में राजस्व वादों को निस्तारित किया जाए । सरकार द्वारा पर्याप्त विद्युत सप्लाई दी जा रही है , जनपद में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हो यह सुनिश्चित किया जाए । जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को नया किए जाने का निर्देश दिया , उन्होंने कहा कि यदि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलती है तो संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करते हुए एफआईआर कराई जाए। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ से अधिक के लागत की परियोजनाओं के लिए नोडल अधिकारी बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की संभावना सितंबर माह तक हैं , बाढ़ राहत एवं बचाव के लिए समस्त तैयारिया पूर्ण रखी जाए , तटबंधों की नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए।

सरकार द्वारा चलाई जा रही नई योजना जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम में सर्वे करते हुए गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों को चिन्हित करते हुए उनको सरकार की सभी योजनाओं से संतृप्त किए जाने का निर्देश दिया। मानव - वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं के दृष्टिगत वन विभाग की टीम द्वारा सक्रिय निगरानी की जाए तथा इस संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने विकास कार्यों को लेकर माननीय विधायकगण के साथ नियमित बैठक करते हुए विकास कार्यों को और आगे ले जाने का निर्देश दिया। जनपद के सभी अधिकारी प्रतिदिन जनता दर्शन करते हुए जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुने एवं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। अंतर्राष्ट्रीय नेपाल सीमा पर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम द्वारा सघन पेट्रोलिंग करे , अंतरराष्ट्रीय नेपाल सीमा पर किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि संचालित ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन तहसीलों में फायर स्टेशन नहीं है तत्काल फायर स्टेशन के लिए प्रस्ताव भेजा जाए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, डीएफओ वह अन्य संबंधित अधिकारी /कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## न्याय के अहसास

देश के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की इस स्वीकारोक्ति ने हर संवेदनशील भारतीय के मन को छुआ कि अदालतों में लंबे समय से लंबित मामलों से तंग आकर लोग बस समझौता करना चाहते हैं। वैसे तो इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। उन्होंने कहा कि लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। न्यायमूर्ति ने स्वीकारा कि एक जज के रूप में यह स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय होनी चाहिए। उन्होंने माना कि इन स्थितियों में किसी तरह का समझौता समाज में पहले से व्याप्त असमानता को ही दर्शाता है। उन्होंने वादों के शीघ्र निपटान में लोक अदालतों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। निस्संदेह, गाहे-बगाहे न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका द्वारा न्याय मिलने में होने वाली देरी को लेकर चिंता जरूर जतायी जाती है,लेकिन इस जटिल समस्या के समाधान की दिशा में बदलावकारी प्रयास होते नजर नहीं आते। जिसके चलते तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता ही रहता है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज स्थिति है। बताया जाता है कि देश में तीनों स्तरों पर करीब पांच करोड़ मामले लंबित हैं। निश्चित ही यह न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसके बाबत देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

निस्संदेह, भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में पर्याप्त न्यायाधीशों व न्यायालयों की उपलब्धता नहीं है। निश्चित रूप से न्याय का मतलब न्याय मिलने जैसा होना चाहिए। न्याय समाज में महसूस भी होना चाहिए। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज व सरल तथा आम आदमी की पहुंच वाली होनी चाहिए। राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में न्यायिक प्रक्रिया की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इस दिशा में कुछ प्रयास हुए भी हैं लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जिससे तारीख पर तारीख का सिलसिला थम सके। जिसके लिये जरूरी है कि अदालती मामलों का तय समय सीमा में निपटारा किया जाना सुनिश्चित हो। उम्मीद की जा रही है कि हाल ही में लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद स्थिति में सुधार हो सकेगा। केंद्र सरकार भी कहती रही है कि नये कानूनों का मकसद लोगों को सजा देने के बजाय न्याय दिलाने पर केंद्रित है।

# सावन में खुशियों के बीज, बोने आती हरियाली तीज

**प्रियंका सौरभ**




**धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने 100 वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूड़ियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है।**

श्रावण महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महीने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महीना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार।

हरियाली तीज मुख्यत~ स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी रचाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकड़कर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पड़ने वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्व होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने 100 वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूड़ियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

तीज का आगमन भीषण ग्रीष्म ऋतु के बाद पुनर्जीवन व पुनर्शक्ति के रूप में होता है। यदि इस दिन वर्षा हो तो यह और भी स्मरणीय हो उठती है। लोग तीज जुलूस में ठंडी बौछार की कामना करते हैं। ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने पर काले कजरारे मेघों को आकाश में घुमड़ता देखकर पावस के प्रारम्भ में पपीहे की पुकार और वर्षा की फुहार से आभ्यंतर आनन्दित हो उठता है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन कजली या हरियाली तीज का पर्वोत्सव मनाता है। आसमान में घुमड़ती काली घटाओं के कारण ही इस त्योहार या पर्व को कजली या कजली तीज तथा पूरी प्रकृति में हरियाली के कारण तीज के नाम से जाना जाता है। इस त्योहार पर लड़कियों को ससुराल से पीहर बुला लिया जाता है। विवाह के पश्चात पहला सावन आने पर लड़की को ससुराल में नहीं छोड़ा जाता है। नवविवाहिता लड़की की ससुराल से इस त्योहार पर सिंजारा भेजा जाता है। हरियाली तीज से एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाता है। इस दिन नवविवाहिता लड़की की ससुराल से वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार का सामान, मेहंदी और मिठाई भेजी जाती है। इस दिन मेहंदी लगाने का विशेष महत्व है।

स्त्रियां आकर्षक परिधानों से सुसज्जित हो भगवती पार्वती की उपासना करती हैं। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है, उन्हें अपने भविष्य के सास-ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में शिंझार (श्रृंगार) कहते हैं। शिंझार में अनेक वस्तुएं होती हैं, जैसे मेहंदी, लाख की चूड़ियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, जिसे बांधकर रंगा जाता है तथा एक मिष्ठान जिसे घेवर कहते हैं। इसमें अनेक भेंट वस्तुएं होती हैं, जिसमें वस्त्र व मिष्ठान होते हैं। इसे मां अपनी विवाहित पुत्री को भेजती है। पूजा के बाद 'बया' को सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी यदि कन्या ससुराल में है तो मायके से तथा यदि मायके में है तो ससुराल से मिष्ठान, कपड़े आदि भेजने की परम्परा है। इसे स्थानीय भाषा में तीज की भेंट कहा जाता है। राजस्थान हो या पूर्वी उत्तर प्रदेश, प्रायः नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुला लेने की परम्परा है। सभी विवाहिताएं इस दिन विशेष रूप से श्रृंगार करती हैं। सायंकाल बन ठनकर सरोवर के किनारे उत्सव मनाती हैं और उद्यानों में झूला झूलते हुए कजली के गीत गाती हैं। इस अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेहंदी रचाती हैं। तीज के गीत हाथों में मेहंदी लगाते हुए गाये जाते हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है, महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेल-बूटे बनाकर मेहंदी रचाना। पैरों में आलता लगाना, महिलाओं के सुहाग की निशानी है। हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेहंदी रचाती हैं जिसे %मेहंदी मांडना% कहते हैं। इस दिन बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। तीज के दिन का विशेष कार्य होता है, खुले स्थान पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर झूला बांधना। झूला स्त्रियों के लिए बहुत ही मनभावन अनुभव है। मल्हार गाते हुए मेहंदी रचे हुए हाथों से रस्सी पकड़े झूलना एक अनूठा अनुभव ही तो है। सावन में तीज पर झूले न लगें, तो सावन क्या? तीज के कुछ दिन पूर्व से ही पेड़ों की डालियों पर, घर की छत की कड़ों या बरामदे में कड़ों में झूले पड़ जाते हैं और नारियां, सखी-सहेलियों के संग सज-संवरकर लोकगीत, कजरी आदि गाते हुए झूला झूलती हैं। पूरा वातावरण ही उनके गीतों के मधुर लयबद्ध सुरों से रसमय, गीतमय और संगीतमय हो उठता है।

## विचार

# सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती युवाओं की जिंदगी

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



**स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है।**

अगर आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर ज्यादा समय बिताते हैं तो एक नए शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है,फियर ऑफ मिसिंग आउट को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं।

स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है।

सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लिए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है। सोशल मीडिया पर लत की वजह से बच्चों की नींद पर असर पड़ रहा है। नजर भी कमजोर हो जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट में ये साफ हुआ है कि अगर कोई बच्चा एक हफ्ते तक लगातार सोशल मीडिया का प्रयोग करते है, तो वह एक रात तक की नींद भी खो सकते हैं। अकसर बच्चों के साथ ये होता है कि जब वो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके सोते है, तो आंखें बंद करने के बाद भी उनके दिमाग में वह चीजें चलती रहती है, जो वो देखकर सोए है। सोशल मीडिया की लत एक व्यवहार संबंधी विकार है जिसमें किशोर या युवा वयस्क सोशल मीडिया से मोहित हो जाते हैं और स्पष्ट नकारात्मक परिणामों और गंभीर कमियों के बावजूद ऑनलाइन मीडिया को कम करने या बंद करने में असमर्थ होते हैं। जबकि कई किशोर दैनिक आधार पर (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यू-ट्यूब, वाइन, स्नैपचैट और वीडियो गेम सहित) ऑनलाइन मीडिया के किसी न किसी रूप में संलग्न होते हैं, किशोर सोशल मीडिया की लत अत्यधिक खतरनाक है, एक बढ़ती हुई अच्छा महसूस करने के तरीके के रूप में सोशल मीडिया पर निर्भरता, और दोस्ती में नुकसान, शारीरिक सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्कूल में नकारात्मक प्रभाव के बावजूद इस व्यवहार को रोकने में असमर्थता चिंता का विषय बन गई है। दुनिया में हर पांचवां युवा यानी लगभग 19 फीसद युवाओं ने साल भर के भीतर किसी न किसी तरह के खेल में पैसा लगाया है। इसमें वे ज्यादातर बार ऑनलाइन सट्टेबाजी का शिकार हुए है।

आज के समय में सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा उपयोग से युवा वर्ग में न सिर्फ आत्मविश्वास कम हो रहा है बल्कि अकेलेपन का भी आभास बढ़ रहा है। यही कारण है कि हताशा और चिंता भी बढ़ती है। पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर वैसे तो सभी वर्गों की सक्रियता बढ़ी है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित युवा वर्ग हो रहा है। यहां तक की आत्महत्या का ख्याल भी युवाओं में बढ़ रही है। लंबे समय तक सोशल मीडिया पर बने रहने के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर हो रहा है। ऐसे मामलों में 15 से 45 वर्ष आयु के केस अधिक सामने आ रहे हैं। जिसके कारण नींद की कमी के साथ-साथ कार्य की क्षमता भी प्रभावित होती है। आज का दौर मोबाइल, लैपटॉप जैसे गैजेट्स के बगैर अधूरा है। ऐसे में आप अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखकर और कुछ उपायों को अपनाकर सोशल मीडिया के एडिक्शन से बच सकते है। हम में से ज्यादातर लोग आज सोशल मीडिया के आदी हैं। चाहे आप इसका इस्तेमाल दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ने के लिए करें या वीडियो देखने के लिए, सोशल मीडिया हम में से हर एक के लिए जाना-पहचाना तरीका है। प्रौद्योगिकी और स्मार्ट उपकरणों के प्रभुत्व वाली दुनिया में नेटफ्लिक्स को बिंग करना या फेसबुक पर स्क्रॉल करना, इन दिनों मिनटों और घंटों को खोना बहुत आम है। ये वेबसाइट और ऐप हमारा ज्यादातर समय खा रहे हैं, इतना कि यह अब एक लत में बदल गया है। सोशल मीडिया की लत जल्दी से उस कीमती समय को खा सकती है जो कौशल विकसित करने, प्रियजनों के साथ समय का आनंद लेने या बाहरी दुनिया की खोज में खर्च किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि यह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों जैसे कम आत्मसम्मान, अकेलेपन की भावना, अवसाद और चिंता का कारण बन सकता है। सप्ताह में कम से कम एक या दो बार, सोशल मीडिया फ्री दिवस मनाएं।

# मनु भाकर क्यों बन गईं सभी खिलाड़ियों के लिए आदर्श

**आर.के. सिन्हा**

निशानेबाज मनु भाकर को अब सारा देश जानता है। पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी चौथे स्थान पर रहीं। उनके पेरिस ओलंपिक खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन से सारा देश प्रसन्न है। मनु भाकर सिर्फ अचूक निशानची ही नहीं हैं। वो तो देश के अधिकतर खिलाड़ियों के लिए भी एक तरह से प्रेरणा हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा पर भी हमेशा भरपूर ध्यान दिया। हरियाणा के झज्जर शहर की रहने वाली मनु भाकर ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में 90 पर्सेंट से अधिक अंक अर्जित किए। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज (एलएसआर) से राजनीति विज्ञान में आनर्स की डिग्री भी ली। एल. एस. आर. देश का चोटी का महिला कॉलेज माना जाता है।

नोबल पुरस्कार विजेता और म्यांमार की शिखर नेता आंग सान सू ची यू ने 1964 में इसी लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। मुन भाकर का लेडी श्रीराम कॉलेज में पढ़ना इस बात की गवाही है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई पर भी हमेशा फोकस रखा। इधर बीते कुछ सालों से हमारे अपने देश के बहुत सारे नामवर खिलाड़ियों ने स्कूल के बाद आगे की पढ़ाई नहीं की। ये कोई बहुत आदर्श स्थिति नहीं मानी जा सकती। आप कितने ही बड़े खिलाड़ी क्यों न हो जाएं, पर आप बेहतर इंसान और नागरिक तो ढंग से पढ़-लिखकर ही बनते हैं। महान फुटबॉलर चुन्नी गोस्वामी, क्रिकेटर अजीत वाडेकर और सुनील गावस्कर उन खेलों की दुनिया के शिखर नाम रहे हैं, जिन्होंने खेल के मैदान में जौहर दिखाते हुए अपनी पढ़ाई को नजरअंजाद नहीं किया। चुन्नी गोस्वामी और अजीत वाडेकर तो स्टेट बैंक में अहम पदों पर इसलिए पहुंचे, क्योंकि ; इनके पास सही डिग्रियां थीं। सुनील गावस्कर बीते पांच दशकों से सक्रिय हैं। पहले क्रिकेटर के रूप में और बाद के दशकों में बतौर लेखक और कमेंटेटर के। उनके पास क्रिकेट की गहरी समझ के अलावा शब्दों का भंडार भी है। वैसे खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर नौकरी तो बहुत सारे खिलाड़ियों को मिल ही जाती हैं। माफ करें, कई कथित खिलाड़ियों को जाली प्रमाणपत्रों के आधार पर भी नौकरियां मिलती रही हैं। यह भी सबको पता है। सारी दुनिया ने मनु भाकर को बीत दिनों मीडिया को इंटरव्यू देते हुए देखा। इतनी छोटी सी उम्र में वह कितने धीर-गंभीर अंदाज में अपनी बात रखती है। वह गीता का उदाहरण देते हुए सफलता के मर्म को समझाती है। मनु भाकर हिन्दी और अंग्रेजी में पूरे विश्वास के साथ सवालों के जवाब देती है। यही सही शिक्षा सिखाती भी है। आप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ियों को देख लें। जावेद मियांदाद, इंजमाम उल हक, शोएब अख्तर जैसे मशहूर खिलाड़ियों ने खेल के मैदान में भले ही बेहतरीन प्रदर्शन किए हों, पर वे जब बोलते हैं तो सच में बहुत अफसोस होता है कि बेहतर शिक्षा ना मिलने के कारण वे अपने व्यक्तित्व निर्माण में कितना पिछड़ गए। वे इंटरव्यू देते वक्त पूरी तरह से सड़क छाप ही लगते हैं। बेशक,शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अर्थहीन व दिशाहीन हो जाता है। एक सफल जीवन में सार्थक शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा जीवन का आधार है, और शिक्षा से ही मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ता है, सही गलत में अंतर कर पाता है। शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। मनु भाकर और दूसरे खिलाड़ियों के कोचों का दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। उन्हें शिक्षा के महत्व की जानकारी दें। मनु भाकर के अलावा भी हमारे यहां बहुत सारे खिलाड़ी साबित करते रहे हैं कि खेलों में सफलता के साथ-साथ पढ़ाई करना भी संभव है। यह सच है कि पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए बहुत समर्पण और मेहनत चाहिए। इसके अलावा, व्यक्ति को अपने खेल के शिखर पर पहुंचने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है।



# राशिफल

**मेष:-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

**बृषभ:-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुन:-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क:-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंह:-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफ्लता प्राप्त होगी।

**कन्या:-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फ्ल सफ्लता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफ्लता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुला:-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफ्लता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक:-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें।

**धनु:-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकर:-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभ:-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा।

**मीन:-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

# योगी के तंज में छुपी, भविष्य की राजनीति

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



**योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा, यह सद्भावना वाले लोग हैं? यानी अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे? नहीं इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी। सभी आरोपितों के नाम सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री योगी को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों का कहना है कि अपराधियों की न जाति होती है और न धर्म लेकिन योगी आदित्यनाथ ने सदन में उनकी धार्मिक और जातीय पहचान को रेखांकित किया जो निंदनीय है। सनद है कि मुस्लिम-यादव (एमवाई) फॉर्मूले के सहारे समाजवादी पार्टी लंबे समय से सूबे में अपनी राजनीति कायम रखे हुए है। माना जाता है कि समाजवादी पार्टी का मुस्लिम और यादव पारंपरिक वोटर हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी यूपी में चार बार सरकार बना चुकी है। सपा ने एमवाई डी यानी दलित व दूसरी जातियों पर फोकस किया तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें 47 से बढ़कर 111 हो गईं। मतदान प्रतिशत भी अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और 2022 के चुनाव में सपा को उनका पूरा समर्थन 2017 के चुनाव की तुलना में इसके टैली में सुधार का एक महत्वपूर्ण कारक था। पिछले कुछ चुनावों में गैर-यादव ओबीसी के वोटों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

दु उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। इसकी गूंज विधानसभा तक में सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने सदन में दो आरोपितों का नाम लिया, जिस पर जमकर राजनीति भी हो रही है। योगी ने जिन आरोपितों का नाम लिया उनमें एक मुस्लिम और एक यादव था, जिसका मकसद मुख्य विपक्षी दल सपा पर निशाना साधना था। योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा, यह सद्भावना वाले लोग हैं? यानी अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे? नहीं इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी। सभी आरोपितों के नाम सामने आने के बाद विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री योगी को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्षी दलों का कहना है कि अपराधियों की न जाति होती है और न धर्म लेकिन योगी आदित्यनाथ ने सदन में उनकी धार्मिक और जातीय पहचान को रेखांकित किया जो निंदनीय है। सनद है कि मुस्लिम-यादव (एमवाई) फॉर्मूले के सहारे समाजवादी पार्टी लंबे समय से सूबे में अपनी राजनीति कायम रखे हुए है। माना जाता है कि समाजवादी पार्टी का मुस्लिम और यादव पारंपरिक वोटर हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी यूपी में चार बार सरकार बना चुकी है। सपा ने एमवाई डी यानी दलित व दूसरी जातियों पर फोकस किया तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें 47 से बढ़कर 111 हो गईं। मतदान प्रतिशत भी अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और 2022 के चुनाव में सपा को उनका पूरा समर्थन 2017 के चुनाव की तुलना में इसके टैली में सुधार का एक महत्वपूर्ण कारक था। पिछले कुछ चुनावों में गैर-यादव ओबीसी के वोटों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुमान के अनुसार, ओबीसी उत्तर प्रदेश की आबादी का लगभग 40-50 प्रतिशत हिस्सा हैं। यादव राज्य की आबादी का लगभग 8-10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसलिए अखिलेश को अपनी पार्टी के आधार को अपने पारंपरिक मुख्य समर्थकों, यादवों से आगे बढ़ाकर अन्य ओबीसी समुदायों को भी शामिल करने की आवश्यकता थी।

प्रदेश में दलितों की भी अच्छी खासी आबादी है, जो करीब 20 प्रतिशत है और परंपरागत रूप से बसपा के वफादार रहे हैं। अखिलेश दलितों के एक वर्ग तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जो लंबे समय से पार्टी की गिरावट से हतोत्साहित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) को साथ लेकर चुनाव मैदान में उतरे। अखिलेश को लगा कि अल्पसंख्यक के नाम पर भाजपा मुसलमानों की आड़ में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कर सकती है। फिर उन्होंने पीडीए के ए को कभी अगड़ा बताया तो कभी आधी आबादी मतलब महिलाएं। इसी फार्मूले पर अखिलेश यादव ने टिकट बांटे। इस बार 'एमवाई' वाले सालों पुराने सामाजिक समीकरण को तिलांजलि दे दी गई। मुस्लिम और यादव तो हर हाल में समाजवादी पार्टी के साथ रहेंगे। इस सोच के आधार पर अखिलेश यादव ने इस बार के चुनाव में अपनी रणनीति बदल ली। जिसका फायदा पार्टी को मिला और सपा ने ऐतिहासिक 37 सीटों पर जीत दर्ज की।

राजनीतिक विश्लेषक केपी त्रिपाठी के अनुसार, आज भले ही अखिलेश पीडीए का राग अलाप रहे हैं। लेकिन उनकी मजबूती का आधार एमवाई समीकरण ही है। इसलिए मुख्यमंत्री योगी ने हुडदंगियों का नाम लेते हुए यादव और मुस्लिम का नाम लिया। योगी ने सपा के कोर वोट बैंक पर सीधा प्रहार किया है। त्रिपाठी कहते हैं कि, योगी आदित्यनाथ और भाजपा सपा पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाती रहती है। सपा के शासन में कानून व्यवस्था किसी से छुपी नहीं रही। इसमें कोई दोराय नहीं है कि लचर कानून व्यवस्था सपा सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी रही है। ऐसे में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को यह संदेश ?सदन से दिया है कि अगर ये सद्भावना वाले लोग सत्ता में आ गये तो प्रदेश में बहन बेटियों और आमजन की जिंदगी दुश्वार हो जाएगी। आने वाले समय में भाजपा सपा को इस मुद्दे पर घेरती नजर आएगी। अधिवक्ता मोहित शर्मा कहते हैं कि, कड़ी कानून व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी की यूएसपी रही है। प्रदेश की जनता खासकर महिलाएं कानून व्यवस्था के मामले में योगी जी की बड़ी प्रशसंक है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मासिक सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी आयोजित

▸ अच्छे कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में किया गया, सैनिक सम्मेलन में जनपद में नियुक्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर प्राप्त हुयी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया कि पुलिस कर्मियों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण विशेष वरीयता के आधार पर किया जाये। इसके साथ ही सभी को अपने-अपने थानों में नियमित सैनिक सम्मेलन किए जाने एवं पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर उनका निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

आ ई.जी.आर.एस. जनसुनवाई पोर्टल के अंतर्गत प्राप्त होने वाले जनता के शिकायती संदर्भों के निस्तारण में विगत माह जून में शतप्रतिशत (100त्र) निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त होने पर आईजीआरएस प्रभारी एवं उनकी टीम सहित जनपद के थानों में नियुक्त पुलिस कर्मी जो आर.जी.आर.एस. पोर्टल का कार्य सम्पादित कर रहे थे सभी को उनके द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। साथ ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कार्यालय में नियुक्त रहे अधिकारी/कर्मचारी जिनके द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ सम्पादित करने व महत्वपूर्ण ड्यूटियां लगाकर सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।



### सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सोशल मीडिया पर आगामी त्यौहारों, अपराधों व वायरल वीडियों/पोस्ट पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध त्वरित कठोर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है। इस व्यापक समीक्षा बैठक के दौरान जारी किए गए दिशा-निर्देशों से निश्चित रुप से जनपद में अपराध एवं अपराधियों से निपटने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में जनपदीय पुलिस बल की प्रभावशीलता बढ़ने की उम्मीद है। उक्त मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी में सत्यम (अपर पुलिस अधीक्षक), श्रीमती हर्षिता गंगवार(क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़), रविकान्त गौड़ (क्षेत्राधिकारी चरखारी), कृष्णपाल सिंह(अभियोजन अधिकारी), प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

### मासिक अपराधों की समीक्षा

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद में घटित अपराधों के सम्बन्ध में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की गई जिसमें अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम, महिला अपराधों के अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, सनसनीखेज वारदातों के अभियुक्तों जैसे हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति सीजर करने, शासन द्वारा चलाए गए अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत जनपद स्तरीय चिन्हित सनसनीखेज अपराधों के वादों को चिन्हित कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, ऑपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के तहत अधिक से अधिक सीसीटीवी कवरेज कराए जाने के साथ-साथ अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही यथा- अवैध जुआ के विरुद्ध अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने तथा अवैध शराब, गांजा, शस्त्र के निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, सभी मुख्य बाजार/मार्गों, चौराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने, ङ्कन्रस्न पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थनापत्रों का भली-भाँति अवलोकन कर उनमें निष्पक्ष जांच करने तथा समय से उनको निस्तारित करने के सम्बन्ध में गोष्ठी में उपस्थित समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगन्तुकों/फरियादियों के साथ विनम्र व शालीन व्यवहार करें, जिससे कि आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण हेतु थानों पर आ सके । फरियादियों की शालीनतापूर्वक समस्याओं को सुनकर तत्काल निष्पक्ष आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा 01 जुलाई 2024 से प्रभावी हुए तीन नवीन कानूनों यथा- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन यथा- अभियुक्त के प्रकाश में आने से उसकी गिरफ्तारी किये जाने, अपराधी के कब्जे से बरामदगी एवं घटना के सम्बन्ध में ऑडियो/वीडियों के माध्यम से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही किये जाने, अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पैरवी किये जाने इत्यादि के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक सलाह दी गयी है। पुलिस अधिकारियों की जनता के लिए सुलभता और दृश्यमान पुलिसिंग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया गया जिसमें निर्धारित समयसीमा के भीतर पारदर्शी जांच को प्राथमिकता प्रदान किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सात से 21 अगस्त तक किया जाएगा खाद्यान्न का वितरण : डीएसओ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह अगस्त के सापेक्ष आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 7 से 21 अगस्त के मध्य सम्पन्न हो रहे एनएफएसए योजना में अन्त्योदय कार्डधारकों अन्त्योदय कार्ड पर चावल के स्थान पर 2 किग्रा बाजरा प्रति कार्ड प्रथम पावक के सिद्धान्त पर उपलब्धतानुसार वितरित किया जायेगा।

अन्त्योदय योजनान्तर्गत चिहिन्त 48 जनपदों में प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ, 19 किग्रा चावल तथा 2 किग्रा बाजरा उपलब्धतानुसार कुल 35 किग्रा खाद्यान्न का वितरण तथा बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर पूर्व निर्धारित मात्रानुसार प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ, 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान्न का वितरण कराये जाएगा तथा इसी प्रकार पात्र गृहस्थी के अन्तर्गत चावल के स्थान पर प्रति यूनिट 1 किग्रा बाजरा उपलब्धतानुसार प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्तानुसार वितरित किया जायेगा। इस प्रकार उक्त जनपदों में 2 किग्रा गेहूँ प्रति यूनिट, 2 किग्रा चावल प्रति यूनिट व 1 किग्रा बाजरा प्रति यूनिट उपलब्धतानुसार कुल 5 किग्रा प्रति यूनिट वितरित किया जायेगा। बाजरा का स्टॉक समाप्त होने पर, पूर्व-निर्धारित मानुसार 2 किग्रा गेहूँ एवं 3 किग्रा चावल का वितरण कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

जनपद के समस्त अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न गेहूँ, चावल एवं बाजरा का निःशुल्क वितरण ई-वेईंग लिक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से वितरण किया जायेगा। प्रत्येक दशा में समस्त कार्डधारक 7 से 21 अगस्त तक अवश्य प्राप्त कर लें। खाद्यान्न वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य रहेगी लेकिन अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बन्ध मे पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी तथा 21 अगस्त 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन एवं प्रॉक्सी के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। किसी भी असुविधा की स्थिति में सम्बन्धित तहसील स्थित आपूर्ति में सम्पर्क कर सकते है

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों के चलते महिला फांसी पर झूली

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात करणो के चलते एक 36 वर्षीय महिला ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है। सूचना पर पहुँची कुलपहाड़ पुलिस मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चुरारी निवासी 36 वर्षीय महिला सीमा पत्नी फूलसिंह ने किसी बात से आहत होकर अज्ञात कारणो के चलते घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि जिस वक्त महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया उस समय परिजन खेती किसानी कार्य हेतु खेतो पर गये हुए थे जब वह लौटकर घर आये तो अंदर का नजारा देखकर उनके पैरो तले से जमीन खिसक गयी महिला सीमा फांसी पर लटकी हुई थी महिला को देखते ही परिजनो मे कोहराम मच गया सूचना पर पहुॅची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है।

### जिलाधिकारी को छह मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** विकलांग कल्याण यूनियन समिति के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश कुमार भारती ने जिलाधिकारी को 6 मांगों का ज्ञापन सोपा है ज्ञापन में मुकेश भारती ने दिव्यांग बोर्ड के बाहर आर0ओ0 पानी की व्यवस्था कराये जाने के साथ साथ स्पोर्ट में रजिस्ट्रेशन ऑफिस में ही व्यवस्था कराई जाये, बाहर से रजिस्ट्रेशन न कराये जायें, ताकि दिव्यांगजन को समस्याओं का सामना न करना पड़े ।दिव्यांगों के लिए दिव्यांग बोर्ड के बाहर कुर्सियों की व्यवस्था कराई जाये, ताकि उनको बैठने की सुविधा सुनिचित हो सके ।दिव्यांग बोर्ड में पूरी टीम समय सीमा को ध्यान में रखते हुये बोर्ड में पहुँचाने का निर्देश. दिव्यांग बोर्ड में दिव्यांग प्रमाण पत्र शीघ्र / तत्काल जारी कराये जाने की कृपा करें ।दिव्यांग बोर्ड में दिव्यांग प्रमाणपत्र पाने के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं. ऐसे कर्मचारियों पर कार्यवाही करें, वहीं उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि अगर हमारी शीघ्र ही मांगे पूरी नहीं हुई तो हम जन आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे वही ज्ञापन के दौरान चंद्रभान यादव, अनिल, जितेंद्र यादव, बच्चा लाल, देशराम, मालती, जितेंद्र सहित विकलांग कल्याण यूनियन समिति के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र का निर्माण, बिक्री व परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित टीम के उप निरीक्षक देवीशंकर मिश्रा मय हमराह उमाशंकर यादव व अरुण यादव द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अमित पुत्र घासीराम अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम अजनर थाना अजनर जिसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए दुलारा मोड़ ग्राम टोला पातर थाना महोबकंठ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया द्य इसके बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### कुत्ते ने मासूम को काट कर किया जख्मी, अस्पताल में भर्ती

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर दोस्तो के साथ खेल रहे एक 6 वर्षीय बच्चे के गुप्तांग में सोमवार को पड़ोसी के कुत्ते ने काट लिया जिससे बच्चा लहूलुहान हो गया। थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी बीर सिंह निषाद का 6 वर्षीय पुत्र ओम निषाद अपने साथियों के साथ रविवार को करीब सुबह 11 बजे घर के बाहर पडोस में खेल रहा था जिसमे वो दौड़ भी रहे थे। तभी पड़ोसी राम कुमार उर्फ किशोरा निषाद के पालतू कुत्ते ने उसे दौड़ा लिया और उसके गुप्तांग में काट लिया जिससे ओम बुरी तरह लहूलुहान हो हो गया। बच्चे के चिल्लाने पर पास में मौजूद लोग दौड़कर आये और कुत्ते को ललकारा तब कुत्ता वहां से भगा। घायल बच्चे के पिता ने बताया कि बच्चे का उपचार जिला अस्पताल में करवाया गया है वही उसे एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाया है।

### आरोपी को किया गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी एससीएसटी एक्ट के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी शिव सिंह पुत्र अमर सिंह के खिलाफ वर्ष 2012में मारपीट करने व एससीएस टी का मुकदमा थाने में दर्ज किया गया था ।इस मामले में आरोपी वांछित चल रहा था ।उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने हमराह कांस्टेबल जितेंद्र कुमार के साथ जाकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### भौली गांव में चुनाव के लिये पार्टी रवाना

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के भौली ग्राम पंचायत में कल एक वार्ड सदस्य के लिए मतदान संपन्न होगा। इसके लिए पोलिंग पार्टी ब्लाक मुख्यालय से रवाना हुई। क्षेत्र के भौली ग्राम पंचायत में दस वार्ड सदस्य पद के लिए उपचुनाव होना है। जिसमे 9 वार्डो में एक एक नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। वार्ड नंबर बारह में चुनाव प्रक्रिया के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं ।जिसमे रामखिलावनपुत्र कुंजीलाल व रामबिहारी पुत्र रघुराज के बीच चुनाव संपन्न कराया जाएगा। कल गांव में मतदान प्रक्रिया पूरी कराए जाने के लिए पोलिंग पार्टी ब्लाक मुख्यालय से रवाना की गई है ।कल मतदान संपन्न होगा। तथा मतगणना 8 अगस्त को सम्पन्न होगी। वही क्षेत्र पंचायत के एक मात्र रिक्त पद के लिए एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ है।

### रिपोर्ट में खुलासा, युवती की गला दबाकर की गयी थी हत्या

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** रविवार को रहटिया गांव से एक किलोमीटर खेत की मेड़ पर एक युवती की हत्या कर शव झाड़ियों में मिला था। सोमवार को दो डॉक्टरों के पैनल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। युवती की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। जलालपुर थाने के रहटिया गांव निवासी चरन सिंह की 22 वर्षीय पुत्री गायत्री रविवार को बकरियां लेकर पचखुरा रोड में गांव से एक किलोमीटर दूर गई थी। दोपहर के समय युवती का शव देव सिंह के मूंगफली के खेत की मेड़ पर पड़ा मिला था। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी। युवती की नाक से खून निकल रहा था और गले में दुपट्टा कसा हुआ था। मृतका के पिता ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया था। रविवार को युवतियों के का पोस्टमार्टम डॉ अखिलेश्वर बघेल डॉ अंजुल निरंजन के पैनल में हुआ। युवती के शरीर में कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं। युवती की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आ रहा है। जलालपुर थानाध्यक्ष बृजमोहन ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय जैतपुर उत्तर के नये भवन का हुआ उद्घाटन



**जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

वर्ष 1948 को इस भवन का निर्माण किया गया था जो अत्यंत जीर्ण शीर्ण हो गया था इस भवन का पुनः निर्माण समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत करवाया गया जिसका आज खंड शिक्षा अधिकारी प्रवेश बाजपेई व खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अंकित सेन व ग्राम प्रधान छोटेलाल ने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जो अत्यंत मनभावक और शिक्षाप्रद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापक छत्रपाल यादव के द्वारा द्वारा सुंदर तरीके से किया गया

इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक हमीदा बेगम, मुन्ना लाल तिवारी, तनवीर खान, ओमप्रकाश राजपूत, नीतू श्रीवास, एनपीआरसी देवेंद्र यादव,सचिन नायक सहित तमाम अध्यापक मौजूद रहे।

# सतगुरु सत्संग सुधा धाम धार्मिक स्थल पर 2100 पेड़ लगाने का लक्ष्य

▸ काशीपुर विश्वनाथ मंदिर पर हजारों की संख्या में उमड़ी भक्तों की भीड़

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड के धार्मिक क्षेत्र काशीपुर भगवान शिव शंकर के मंदिर पर हजारों की संख्या में सावन के सोमवार को भक्तों की भीड़ देखी गई सुबह 5:30 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक अभिषेक धार्मिक स्थान कार्यक्रम चलते रहे

मेवाड़ राजा और चंदेलों के समय का बना भगवान शिव शंकर का मंदिर और वहीं बसाया गया गांव काशीपुर जो पनवाड़ी ब्लाक जनपद महोबा में आता है यहां पर बसंत पंचमी शिवरात्रि प्रत्येक सोमवार और सावन के महीने में हजारों की संख्या में भक्तों की उपस्थित मौजूद रहती है लेकिन इस मंदिर पर शासन प्रशासन भारत सरकार की निगाह नहीं है इस वजह से मंदिर जीर्णोद्धार अवस्था में हो गया है गिरने की कगार पर है। बुंदेलखंड के समाजसेवी एवं अनेक राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड द्वारा इस मंदिर के जीणोद्धार के लिए लगातार 8 वर्षों से प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से आवाज उठाते हैं और महोबा जनपद के पत्रकार साथी इस स्थान की खबर को अनेकों बार प्रवक्ता से स्थान दे चुके लेकिन शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है जिसके लिए सभी को आगे आना चाहिए । सोमवार के दिन नौगांव हरपालपुर क्षेत्र के सैकड़ो भारती जनता पार्टी के नेताओं ने भगवान शिव के दर्शन अभिषेक करने के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया जिसमें सभी लोगों ने प्रसाद के रूप में भंडारा कराया गया।

### एक वृक्ष मां के नाम अभियान को गति

पनवाड़ी ब्लाक अंतर्गत माधवगंज काशीपुर जहां पर श्री हनुमान जी का विशाल पुराना मंदिर है इस मंदिर के पीछे ईश्वर माधव दास निवास करते हैं और इस धार्मिक स्थान पर श्री सतगुरु सत्संग सुधा धाम समिति संचालक होती है जिसके माध्यम से सनातन संस्कृति बचाने भारतीय संस्कृति और धर्म आध्यात्मिकता से जोड़ने का काम किया जा रहा है इस स्थान पर लगभग 11 वर्षों से लगातार विकास हो रहा है विशाल के मंदिर बन चुके हैं एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम लगाने के संकल्प को पूरा करने के लिए यहां के संत गुरु माधव दास ने 2100 फलदार वृक्ष उत्तर प्रदेश से मंगवाए हैं हरियाली अमावस्या के दिन से यह अभियान प्रतिदिन चल रहा है मंदिर पर आने वाले प्रत्येक भक्तों से उनके मन के नाम से पेड़ लगाने के लिए पौधारोपण कराए जा रहे हैं ।

### विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

पनवाड़ी ब्लाक के ग्राम काशीपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बुंदेलखंड के समाजसेवी राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न उपाधि से सम्मानित संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारी शक्ति मिशन बरसाती मौसम में बीमारियों से बचने यातायात नियम की जानकारी तथा नियम से विद्यालय आने जाने समय सारणी बनाकर पढ़ने जैसे विषय पर विस्तार से चर्चा की गई बेटियों का पद पूजन किया गया उनको सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी की मंच पर उनको पुरस्कार भी किया गया। प्रशांत सिंह घोष ने विद्यालय में पधारे अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# उ.प्र. जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के राजीव तिवारी अध्यक्ष व सुनील पाठक बने महामंत्री

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी के निर्वाचन में राजीव कुमार तिवारी को जिलाध्यक्ष, सुनील पाठक को महामंत्री चुना गया है। प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुए शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

शहर के सेवा योजन सभागार में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन होना था। अध्यक्ष पद पर राजीव कुमार तिवारी, महामंत्री पद पर सुनील पाठक और कोषाध्यक्ष पद पर बालकृष्ण के द्वारा आवेदन करने पर निर्विरोध चुना गया। बांदा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्र, चित्रकूट के विजय पांडेय के पर्यवेक्षण में कार्यकारिणी का गठन किया गया। शिक्षकों ने पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया तो पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।

प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने अधिवेशन में शिक्षकों की समस्याओं को सुना जिस पर शिक्षकों ने प्रमोशन न होने की समस्या बताई कहा कि कई साल से इंचार्ज प्रधानाचार्य का काम करने के बाद भी प्रमोशन नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। इस मौके पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि सरकार के प्रयास से शिक्षा के स्तर में लगातार सुधार हो रहे है। परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प हो रहा है जिससे यह विद्यालय कावेंट स्कूल की तर्ज में संचालित हो रहे है। परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को स्मार्ट कक्षाओं में आधुनिक विधि से शिक्षा दी जा रही है। कहा कि सरकार शिक्षा के सुधार को लेकर गंभीर है। इस मौके पर पंकज बिंदुआ, बृजकिशोर मिश्रा, विमल त्रिपाठी, संध्या त्रिपाठी, धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी, संदीप गुप्ता, चंद्रकांत गुप्ता, सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे है।

### युवक ने ट्रेने के आगे कूदकर दी जान

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यजू।** नगर के व्यक्ति ने सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों से शराब के नशे में मालगाड़ी के आगे कूद अपनी जान दे दी। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के हुसैनगंज निवासी उमाशंकर (38) पुत्र देवी दीन ने सोमवार की दोपहर बाद शराब के नशे में सिजनौडा रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंच कानपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी के आगे कूद अपनी जान दे दी। इस घटना की जानकारी होते ही मृतक के परजनों में कोहराम मच गया वह रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच दहाड़े मारने लगे वहीं कोतवाली पुलिस ने भी मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पटल शुरू कर दी है। मृतक मेरठ में रहकर मजदूरी करता है पिता की मौत होने के कारण वह मौदहा आया हुआ था। वह अपने पीछे तीन पुत्रियां व एक पुत्र समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# भारतीय हलधर किसान यूनियन ने विधान परिषद सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर की करी सराहना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आज भारतीय हलधर किसान यूनियन महोबा ईकाई ने जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्तमान में विधान परिषद सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर से उनके आवास में पहुंच कर विधान सभा सत्र में बुंदेलखंड खासकर महोबा जनपद के किसान बंधुओं को प्रधानमंत्री फसल बीमा से जुड़े मुद्दे को विधान परिषद में उठाकर किसान बंधुओं को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ शत-प्रतिशत दिलाने में तथा आने वाली अड़चन समस्याओं की और सरकार का ध्यान आकर्षित कराया गया, किसानों के मुद्दे को प्रमुखता के साथ विधान परिषद में उठाने पर एमएलसी का मुंह मीठा कराते हुए पुष्प हार पहना कर धन्यवाद दिया गया। इसके अलावा जिले में अन्य विभागों के अधिकारीयों द्वारा उपभोक्ताओं और भोले भाले किसानों का आर्थिक एवं मानसिक शौषण करने की शिकायत पर विधान परिषद सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने पूर्ण विश्वास दिलाया तथा आश्वस्त किया कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई कराऊंगा सरकार को बदनाम करने बालों को बक्सा नहीं जायेगा वह चाहे जो हो, इस भेंट मुलाकात में संगठन की और से तहसील अध्यक्ष चरखारी मनीष तिवारी तथा तहसील मीडिया प्रभारी जुगुल किशोर द्विवेदी तथा तहसील सचिव जीतेन्द्र यादव व सक्रिय कार्यकर्ता देवेन्द्र उपाध्याय साथ में रहे।

# भूमि संरक्षण विभाग के कार्यों की जांच के लिये टीएसी टीम ने डाला डेरा

▸ अफसरों में मचा हड़कंप, राज्य सभा सांसद ने शासन से की थी शिकायत

▸ विभागीय अभियंताओं का कहना है कि पांच साल में जो कच्चे काम कराये गये थे वह ज्यादातर नष्ट हो गये

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

भूमि संरक्षण विभाग की जांच के लिये सोमवार को लखनऊ से आयी छह सदस्यीय टीएसी टीम ने डेरा डाल दिया है। विभाग में हड़कंप मच गया है। अपने अपने बचाव के लिये अधिकारी रास्ते निकालने का प्रयास कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक जिले में भूमि संरक्षण विभाग की तीन इकाईयां कार्यरत है। जिसमे पांच साल में कच्चा व पक्का काम मिलाकर करोड़ो का बजट खर्च किया गया है। ज्यादातर कामो में खानापूरी की गयी है। इस मामले की लिखित शिकायत राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने शासन से की थी। हालाकि इन्ही कामों की जांच के लिये डीएम ने टीम गठन कर जांच के लिये आदेश दिये थे जिसमे स्थानीय टीम ने सबकुछ सही पाया था जबकि बंधी, चकडैम, तालाब, केएसवाई योजना, खेत तालाब योजना में भारी अनियमितताएं की गयी है। हालाकि स्थानीय विभागीय अफसरो ने पूरा जोर लगाया था कि किसी तरह टीएसी जांच न आये मगर शासन स्तर से टीएसी जांच के लिये छह सदस्यीय टीम का गठन कर जिले में सोमवार को भेज दिया गया है। राठ इकाई में सबसे ज्यादा अनियमितताएं मिलने की उम्मीद लगायी जा रही है हालाकि यहां के भूमि सरंक्षण अधिकारी अशोक यादव का तवादला वाराणसी हो गया है। उनके स्थान पर एके रावत ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विभागीय अभियंताओं का कहना है कि पांच साल में जो कच्चे काम कराये गये थे वह ज्यादातर नष्ट हो गये है, सबसे ज्यादा केएसवाई मे धांधली बतायी जाती है। यदि सही प्रकार से जांच हो गयी तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेगे व ज्यादातर अफसरों पर गांज गिरने का अनुमान लगाया जा रहाहै हालाकि टीम करीब एक हफ्ते तक जांच पडताल करेगी। संबंधित अधिकारी अपने बचाव के लिये रास्ते निकालने का प्रयास कर रहे है।

### आधार संशोधन के नाम पर बैंको में मची लूट, कोई सुनने वाला नहीं

**मौदहा हमीरपुर।** आधार संशोधन के नाम पर बैंकों में अवैध धन उगाही के नाम पर केंद्र संचालक खुला खेल खेलने में मस्त हैं जिससे वहां पहुंचने वाले ग्रामीण अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं लेकिन आधार संचालक के इस ठगी को जिम्मेदार जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। नगर के नवीन गल्ला मंडी स्थित आर्यावर्त बैंक में आधार कार्ड बनवाने के लिए केंद्र स्थापित है जहां आधार अद्यतन एवं संशोधन का मूल्य सरकार ने 50 रूपये निर्धारित किया है लेकिन केंद्र संचालक अपनी दबंगई एवं जोर आजमाइश के चलते वहां पहुंचने वाले उपभोक्ताओं से 200 रूपये जबरन वसूली कर रहे हैं जिससे दूर दराज से पहुंचने वाले ग्रामीणों एवं छोट-छोटे स्कूली बच्चों से केंद्र संचालक जबरन दो सौ रूपये प्रति आधार अद्यतन एवं संशोधन करने के वसूल कर रहे हैं। इतना सबकुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अपने कानों में तेल डाल कुछ न जानने का नाटक कर रहे हैं जो कि प्रदेश में योगी सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की मौदहा में खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं और जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि शिकायत मिली है और जांच कर निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी।

# अंडरपास में जलभराव से आवागमन ठप छात्रों व मरीजों को आने जाने में मुसीब

**मौदहा, (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



रेलवे के अंडर पास में जलभराव होने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित है जिससे छात्र.छात्राओं तीमारदारों व राहगीरों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है वही रेलवे विभाग ने अभी तक कोई कार्यवाही नही की है।

कानपुर मानिकपुर रेलवे लाइन में जगह.जगह बने अंडर पासो में बरसात होने पर जल भराव इतना ज्यादा हो जाता है कि लोगो का निकलना मुश्किल हो जाता है वही रेलवे विभाग की ओर से क्षेत्र के कुछ लोगों को ठेका देकर जल निकासी का प्रबंध किया गया है लेकिन लापरवाही के चलते समय से अंडर ब्रिज में पानी भरा होने से से लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगा जाना पड़ता है वहीं ग्रामीण मिट्ठू प्रजापत, रविंद्र, राजू ,देशराज आदि ने बताया की जल भराव होने से बाइक, चार पहिया व टेंपो आदि निकलने पर गाड़ियां खराब हो जा रही और आने.जाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

### महिला ने लगाया घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप

मौदहा, हमीरपुर।अपने घर में दुकान रखे महिला के साथ गांव के दबंग युवक ने घुसकर छेड़छाड़ करते हुए जमीन पर पटक कर अश्लीलता की जिसपर महिला ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह अपने घर में छोटी सी दूकान रखे हुए हैएरविवार की शाम जब उसके पति कस्बे में सामान लेने आए थे तभी मौका पाकर गांव का ही प्रदीप यादव पुत्र भूप सिंह यादव आ गया और अकेले पाकर अश्लीलता करते हुए महिला को जमीन पर पटक कर छेड़छाड़ करने लगा।

महिला के शोर मचाने पर उक्त आरोपी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली और दोबारा उठा ले जाने की धमकी देकर चला गया महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है साथ ही दबंग युवक की इस हरकत से महिला का परिवार भयभीत है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम से सरोज ने बताया जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी

# महिलाओं को दिया प्लम्बिंग का प्रशिक्षण

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



आजीविका मिशन

ब्लॉक हरख के अब्दुलापुर पंचायत भवन पर प्रथम एजुकेशन फॉउंडेशन के द्वारा संचालित लाइवलीहुड कार्यक्रम के तहत जनरल प्लम्बिंग के क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जनरल प्लम्बर सेन्टर शुरू किया गया। जिसका शुभारंभ पंचायत की ग्राम प्रधान राकेश कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को बाजार माँग के अनुसार प्लम्बर का प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उनको बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अब्दुलापुर से ग्राम प्रधान राकेश कुमार, ग्राम पंचायत सचिव सैलजा तिवारी, पंचायत सहायक नेहा प्रजापति उपस्थित रहीं। प्रथम एजुकेशन फॉउंडेशन संस्था की तरफ से नुजहत मलिक, रामनरेश पटेल, कार्यक्रम समन्वयक सौरभ मिश्र, अदनान, लाइवलीहुड टीम से अरुण पांडेय, हिमांशु त्रिवेदी, दीपक यादव व तेज प्रताप, विकास उपाध्याय, अवधेश की उपस्थिति रही। तथा गांव के अभिभावक गण भी उपस्थित रहें। इस मौके पर नुजहत मलिक ने बताया की लड़कियां लड़कों से कम नहीं हैं। आज प्रत्येक क्षेत्र में लड़कियों और महिलाओं की भागीदारी अधिकतम देखी जा रही है लड़कियां घरों से निकलकर प्रत्येक कार्यक्षेत्र में कुशलतम और सर्वोत्तम कार्य से अपना तथा अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है जिसको लेकर प्रथम संस्था द्वारा क्षेत्र के लड़कियों को एकत्रित करके उन्हें प्लंबर से संबंधित ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।



## श्रद्धालुओं ने कुंतेश्वर में किया जलाभिषेक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** महाभारत कालीन पौराणिक तीर्थ स्थल किंतूर स्थित कुंतेश्वर धाम में माता कुंती द्वारा स्थापित अद्भुत शिवलिंग का जलाभिषेक करके श्रद्धालु मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं इसी कड़ी में सावन मास के तृतीय सोमवार को कुंतेश्वर धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा हजारों शिव भक्तों ने त्रिनेत्रधारी भगवान शिव के अद्भुत शिवलिंग का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया। प्रथम सोमवार को महाभारत कालीन तीर्थ स्थल किन्तूर स्थित कुंतेश्वर धाम में हजारों शिव भक्तों ने बम बम भोले हर हर महादेव का उदघोष करते हुए माता कुंती द्वारा स्थापित अद्भुत शिवलिंग का भांग धतूरा दूध जल अच्छत कनेर पुष्प फल फूल बेलपत्र मिष्ठान आदि के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक व रूद्राभिषेक करके अपने मंगल भविष्य की कामना किया। वही सौभाग्यवती स्त्रियों ने मां पार्वती की प्रतिमा को अपनी सुहाग सूचक बिंदी कंठहार चूड़ी सिंदूर धानी चुनरिया भेंट करके अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना किया।

# गौ आश्रय प्रबंधन के लिए बीडीओ ने दिए निर्देश

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



गौवंशों को बारिश व धूप से बचाने में लापरवाही विल्कुल न बरती जाए। गौवंशों के लिए साफ चारा पानी की व्यवस्था रखी जाए लापरवाही बरतने पर कार्यवाई की जाएगी।यह बात खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ने ब्लाक सभागार में विकास खण्ड के अंतर्गत संचालित अस्थायी गौ वंश आश्रय स्थल स्थापना क्रियान्वयन संचालन प्रबन्धन हेतु विकास खण्ड स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक में कही।सोमवार बीडीओ ने बैठक में उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी , ग्राम प्रधानों, लेखपालों ,सम्बंधित सचिवों सेक्टर प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में किसी प्रकार की अव्यवस्था न रहे समय से गौशाला में कार्य हो अगर कोई गौवंश बीमार होता है तो उसका तत्काल इलाज किया जाए।बारिश का मौसम चल रहा जिसके लिए सावधानी रखें,टैंक में पानी समय समय पर बदलते रहे कजिससे पीने वाला पानी गन्दा न हो।हारे चारे के साथ ही भूसा चोकर की कमी न रहे।इस मौके पर उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी गयाप्रसाद, प्रभारी एडीओ पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव, सेक्टर प्रभारी आशीष वर्मा, अभिषक कुमार, जेई एमआई सतीश कुमार, अवर अभियंता ग्रामीण चेतराम , राजेश कुमार,सुरेश यादव, कुलदीप वर्मा लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी, रविकांत यादव, सन्ध्या मौर्या, सपना गुप्ता, प्रधान विकेश वर्मा, कुसमेश कुमार,धर्मेंद्र वर्मा, जुल्फी मियाँ,अनिल वर्मा,मजीद हासमी, राजबहादुर वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## बांध के नाले में गिरा सांढ़ जिम्मेदारों ने नही ली सुध

**जैदपुर,बाराबंकी।** सुबह से बांध चौराहे के पास बने नाले में सांड के गिर जाने पर नगर पंचायत से कोई कर्मचारी देखने तक को नहीं आया। जानकारी होने पर कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह द्वारा काफी मेहनत के बाद रात में सांड को सुरक्षित निकाल लिया गया। जिससे लेकर क्षेत्र में पुलिस टीम की लोग सराहना कर रहे हैं।बताते चलें कि नगर के ज्यादातर नाले बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं जिसके कारण रोज कोई ना कोई घटना होती रहती है, कभी इंसान तो कभी जानवर गिर कर चोटिल होते रहते हैं,लेकिन इधर न तो नगर पंचायत के अधिकारी और न ही अध्यक्ष की नज़र ए करम होती है। आज एक सांड वार्ड गढ़ी कदीम में आने वाले नाले में गिर गया जिसकी जानकारी कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह को होने पर मौके पर पहुंचे पुलिस टीम व स्थानीय लोगों की काफी मेहनत बाद सुरक्षित निकाला गया।

# घर में निकला कोबरा सांप वन विभाग की टीम ने पकड़ा

बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

चिरैया गांव में सांप निकालने की मिली थी सूचना मौके पर पहुंच कर सांप को पकड़ कर सुरक्षित जंगल में छोड़ गया

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरैया गांव में सोमवार दोपहर एक मकान में जहरीला कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित जंगल में ले जाकर छोड़ दिया।

थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरैया गांव निवासी शिव प्रसाद के मकान में सोमवार दोपहर जहरीला कोबरा सांप देखा गया जिसके बाद हड़कंप मच गया।

खबर फैसते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई लेकिन कोई भी उसे मारने की हिम्मत नहीं जुटा सका। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे वन दरोगा रविंद्र कुमार एवं रमेश कुमार ने घंटों महक्कत के बाद सांप को पकड़ लिया और उसे सुरक्षित जंगल में ले जाकर छोड़ दिया जिसके बाद घर वालों ने राहत की सांस ली। वन दरोगा रविंद्र कुमार ने बताया की चिरैया गांव में सांप निकालने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर सांप को पकड़ कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

# पूर्ति निरीक्षक की जांच में अंगूठा लगाने के बावजूद कार्ड धारक को नही बांटा राशन



जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

पूर्ति निरीक्षक विकास खंड हरख द्वारा विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत बंदगीपुर की उचित दर विक्रेता श्रीमती कुसुमा देवी की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किए जाने तथा कार्डधारकों से संपर्क कर वितरण की जांच किए जाने पर यह तथ्य संज्ञान में आया कि उक्त कोटेदार द्वारा कार्डधारकों का अंगूठा ईपास मशीन पर लगवा लेने के बावजूद कार्डधारकों को वास्तविक रूप से राशन नही दिया जा रहा है। मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण न करके प्रति कार्ड 01 से 03 किलो की कटौती की जा रही है, चीनी का निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त विक्रेता द्वारा जांच के समय स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर प्रस्तुत नही किया गयाऔर आंगनवाड़ी योजना के खाद्यान्न का वितरण विगत 03 त्रैमास से न किए जाने आदि अनियमितताओं के आधार पर जिलाधिकारी के आदेशानुपालन में श्रीमती कुसुमा देवी उचित दर विक्रेता की दुकान का अनुबन्ध पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विक्रेता को विधिवत आरोप पत्र जारी किया गया।

# पत्रकार के भाई की सड़क दुर्घटना में मौत, दी श्रद्धांजलि



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा विधायक जैदपुर गौरव रावत आदि के साथ पत्रकार के भाई के अन्तिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

बताते चलें कि रविवार को पत्रकार रामू काका के चचेरे भाई रामकरन रावत की कोटवाधाम से कोटवासडक मार्ग पर अमनियापुर, सूर्यबली पुरवा मोड में अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मारकर ट्रक फरार हो गया था परिजन घायल को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले गये जंहा इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर गौरव ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। कोतवाली बदोसराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।सोमवार को कोटवाधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## खबरें एक नजर में

### 11 अगस्त को निकाली जाएगी जागरूकता रैली

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** हर घर तिरंगा अभियान में जागरूकता लाने के लिए 11 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसकी तैयारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने शुरू कर दिया है। ग्राम पंचायत हजरतपुर के प्रधान प्रतिनिधि औन मियाँ ने सोमवार को अपने आवास पर ग्रामीणों के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा लगने के साथ ही 11 अगस्त को सैकड़ो मोटरसाइकिल के साथ ग्राम पंचायत के गांवों में भव्य तिरंगा रैली निकालने के लिए तैयारियां तेज कर दी है। औन मियाँ ने बताया कि विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी हर घर तिरंगा लगाने के साथ ही मोटरसाइकिल से तिरंगा रैली निकालकर देश भक्ति की अलख जगायेंगे । इस मौके पर राजकुमार यादव , मनोज कुमार , सरवन कुमार , आजम खान , नूर आलम खान, राधेश्याम वर्मा, संतोष पंडित , हंसराज गौतम आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### बीएड परीक्षा में हुआ वायबा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बीएड सत्र 2022-24 द्वितीय वर्ष के प्रायोगिक परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त आंतरिक अंको की पूर्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, बरदरी-बाराबंकी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के विषय फाइलों एवं मॉडल के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दी। इसी के साथ बी.एड.सत्र 2022-24 द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण सैद्धांतिक और व्यावहारिक गतिविधियों के साथ आज संपन्न हो गया। साक्षात्कार संपन्न होने के उपरांत छात्र-छात्राओं का ग्रुप फोटो सेशन हुआ। इस मौके पर प्राचार्य डॉ गयाप्रसाद दुबे,अनुपम जायसवाल, अंशू वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कोर्ट से स्थगन के बावजूद फसल जोतने की हुई शिकायत

**जैदपुर बाराबंकी।** मामला बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र के नवाबपुर कोडरी गांव का हैं। जहां के निवासी हीरालाल पुत्र चौबे ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी खेती की भूमि जिसपर धान की फसल लगी हुई हैं। जिसे विपक्षी द्वारा जबरन जोतने व विवाद करते हुए गाली गलौज किया गया। तथा फर्जी केस में फसाने की धमकी दी गई हैं। वही हीरालाल ने प्रार्थना पत्र देकर उचित न्याय की गुहार लगाई।

### नहरों में पानी छोड़ने को लेकर भाकियू टिकैत ने की बैठक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर पर संपन्न हुई बैठक में नहरों में पानी अविलंब छोड़े जाने एवं बिजली बिल यूनिट के हिसाब से जारी किए जाने की मांग की गई। बैठक में आगामी 9 अगस्त को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन में हैदरगढ़ विकास खंड इकाई से ज्यादा से ज्यादा लोगों के पहुंचने के संबंध में तैयारी की गई और सभी ग्राम अध्यक्षों को अपने-अपने साधन से अपनी टीम को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरीराम पाल, महासचिव राजेश कुमार यादव, गिरजा शंकर शर्मा, रामदेव, रामनिवास वर्मा, मोहम्मद नसीम, रामसेवक, रामनाथ ,रामचंद्र, रामखेलावन राम केश, देशराज, गीता, विमला, गंगा भगत सिंह, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ने मांगो को लेकर किया धरना प्रदर्शन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



भाकियू राष्ट्रीयतावादी के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को ब्लाक परिसर में धरना-प्रदर्शन किया और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एवं जिलाध्यक्ष विधि चंद्र यादव के नेतृत्व में खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया। किसान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील क्षेत्र के गो आश्रय केन्द्रों की स्थिति बदतर है। मवेशी भूख प्यास व बिना इलाज के मर रहे हैं वही केन्द्र के संचालक मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं।स्थानीय अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं।कहा कि बड़ी संख्या में छुट्टा मवेशी गांव व सड़कों पर घूम रहे हैं।छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गो आश्रय केन्द्र भेजने एवं सभी गो आश्रय केन्द्रों पर हो रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की गई। इसी क्रम में किसान नेताओं ने मनरेगा में लूट खसोट का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। अघोषित विद्युत कटौती समाप्त करने एवं नहरों में पानी छोड़ने की मांग भी की गई। धरना प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से जनार्दन गुप्ता,आरती देवी,सुमन यादव,केवल बहादुर सिंह व सुनीता आदि शामिल रहे।

## प्रधानी के उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ की रीठी सिकंदरपुर ग्राम पंचायत में मंगलवार को प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां सोमवार को विकास खंड मुख्यालय से रवाना हो गई। ग्राम पंचायत रीठी सिकंदरपुर में प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा। इस ग्राम पंचायत में 1811 मतदाता प्राथमिक विद्यालय तारागंज में बनाए गए तीन बूथो पर आधा दर्जन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बन्द करेंगे। प्रधान का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

वहीं अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 32 के लिए दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य अजमा रही हैं मंगलवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान संपन्न होगा।

# 15 अगस्त को फौजी अपने घर फहरायेंगे तिरंगाः डीएम

सैनिक बन्धु कमेटी का गठन उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर महेन्द्र सिंह बने

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला सैनिक बन्धु कमेटी की बैठक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में 150 भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियो ने सहभागिता की। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर नयन सिंह रावत ने शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुये पिछली बैठक का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर भूतपूर्व सैनिकों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्रेषित किये। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रत्येक भूतपूर्व सैनिक से कहा कि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सहभगिता सुनिश्चित कर प्रशासन का सहयोग करते हुये प्रचार-प्रसार के साथ प्रत्येक फौजी अपने घर तिरंगा फहरायेंगे एवं सैनिक बन्धु कमेटी का गठन करते हुये उपाध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से सूबेदार मेजर (आर्नरी कैप्टन) महेन्द्र सिंह (अ.प्रा.) को उपाध्यक्ष घोषित कर स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त भूतपूर्व सैनिकों को कोई भी समस्या होने पर सीधे मिल सकते है एवं मोबाइल नंबर पर सीधे बात कर सकते है तथा यथायोग्य सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन से टकराकर एक राष्ट्रीय पक्षी की मौत

**जालौन (उरई)।** बिजली की हाईटेंशन लाइन से टकराकर एक राष्ट्रीय पक्षी की मौत हो गई। राहगीरों ने उसे उठाकर कोतवाली पहुंचाया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत राष्ट्रीय पक्षी को अपने साथ ले जाकर उसका ससम्मान अंतिम संस्कार कर दिया। देवनगर चौराहे के समीप राष्ट्रीय पक्षी मोर के एक झुंड में करीब चार पांच राष्ट्रीय पक्षी निकल रहे थे। अचानक उनमें से एक मोर उड़ा। ऊंचाई पर पहुंचने पर मोर वहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। हाईटेंशन लाइन में टकराने से उसे करंट लग गया और जमीन पर गिरकर उसने दम तोड़ दिया। वहां से निकल रहे राहगीरों ने जब राष्ट्रीय पक्षी को मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो तत्काल उसे उठाकर उन्होंने कोतवाली में पहुंचा दिया।

# अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जनता का सहयोग भी जरूरी : सीओ

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी सतर्कता से ड्यूटी को अंजाम दें। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। यह बात नवागंतुक सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

माधौगढ़ से स्थानांतरित होकर आए सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जनता का सहयोग भी आवश्यक है। आपराधिक गतिविधियों पर लगाम के लिए सभी



व्यापारी अपनी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे आवश्य लगाएं। ताकि कोई घटना होने पर अपराधियों की पहचान की जा सके। सराफा व्यापारी दुकान के अंदर और बाहर भी कैमरे लगवाएं। इसके अलावा वह अपनी दुकानों का समय भी निर्धारित करें। यदि कोई संदिग्ध आसपास दिखता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। कहा कि पिकेट ड्यूटी को भी समय समय पर चौक किया जाएगा। खासतौर पर रात के समय पिकेट ड्यूटी पर तैनात कर्मी अपने पिकेट प्वाइंट पर मौजूद रहकर मुस्तैदी से ड्यूटी को अंजाम दें। मनचलों से निपटने के लिए एंटी रोमियो टीम को भी निर्देश दिए जाएंगे कि वह स्कूल व कॉलेजों के आसपास विशेष निगाह रखें। कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया। कोई भी समस्या होने पर पीड़ित सीधे उनसे आकर संपर्क कर सकता है।



## एसडीएम ने गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सोमवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने आलमपुर की गौशाला का औचक निरीक्षण करके व्यवस्थाओ का जायजा लिया। परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिये निर्देश दिए। जिला प्रशासन के निर्देशन पर एसडीएम कालपी नगर की आलमपुर में दोपहर को औचक तरीके से पहुच कर गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद 255 गायों को अभिलेख से मिलान किया। पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला की क्षमता 250 गौवंश के रखने की है इसलिए अधिक गौवंश होने पर किसी अन्य गौशाला में समायोजित किया जाए। गौशाला में निरीक्षण के दौरान एसडीएम के साथ राजस्व निरीक्षक राम भुवन सिंह तथा संबंधित कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# पंचायत उपचुनाव के लिए रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

इटावा, समृद्धि न्यूज।

तीन पोलिंग पार्टियां की गई रवाना

मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के उपचुनाव के तहत ब्लॉक महेवा में ग्राम राहतपुर में ग्राम प्रधान तथा निवाड़ीखुर्द व निवाड़ीकला क्षेत्र से क्षेत्र पंचायत चुनाव के लिए होने वाले मतदान के लिए ब्लॉक मुख्यालय महेवा से पोलिंग पार्टियां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रवाना की गई। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में तैनात तहसीलदार भरथना राजकुमार सिंह तथा चुनाव अधिकारी / जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी इटावा प्रदीप कुमार तिवारी ने सभी कार्मिकों को निष्पक्ष ,निडर व ईमानदारी से चुनाव कराने का निर्देश दिया। वहीं ग्राम राहतपुर के लिए दो पोलिंग पार्टियां तथा निवाड़ी के लिए तीन पोलिंग पार्टियां रवाना की गई।


जिन्हे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन द्वारा प्रदत्त बसों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया। वहीं इस दौरान खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ,सहायक निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार , सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्र पाल सिंह भदौरिया आदि ने सभी कार्मिकों को प्रपत्र उपलब्ध कराए।

# शस्त्र और शास्त्र का समन्वय अति आवश्यकः खंडारे

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

कामता प्रसाद सुन्दर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार मेमोरियल ट्रॉफी का अनावरण समारोह संपन्न हो गया।कार्यक्रम की शुरुआत कै.(डा) मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने के साथ हुई।

अतिथियों का स्वागत संगीत विभाग के छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व महाविद्यालय गीत प्रस्तुत कर किया गया।अतिथियों का परिचय देते हुए टैंक के औचित्य पर प्राचार्य प्रो.अभय कुमार सिंह ने प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम में प्रख्यात साहित्यकार डॉ सुमित दुबे की उपस्थित को सुखद बताया।उन्होंने कहा कि मैं मातृ शक्ति





देवियों का विशेष स्वागत अपनी महाविद्यालय परिवार की बेटियों के तरफ से करता हूं।आज के इस अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल विनोद जी खंडारे रिटायर्ड प्रमुख सलाहकार रक्षा मंत्रालय भारत सरकार हैं।भारतीय सेवा में योगदान देने वाले आप अपने परिवार के पहले सदस्य है।आप चेन्नई से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1978 में भारतीय सेना के 14वीं गढ़वाल राइफल्स के इन्फेंट्री बटालियन में ज्वाइन की। आपने भारत चीन के मध्य विवादित सिक्किम डोकलाम और लद्दाख सहित भारत चीन सीमा पर अनेक दुर्गम ऊंचाइयों के सामरिक दृष्टिकोण से संवेदनशील स्टेशनों पर सैन्य सेवाएं दी।वर्ष 2008-09 में संवेदनशील सिलिगुड़ी कॉरिडोर में पोस्टिंग के दौरान उत्तरी सिक्किम से लगी चीन सीमा पर सैन्य ऑपरेशन में अपने ब्रिगेड को कमान किया।

# मुख्य सड़कों पर गड्ढे बन रहे है राहगीरों के लिए मुसीबत

इटावा, समृद्धि न्यूज।

इन गड्ढों की वजह से सफर तो लंबा और अधिक समय का होगा ही वाहन भी कब किस गड्ढे में फंसकर क्षतिग्रस्त हो जाए कह नहीं सकते। सड़कें तो अनेक हैं मगर गड्ढ़ों से तो कोई नहीं बची। किसी भी सड़क को देख लो वहां अनगिनत गड्ढे क्यों है इसका जवाब एक आम आदमी/ठेकेदार। लिंक मार्ग हो या मुख्य सड़क, हाइवे हो या एक्सप्रेस वे सब के सब ही गड्ढों से लैस। आखिर ऐसे हालत क्यों हैं? हम बात कर रहे हैं विशेष रूप से पाली रनियां संपर्क मार्ग की यहां की सड़कों पर



सुहाना नहीं बल्कि गड्ढों वाला सफर ही हो सकता है। बाइक पर हेलमेट पहनो या गाड़ी में सीट बेल्ट लगा लो, इससे आप खुद को सुरक्षित महसूस कर सकते हो, मगर सड़कों पर कदम-कदम पर बने गड्ढ़ों से सुरक्षा कैसे होगी। इन गड्ढों की वजह से सफर तो लंबा और अधिक समय का होगा ही, वाहन भी कब किस गड्ढे में फंसकर क्षतिग्रस्त हो जाए।

## एक्सप्रेस वे पर कट न होने से हो रहे हादसे

**इटावा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 302 किमी की दूरी मे हर 20 किमी पर कट बना हुआ है लेकिन ताखा तहसील क्षेत्र मे 40 किलोमीटर की दूरी मे कोई कट नही बनाया गया है इस चालीस किमी मे ताखा ठीक 20 किमी की दूरी पर है और इसी जगह सबसे ज्यादा हादसे होते हैं।

ताखा मे कोई कट न होने से वाहन चालकों को सुस्ती आने पर भी चलना ही पड़ता है जो हादसे का सबब बन जाता है। कई बार सपा नेता उदयभान सिंह यादव ताखा में कट की मांग कर चुके हैं मगर शासन और प्रशासन यूपीडा इसका अनदेखा कर कब जागेंगे प्रशासन और यूपीडा जो हादसे में तुरंत मदद हो सके।

# 15 अगस्त को आन बान शान से हर घर फहराएं तिरंगा: डीएम

- स्वतंत्रता दिवस, काकोरी ट्रेन एक्शन और हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 15 अगस्त, काकोरी ट्रेन एक्शन और हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक सभी सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर और ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र में घर-घर तिरंगा फहराया जाये। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिये। झण्डा आधा झुका, फटा या कटा नही होना चाहिये इस पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होने नगर पालिका और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि फील्ड में तैनात कर्मचारियो के साथ बैठक करें। क्षेत्रवार/ वार्ड वाइज कर्मियों की ड्यूटी तैनात कर ग्रामीण क्षेत्र, नगरीय क्षेत्र और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समस्त स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिन घरों में झण्डा न हो उन घरों में 11 अगस्त 2024 तक प्रत्येक दशा में पहुंचा दिया जाएं। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि समस्त शिक्षण संस्थानों में झण्डा रोहण कर हर घर तिरंगा से संबंधित कार्यक्रमो/ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये। कहा कि आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणो को आमंत्रित किया जाये। उन्होने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। 09 अगस्त 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हो रहा है। क्रातिकारियों के सम्मान में इसे सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त मनाया जाना है। जनपद में भी काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को धूमधाम से मनाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम — समृद्धि न्यूज

# एक्सप्रेस-वे पर पलटी कैश बैन, चालक की मौत

- लखनऊ से दिल्ली कैश लेकर जा रही थी बैन
- एक्सप्रेस-वे पर उमरायेपुर्वा गांव के सामने हुआ हादसा

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के उमरायेपुर्वा गांव के सामने रविवार की रात लखनऊ से दिल्ली कैश लेकर जा रही एक बैन अनियन्त्रित होकर पलट गई। हादसे में बैन चालक की मौत हो गई। सुरक्षा कर्मी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के बाद उसको रिलीव कर दिया गया

राजस्थान प्रान्त के जयपुर के करतारपुरा गांव निवासी नागेन्द्र(54) पुत्र रामजी लाल एक सुरक्षा कर्मी के साथ कैश बैन लेकर लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। रविवार की देर रात जब उनकी बैन आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के उमरायेपुर्वा गांव के सामने पहुंची, तभी अचानक बैन अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बैन सड़क पर पलट गई। हादसा होते ही यूपीडा कर्मी व तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। यूपीडा कर्मियों ने चालक व सुरक्षा कर्मी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने चालक नागेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। सुरक्षा कर्मी को मामूली चोटे थी। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको छुट्टी दे दी गई। मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बैन में 90 लाख का कैश था। जिसे दिल्ली ले जाया जा रहा था। मृतक चालक के परिजनों को सूचना दे दी गई थी। परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


तिर्वा कोतवाली में सीसीटीवी की निगरानी में खड़ी क्षतिग्रस्त बैन

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा बाबा दौलेश्वर धाम

- सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच बाबा के किए दर्शन
- कावरियों के लिए मंदिर प्रशासन ने की थी अलग से व्यवस्था

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कस्बे में** स्थित सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम मंदिर परिसर में सावन माह के तीसरे सोमवार को दौलेश्वर धाम मन्दिर में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर ज्लाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सुबह 05 बजे से श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कन्नौज के मेंहदीघाट से गंगा जल लेकर आने वाले सैकड़ो कावरियों ने भी बाबा के दर्शन किए। सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम में सावन के तीसरे सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं के साथ ही सैकड़ो कावरियां भी गंगाजल लेकर मंदिर पहुंचे। भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मन्दिर समिति में बेरिकेंटिग की गई थी। भीड़ को नियन्त्रित करने के लिए पुलिस कर्मी भी सुबह से ही परिसर में डटे रहे। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से शिवलिंग पर पूजा अर्चना कर मानव कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि मंदिर के आसपास किसी प्रकार का अराजकतत्व दिखाई पड़े, तो तत्काल सूचना दे। इस दौरान सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर मन्दिर में क्षेत्र के दर्जनों दुकानदारों ने अपनी दुकाने लगाई। दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के बाद लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी की।


बाबा दौलेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु — समृद्धि न्यूज

### शहर हर हर महादेव बम बम भोले के नारों से गूंज गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** सावन मास के तृतीया सोमवार को गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत के नेतृत्व में युवा जल भरने के लिए गंगा जी गए और आज शहर के मुख्य मार्ग होते हुए गंगेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर जल अर्पित किया। शहर के प्राचीनतम गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत के नेतृत्व में सैकड़ो युवा व महिलाएं कल देर रात्रि गंगा जल लेने के लिए घटियाघाट के लिए रवाना हुए वहां से जल लेकर गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्ग होते हुए गंगेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंचे और जल अर्पित किया शहर हर हर महादेव बम बम भोले के नारों से गूंजा।

# नए अधिवक्ताओं को सीओपी प्रमाण पत्र वितरण किए



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**बार** एसोसिएशन छिबरामऊ के महासचिव ललित प्रताप सिंह एडवोकेट ने नए अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा, लता शर्मा, सुचिता दुबे, अखिलेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, अंशुल अग्निहोत्री, अनुराग शुक्ला, सचिन, प्रदीप कुमार, सूरज सिंह, अवनीश कुमार, लाल जी, अमन आर्या, अविनाश वर्मा, रक्षपाल सिंह, चंद्रभान सिंह, पंकज दीक्षित, शिवम कुमार, आलोक दुबे, मो आमिर अंसारी, विवेक कुमार राजपूत को सीओपी प्रमाण पत्र व परिचय पत्र वितरण किए और अधिवक्ताओं का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान राजीव हजेला, राजेश कठेरिया, विनीत कुमार चतुर्वेदी, चित्रांश राय सक्सेना, प्रणव सक्सेना, ओमेंद्र पाल, संदीप सिंह चौहान, सौरभ हजेला, स्नेहलता गुप्ता, पियूष सक्सेना, मो खलीक, अजीत, पुष्पेन्द्र यादव, शिवम शुक्ला सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### भारतीय किसान यूनियन औनू ने जिले में पसारे पैर, संगठन का किया विस्तार

**छिबरामऊ कन्नौज।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन औनु के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील ठाकुर का नगर छिबरामऊ में आगमन हुआ एवं एक निजी गेस्ट हाउस में मीटिंग रखी गई जिसमें हाफिज मोहम्मद अख्तर को राष्ट्रीय सचिव एवं नीरज भाटिया जी को मंडल अध्यक्ष कानपुर एवं जिला अध्यक्ष कन्नौज एवं योगेश चंद्र उर्फ पप्पन प्रधान को प्रदेश संगठन मंत्री बड़े हर्षोल्लास के साथ मनोनीत किया गया । इस दौरान नवनियुक्त कानपुर मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कन्नौज नीरज भाटिया ने जनता को संबोधित करते हुए कहा की किसानों के वे सदैव लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील ठाकुर के हाथों को मजबूत करने और संगठन को आगे बढ़ने का दावा किया। इसी के साथ मुशर्रफ़ खान को तहसील अध्यक्ष छिबरामऊ एवं जिला प्रभारी कन्नौज एवं रेहान अहमद को मंडल प्रभारी कानपुर एवं नगर अध्यक्ष छिबरामऊ एवं संजीव ठाकुर को युवा जिलाध्यक्ष कन्नौज मनोनीत किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष औरैया अनिल चौहान।जिला अध्यक्ष इटावा विपिन तोमर।वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष दाऊद,सोनू कौशल ,विकास दिवाकर ,ओमवीर राजपूत,गुड्डू राजपूत ,रामपाल ,अनुराग गुप्ता,संतोष गुप्ता ,संजेश राजपूत,अंकित गुप्ता ,जकिल खान, साजू खान,आशीष शाक्य , हरिओम शाक्य,रामानंद गुप्ता, संजू शर्मा, निहाल खान,आरिफ खान, सोनू सिंह, इमरान अजीज,तारिक खान ,आजम खान, फहीम एवं सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कार व 5 लाख रूपए की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर निकाला

**छिबरामऊ सौरिख कन्नौज।** शादी के सात साल बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी सर्वेश यादव ने अपनी पुत्री रूबी की शादी 7 वर्ष पूर्व जनपद कोतवाली मैनपुरी के खटिकपुर कासी नगला निवासी स्वर्गीय ओम प्रकाश के पुत्र मनोज यादव के साथ की थी शादी के बाद से ही ससुरालीजन मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और एक कार 5 लाख रुपए की मांग कर विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे।काफी समझाने के बाद भी ससुरालीजन नहीं माने पीड़िता ने बताया मौका मिलते ही देवर शीलू ब शैलेंद्र प्रार्थिनी से छेड़छाड़ करने का प्रयास करते है उक्त लोगों ने मारपीट कर चारो पुत्रियों के साथ घर से निकाल दिया। पिता द्वारा दिए गए जेवर व नगदी को भी उक्त लोगों ने छीन लिया रिश्तेदारों के समझाने के बाबजूद भी ससुरालीजन नहीं माने 23 जुलाई 2024 को पीड़िता के पति मनोज यादव अज्ञात व्यक्तियों के साथ मेरे घर आए और 5 लाख रुपए की मांग करने लगे और कहा कि हम दूसरी शादी करेंगे जब मेरे पिता ने रुपए देने में असमर्थता जताई तो हमें थप्पड़ घुसो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की।पुलिस ने ससुरालीजन पति मनोज यादव देवर शीलू ब शैलेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया और जांच शुरू कर दी।

### फूड प्वाइजिंग का शिकार हुआ परिवार

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के बरकागांव राजा में रविवार की रात एक परिवार फूड प्वाइजिंग का शिकार हो गया। परिवार के चारों सदस्यों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां सभी की हालत गंभीर बनी हुई। बरकागांव राजा गांव निवासी विजय कुमार ने प्रतिदिन की तरह रविवार की शाम भी अपने पूरे परिवार के साथ खाना खाने बाद सो गए। मध्य रात्रि के बाद उनकी पत्नी अनीता, पुत्री खुशी व पुत्र शनि एवं छोट पुत्र अंकित की तबीयत खराब होने गई। सभी को उल्टियां आने लगी। इससे परिवार में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने मां समेत चारों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार चल रहा है तथा सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। विजय कुमार ने बताया कि शाम को सभी ने आलू की सब्जी व रोटी खाई थी, लेकिन यह नहीं मालूम हो सका कि सभी की तबीयत कैसे खराब हो गई। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बताया कि कोई चीज खाने से उनकी तबीयत खराब हो गई थी।

### दबंगों ने मारपीट कर किया फायर

**छिबरामऊ कन्नौज।** मोहल्ला सरापन स्थित छोटे मिस्त्री की दुकान पर दहशतगर्दी करने के लिए ग्राम लडैता निवासी युवक आए और मारपीट करने लगे। मौहल्ला सराफान स्थित छोटे मिस्त्री की दुकान पर उनका पुत्र अजय मोटरसाइकिल में काम कर रहा था तभी लडैता निवासी दर्जनो युवक आए और मारपीट करने लगे जब अन्य कर्मचारियों ने जाना तब आए हुए उनको में से एक लड़का को पकड़ लिया वह लड़का फायर करते हुए साथियों के साथ भाग गया घटना की जानकारी कोतवाली छिबरामऊ में दी गई।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

- हर हर गंगे के जयकारों से गूंजे घाट

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



**सोमवार को** सावन के तीसरे सोमवार को गुगरापुर क्षेत्र के जलेसर, चियासर आदि गंगा घाटों पर स्नान को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही गंगा तट श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और सूर्य नारायण को अर्घ्य देकर मां गंगा को पुष्प और दीप अर्पित कर पुण्य कमाया। गंगा तट पर एकत्र हुए श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे, जय गंगा मैया, हर हर महादेव के उदघोष के साथ गंगा में डुबकी लगाई। भक्तों ने गंगा तट पर मौजूद हनुमान जी, भोले बाबा, गंगा मैया सहित कई देवताओं के मंदिरों के दर्शन कर सन्त, महात्माओं, निर्धनों व दीन दुखियों को धन, अन्न, वस्त्र, दक्षिणा आदि देकर पुण्य कमाया। साथ ही गंगा घाट हर हर गंगे के जयकारों से गुंजायमान रहे। गंगा घाटों पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई रुकावट पैदा नहीं हुई। सुरक्षा व्यवस्था को नौरंगपुर चौकी प्रभारी किशनवीर सिंह, हेडकांस्टेबल अक्षय, कॉन्स्टेबल रवि, सतेंद्र सहित महिला कांस्टेबल मौजूद रही।

# मेडिकल कॉलेज कैम्पस में 50 बेड का तैयार होगा क्रिटिकल यूनिट

- 20 करोड़ की लागत से सीएनडीएस बनाएगा क्रिटिकल यूनिट का भवन
- कैम्पस में विद्युत सबस्टेशन के पास 35सौ वर्ग मीटर उपलब्ध कराई गई जमीन

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**राजकीय** मेडिकल कॉलेज कैम्पस में विद्युत सबस्टेशन के निकट जल्द ही 50 बेड का क्रिटिकल यूनिट शुरू होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर भवन निर्माण कार्य काम शुरू करा दिया गया है। यह भवन करीब 20 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा। भवन करीब 35 सौ वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनेगा। इस निर्माण एक बर्ष के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए है। इस यूनिट में गंभीर बीमारियों के मरीजों का उपचार होगा। जिससे क्षेत्र के मरीजों को काफी राहत मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना काल के दौरान गंभीर बीमारियों के उपचार में आने वाले दिक्कतों को देखते हुए एक क्रिटिकल यूनिट के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के मंजूरी का स्वीकृत पत्र प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा व चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय से आ गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इस क्रिटिकल यूनिट की स्थापना के लिए कैम्पस में ही विद्युत सबस्टेशन के निकट खाली पड़ी 35 सौ वर्गमीटर जमीन उपलब्ध करा दी है। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस 50 बेड के भवन का निर्माण करेगी। निर्माण कार्य को एक बर्ष में पूरा करने का निर्देश दिया गया है। प्राचार्य ने बताया कि क्रिटिकल यूनिट शुरू होने के बाद कन्नौज क्षेत्र के मरीजों को काफी राहत मिल सकेगी। गंभीर बीमारियों का उपचार भी शुरू होगा। इस क्रिटिकल यूनिट में विशेष चिकित्सकों की तैनाती भी होगी।


क्रिटिकल यूनिट के लिए जमीन को किया जा रहा समतल

### जलभराव से रजिस्ट्री दफ्तर जाना मुश्किल

**छिबरामऊ।** नगर मे हुई भीषण बरसात के बाद उपनिबन्धक कार्यालय जाने वाली वाली सड़क में जल भराव हो जाने से रजिस्ट्री करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद राठौड़ वह महासचिव ललित प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उपनिवंधक कार्यालय एवं बाल विकास पुष्ट आहार कार्यालय एवं अधिवक्ताओं के चेंबर तक जाने वाले रास्ते में भीषण प्रसाद से जल भराव हो गया है। इसके कारण रास्ते में पानी भरा रहता है। इनकार हेलो में जाने के आम जनता तथा अधिवक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को पानी के अंदर से खोज कर दिखाना पड़ता है। ऑप्राबाद का कार्यालय तक सड़क बनने से ही इस समस्या का निस्तारण होगा।

# प्राथमिक विद्यालय से निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली




**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**खंड शिक्षा** अधिकारी के निर्देशानुसार स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यालय से बच्चों की रैली निकाली गई विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक हो नामांकन के लिए जागरूक किया गया समधन क्षेत्र के गांव झूसीनागर प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को स्कूल के हेड मास्टर शैलेंद्र सिंह यादव ने रैली का शुभारंभ किया स्कूली बच्चों की रैली गांव की गलियों में निकाली गई रैली में स्कूली बच्चे लोगों को जागरुक कर रहे थे कि आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे। स्कूल में चलकर नाम लिखाओ बहुत हुआ अब चूल्हा चौका लड़कियों को दो पढ़ने का मौका यही संकल्प यही अभियान मम्मी पापा हमें पढ़ाओ स्कूल में चलकर नाम लिखाओ घर- घर विघा दीप जलाओ अपने बच्चे सभी पढ़ाओ एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा हर बच्चे को पढ़ायेंगे 21 वी सदी की यही पुकार शिक्षा है सबका अधिकार इसी दौरान शैलेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि सभी अध्यापकों व अभिभावकों का कर्तव्य है कि अब कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटे नहीं, और कहा कि अब ना करो अज्ञानता की भूल हर बच्चे को भेजें स्कूल इस नारे से पूरा ग्राम गूंज उठा वापस स्कूल में रैली का समापन कर बच्चों को फल वितरित किए गये इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह यादव, प्रभाकर, प्रभा सिंह, बंदना, मंजू , सत्यवती,राम देवी मौजूद रही।

**प्रशिक्षण** — स्तनपान व पूरक आहार का महत्वऊ विषय पर प्रसार कार्यकत्री प्रशिक्षण संपन्न

# स्तनपान नवजात के पोषण का आधार: डॉ पूनम सिंह

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**विश्व स्तनपान** सप्ताह के अवसर पर सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी सभागार में ब्लॉक क्षेत्र की 40 आशा बहुओं के लिए ÷शिशु स्वास्थ्य हेतु स्तनपान व पूरक आहार का महत्व÷ विषय पर प्रसार कार्यकत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया की मां का दूध शिशु के लिए केवल पोषण ही नहीं, जीवन की धारा है। मां के दूध में बच्चे के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक वसा, शर्करा, पानी, प्रोटीन और खनिज की सही मात्रा होती है। जन्म के पहले दिन से लेकर छह महीने तक शिशुओं को जितने भी पोषक तत्वों की ज़रूरत होती है, वो सारे तत्व माँ के दूध में पाए जाते हैं व आवश्यकता अनुरूप उनकी संरचना में परिवर्तन होता रहता है। इसलिए छः माह की अवधि तक शिशुओं के लिए सिर्फ स्तनपान की सलाह दी जाती है। मां का दूध सुपाच्य व शत प्रतिशत सुरक्षित होता है। यह नवजात को संक्रमण से बचाता है, प्रतिरक्षा विकसित करता है तथा पाचन और इष्टतम विकास के लिए फायदेमंद होता है। मां का पहला पीला गाढ़ा दूध कोलस्ट्रम पोषक तत्वों से भरपूर होता है । इसे जन्म से एक घंटे के अंदर शिशु को पिलाना टीके की तरह काम करता है। बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने व स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।स्तनपान नवजात हेतु प्रकृति का उपहार है क्योंकि ये सुविधाजनक व सही तापमान पर उपलब्ध रहता है। डॉ सिंह ने बताया की छः माह के पश्चात शिशु की ऊर्जा व पोषक तत्वों की जरूरत मां के दूध से मिलने वाले पोषक तत्वों से ज्यादा होने लगती है।छः माह के पश्चात स्तनपान व पूरक आहार शिशु को पोषण देने में एक दूसरे के पूरक हैं। इस दौरान अवस्था के अनुरूप शिशु को स्तनपान के साथ-साथ तरल,अर्ध तरल व ठोस शिशु आहार देना आवश्यक हो जाता है। शिशु के दांतों की शुरुआती अवस्था व कमजोर पाचन तंत्र कठोर चीज़ों को पचाने में सक्षम नहीं होता इसलिए उसे नरम पूरक आहार के जरिए सम्पूर्ण पोषण देने का प्रयास करना चाहिए। पूरक आहार में ज्यादा से ज्यादा खाद्य समूहों का समावेश करना शिशु में पर्याप पोषण सुनिश्चित करता है।इस अवसर पर वैज्ञानिकों द्वारा 10 अगस्त से प्रारंभ होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के प्रति भी आशा बहुओं को जागरूक व प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सी. के.राय, डॉ सुशील कुमार, डॉ अमर सिंह व अमरेंद्र यादव उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण में जानकारी देते महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह

### शिशु को स्तनपान के लाभ

- यदि बच्चा समय से पहले पैदा हुआ है, तो स्तनपान कई अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिम को कम करने में मदद कर है।
- स्तन के दूध में एंटीबॉडीज होते हैं जो शिशुओं को कुछ बीमारियों से बचाते हैं, जैसे कान का संक्रमण, दस्त, श्वसन संबंधी बीमारियाँ और एलर्जी।
- माँ का दूध पचने में आसान होता है, इसलिए शिशुओं को गैस, दूध पिलाने की समस्याएँ और कब्ज कम होती हैं।

### माताओं को स्तनपान से लाभ

- स्तनपान कराने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर और डिम्बग्रंथि कैंसर की दर कम होती है।
- स्तनपान से ऑक्सीटोसिन का स्राव होता है जो गर्भाशय को संकुचित करता है और प्रसव के बाद होने वाले रक्तस्राव की मात्रा को कम कर सकता है।
- स्तनपान से गर्भावस्था के दौरान बढ़ा हुआ वजन कम करना आसान हो सकता है।
- स्तनपान से ऑक्सीटोसिन का स्राव होता है जो गर्भाशय को संकुचित करता है और प्रसव के बाद होने वाले रक्तस्राव की मात्रा को कम कर सकता है।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को किया गया रवाना

- मजिस्ट्रेट ने रवाना करने से पूर्व दिये दिशा-निर्देश

कमालगंज, समृद्धि न्यूज



रवाना होतीं पोलिंग पार्टियां व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**खंड विकास** परिसर कमालगंज से आरओ और एआरओ सहित सभी पोलिंग पार्टियों को मजिस्ट्रेट के कड़े निर्देशन के बाद रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार आज खंड विकास परिषद कमालगंज में सभी पोलिंग पार्टियों को मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार, डीसी मनरेगा सुरेश चंद्, खंड शिक्षा अधिकारी कमालगंज, सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित सभी आरओ व एआरओ सहित सभी पोलिंग पार्टियों को अभयपुर में चुनाव के लिए रवाना किया गया। जिसमें मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार व डीसी मनरेगा ने सभी को समझाते हुए निर्देशित दिया की कोई भी पोलिंग पार्टी किसी भी बूथ पर किसी से संबंध ना बनाएं। किसी का चाय नाश्ता, पानी, खाना आदि ना लें। जिससे कि प्रधान पद के प्रत्याशियों में मनमुटाव न हो, क्योंकि वहां आप लोगों को रहने की, खाने पीने की सारी व्यवस्था सचिव के द्वारा की गई है। फिर भी किसी प्रकार की आप लोगों को परेशानी आती है तो उसके संबंध में आप पीठासीन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। वहीं फर्जी वोटिंग से भी सावधान रहें। बिना आईडी कार्ड चेक किए हुए वोट ना डलवाएं। वही खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियों निरीक्षण कर लें कि बूथ पर जैसे व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था है या नहीं। सभी मतदान अधिकारी संतुष्ट होने के बाद में चुनाव पूर्ण करवाए। शांतिपूर्ण चुनाव करवाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। वही रंजीत कुमार ने बताया कि बूथ के अंदर पुलिस नहीं जाएगी। केवल एसडीएम सदर जो कि मजिस्ट्रेट हैं वह अंदर जाकर चेक करेंगे। मतदान शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी ढंग से होना चाहिए। आप लोगों की नजर इस बात पर भी होनी चाहिए की पोलिंग बूथ के अंदर कोई भी आदमी कुछ अनर्गल चीज अंदर लेकर न जाएस जैसे मोबाइल फोन या स्याही या कोई भी अन्य वस्तु ऐसी जो कि मतदान में गड़बड़ी कर सके। जिसके लिए पुलिस द्वारा चेकिंग की जाएगी। वहीं एजेंट भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मतदान अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि फर्जी मतदान न होने दें। फोटो देखकर ही वोट डलवाए और एजेंट के माध्यम से फर्जी वोटिंग ना होने दें। बताते चले लगभग 5 महीने पहले प्रधान की मृत्यु हो चुकी है। जिसके चलते काफी दिनों से यह प्रधान का पद खाली पड़ा था। अभयपुर में कल 6 तारीख को चुनाव होना है। 8 तारीख को परिणाम आयेगा। जिसमें पूर्व प्रधान के पुत्र सहित पांच प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे। वहीं लगभग 1245 मतदाता निर्णायक की भूमिका अदा करेंगे। इस मौके पर डीसी मनरेगा पीडी कपिल कुमार, खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र, थाना अध्यक्ष कमालगंज रणविजय सिंह, सीडीपीओ संजय सचान, आरओ विपिन कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिवालयों में पूरे दिन गूंजते रहे बम-बम भोले के जयकारे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



पंडाबाग मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

**सावन के** तीसरे सोमवार पर नगर के शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। सबसे ज्यादा भीड़भाड़ ऐतिहासिक मंदिर पांडेश्वरनाथ मंदिर में देखी गयी। यहां पर पुलिस ने लाइन लगवाकर महिला और पुरुषों को पूजा अर्चना करने दी। कई भक्तों ने गंगाजल से भगवान भूतभावन का जलाभिषेक किया तथा विल्वपत्र, फूल, धतूरा, भांग आदि अर्पण किये। मंदिरों में पूरे दिन बम-बम भोले के जयकारे गुंजायमान होते रहे। आज सावन का तीसरा सोमवार होने के चलते नगर के शिवालयों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने श्रद्धाभाव से भगवान शिव का अभिषेक कर विल्वपत्र, भांग, धतूरा, पुष्प, शहद, दूध आदि अर्पित किये। कई भक्तों ने गंगाजल से जलाभिषेक किया। सबसे ज्यादा भीड़ पंडाबाग मंदिर में देखी गयी। यहां पर पुलिस ने महिला तथा पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवायीं। तब उन्हें भगवान के दर्शन करने दिये। इसके अलावा नगर के मठिया देवी, कोतवालेश्वर, बढ़पुर स्थित शंकर जी के मंदिर, भोलेपुर स्थित भगवान शिव के मंदिर समेत नगर के दर्जनों शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गयी। वहीं महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की। शाम के समय मंदिरों में भगवान शिव की वेलपत्र, भांग आदि से मनमोहक झाकियां सजायी गयीं और रंग बिरंगी आकर्षक झालरें लगायी गयीं। जिससे भगवान भोलेनाथ की नैयनाभिराम झांकी देखते ही बनती थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा।

# खबरें चलते-चलते

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास में दो युवकों को चार वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज कक्ष संख्या 5 न्यायधीश रितिका त्यागी ने गैर इरदातन हत्या के मामले में अर्जुन पुत्र मलिखान जगन्नाथपुर, लवकुमार पुत्र सीताराम निवासी महमूदपुर की मड़ैया कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार वर्ष का कारावास से दण्डित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 11 वर्षो पूर्व दयाराम पुत्र सोनेलाल निवासी पिपरिया सौरिख ने थाना कमालगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा पुत्र ज्ञान सिंह दिनांक 10 फरवरी 2003 को अपनी बहन सरस्वती के पास ग्राम जगन्नाथपुर थाना कमालगंज गया था। दिनांक 12 फरवरी 2003 को सुबह मेरे दामाद सरमन पुत्र मालिखान निवासी जगन्नाथपुर ने मुझे टेलीफोन से सूचना दी कि तुम्हारे लड़के ज्ञान सिंह को हमारे गॉव के अर्जुन, पुष्पेन्द्र, लवकुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर कल शाम करीब साढ़े छः बजे शाम मेरे दरवाजे पर लाठी-डंडों व इटो से मारपीट कर लहूलुहान कर भाग गए। मेरी पुत्री सरस्वती ने मौके पर जाकर अपने भाई को बचाने का प्रयास किया, तो सरस्वती को भी जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर जब मैं पहुंचा, तो देखा मेरा पुत्र घायलावस्था में पड़ा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिक त्यागी ने अर्जुन, लवकुमार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार वर्ष का कारावास व 31500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## एनडीपीएस के आरोपी को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने पिंटू उर्फ पवन कुमार बोडिया पुत्र राममूर्ति निवासी डूंगरपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते दस माह का कारावास की सजा सुनाई है। बीते 13 वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्दाबाद में तैनात उपनिरीक्षक आशीष कुमार पांडेय कांस्टेबिल छोटेलाल राजेन्द्र तिवारी के साथ देखरेख शांति व्यस्था गश्त कर रहे थे। मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली डूंगरपुर तिराहे पर बने प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति खड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और उपरोक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम पवन कुमार बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पर नशीली गोली बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने पवन कुमार को दोषी करार देते हुए दस माह के कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव हकीकतपुर निवासी पुष्पेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि तीन माह पूर्व वह पड़ोस के गांव आजमपुर से घर जा रहा था। सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। चालक शैलेश कुमार निवासी महमूदपुर पट्टी सपाह पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित को थाने से भगा दिया। उसके बाद पीड़ित ने एसपी को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## नाले में पड़ा मिला स्टाम्प बेंडर का शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक का शव नाले में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और युवक को सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजारिया रामलाल तथा मूल निवासी जनपद मैनपुरी के भोगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर खेड़ा के रहने वाले अंलकृत पाण्डेय उम्र 26 वर्षीय पुत्र अश्वनी पाण्डेय तहसील कायमगंज मे स्टाम्प बेन्डर था। सोमवार को वह बाइक द्वारा घर से निकला था, लेकिन वह घर नही पहुँचा। उसका शव पानी कि टंकी बाईपास रोड के पास ट्रान्सफार्मर के निकट नाले मे पड़ा देखा गया।

# दो दुकानों के ताले तोड़कर व छत काटकर लाखों की नकदी व सामान चोरी

कंपिल, समृद्धि न्यूज



जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**चोरों ने** दो दुकानों के ताले तोड़कर व छत काटकर लाखों रुपए की नगदी व सामान चोरी कर लिया। दुकान खोलने पर दुकानदारों को घटना की जानकारी हुयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। व्यापारियों ने कस्बा इंचार्ज की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पीड़ितों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी रामपाल यादव की मुख्य चौराहे पर पंकज जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। रविवार देर रात वह दुकान में ताला लगाकर घर चले गए। सोमवार की बीती रात चोर दीवार फांदकर छत पर चढ़ गए। चोर छत पर लगे दरवाजे की कुण्डी व ताला तोड़कर दुकान में घुस गए। चोरों ने गुल्लक में रखे तीस हजार रुपए व लगभग बीस हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। पड़ोस में ही कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी बिक्की की श्याम मिष्ठान भंडार नाम से दुकान में चोरों ने छत के लेंटर में लगी पटिया काटकर घुस गए। दुकानदार के अनुसार चोर गुल्लक में रखे पचास हजार रुपए ले गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदारों को घटना की जानकारी हुयी। दुकानों का सामान बिखरा पड़ा था व गुल्लक में रखे रुपए गायब थे। पीड़ितों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल की। पीड़ितों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। थाना प्रभारी जितेन्द्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### लगी रही पिकेट, चोर करते रहे चोरी

थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर मुख्य चौराहे पर पुलिस पिकेट का रात भर पहरा रहता है। दो होमगार्ड दुकान के ठीक सामने रात भर बैठते हैं। इसके बाबजूद भी चोर दुकानों के तालेए कुंडे व छत काटते रहे। जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने कस्वा प्रभारी को हटाए जाने की मांग की।

### नगर में हो चुकी चोरियों का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

दो माहः पूर्व मोहल्ला मांझ गांव निवासी सद्दाम हुसैन के घर से चोरों ने लाखों रुपए की नगदी व जेवर चोरी कर लिए। दूसरी घटना रामेश्वर नाथ मंदिर से टीन शेड चोरी। तीसरी घटना एक माह पूर्व हितेश वर्मा ज्वेलर्स की दुकान से नगदी व जेवर चोरी। पुलिस ने सभी घटनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पुलिस एक भी घटना का खुलासा नही कर सकी। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

# अवैध मिट्टी का खनन करते दो ट्रैक्टरों को पकड़ा



थाने में खड़े ट्रैक्टर — समृद्धि न्यूज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** अवैध खनन करते दो लोगों को पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रैक्टरों सहित पकड़ लिया। वहीं पुलिस का कहना है कि अवैध खनन को किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने सोमवार दोपहर अवैध खनन की सूचना पर गुजरपुर के निकट खेतों में छापेमारी की। अवैध खनन कर रहे चालक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दो ट्रैक्टर ट्राली का पीछा किया। दोनों ट्रैक्टर ट्राली के चालकों ने मिट्टी को सड़क पर पलट दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को थाने ले आयी। खनन अधिकारी संजय सिंह ने बताया की मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल



मृतक का फाइल फोटो

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ट्रैक्टर की** टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर में याकूतगंज स्थित पेट्रोल पम्प के पास फर्रुखाबाद की ओर से जा रहे ट्रैक्टर चालक ने सामने से बाइक से आ रहे रोबिन निवासी नगला जखा फतेहगढ़ अपने एक साथी के साथ घर लौट रहे थे, की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक रोबिन की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पीछे बैठा युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घायल को लोहिया अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के बाद ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है।

## ट्रेन से कटकर मजदूर की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे लाइन पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गयी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद हरदोई थाना अरबल के ग्राम शेखापुर निवासी रमाकांत का 30 वर्षीय पुत्र दीपक फर्रुखाबाद में मजदूरी करता था। सोमवार को दोपहर लगभग 12.20 बजे वह बढ़पुर के निकट रेलवे लाइन पार कर रहा था। उसी दौरान कानपुर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आनें से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब में निकले अभिलेखों से परिजनों को सूचना दी। पिता रमाकांत ने शव की शिनाख्त की। पत्नी सरिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रमाकांत ने बताया कि दीपक को कानों से कम सुनाई देता था। मृतक के 6 वर्षीय पुत्री अनन्य है। आवास विकास चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि परिजन शव लेकर चले गये। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

# सावन के तीसरे सोमवार पर महादेव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

- चौमुखे महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने जाते कांवड़िये

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



चौमुखे महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने जाते कांवड़िये

**चमकी महादेव** मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। लंबी-लंबी लाइन में अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते दिखायी दिये। प्राचीन मंदिर चौमुखी महादेव मंदिर में भक्त जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। आज काफी संख्या में कांवड़िये भी पहुंचे। इस दौरान पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। ढाईघाट गंगा नदी पर काफी संख्या में कांवर लेकर श्रद्धालु अपने-अपने वाहनों से पहुंचे और जलाभिषेक करने के लिए गंगा स्नान कर कावड़ के साथ गंगाजल लेकर पैदल यात्रा कर शिव का जलाभिषेक करने के लिए चौमुखे महादेव पशुपति नाथ मंदिर के लिए निकल पड़े। गंगा नदी पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौजूद रही। इसके अलावा काफी संख्या में पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा। बताते चलें कि चौमुखे महादेव पशुपति नाथ मंदिर शमशाबाद खोर नगरी में प्राचीन मंदिर है। यहां पर दूर-दूर से कांवड़ियां कांवड़ लेकर शिव भक्त आते हैं और शिव का जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान फायर ब्रिगेड टीम के साथ भंवर सिंह यादव, महेश चंद्र, विकास, उमराव, नीलेश कुशवाह, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांव समैचीपुर चितार व बेहटा बल्लू का किया दौरा

- ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, बाढ़ राहत सामग्रा का किया विचरण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह द्वारा कायमगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित समैचीपुर चितार व बेहटा बल्लू गाँवों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से पूछा गया कि गांवों में मेडिकल टीमें आ रही हैं या नहीं। ग्रामीणों ने बताया कि मेडिकल टीमो द्वारा गाँवों में भ्रमण किया जा रहा है व दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। पशुओं के टीकाकरण के बारे में जानकारी की गई। जिन पशुपालकों पर पशुओं को खिलाने के लिये भूसा नहीं है उनकी सूची बनाकर भूसा उपलब्ध कराने के निर्देश सी0वी0ओ0 को दिये गये। किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत उपजिलाधिकारी से संपर्क करने के लिये कहा गया। जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामिग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी कायमगंज व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव हरिहरपुर निवासी चिरौजी लाल उम्र 80 वर्ष पुत्र कल्याण सिंह गाँव में पैदल रोड क्रास करके परचून की दुकान से कुछ सामान खरीदने जा रहे थे, तभी अचानक सामने से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उनके सामने से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जमीनी विवाद का मामला — गुस्सायी पुत्री ने शव को थाने के गेट पर रखकर किया जमकर हंगामा

# टकोरा व तमंचा लेकर घुसे दबंगों ने महिला का गला दबाकर धमकाया, मौत

- पुलिस को सुनाई खरीखोटी, 4 अगस्त के प्रा0प0 पर नहीं की थी कार्रवाई
- थानाध्यक्ष के समझाने बुझाने व कार्रवाई करने के आश्वासन पर शांत हुई

कमालगंज, समृद्धि न्यूज



पुलिस पर आरोप लगाती मृतका की पुत्री — समृद्धि न्यूज

**जमीनी विवाद** के चलते परिवारीजनों ने टकोरा व तमंचे से लैस होकर घर में घुसकर महिला का गला दबाकर धमकाया। जिससे महिला अचेत हो गयी। उसे कानपुर ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। घटना से गुस्सायी पुत्री ने शव को थाना गेट पर रखकर जमकर प्रदर्शन किया और पुलिस को खरी खोटी सुनाईं। बोली यदि पुलिस कार्यवाही करती, तो यह घटना घटित नहीं होती। थानाध्यक्ष ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर पीड़िता शांत हुई।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव श्रृंगीरामपुर निवासी संगीता पुत्री दिनेश दत्त शुक्ला ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया की पीड़िता के पिता ने 1 अगस्त को जिलाधिकारी को जमीनी विवाद से संबंधित एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसको लेकर कल गांव में जांच करने के लिए कुछ अधिकारीगण आए थे। जांच करने के बाद में उक्त अधिकारी चले गए। उसके बाद सह खातेदार सुरेश दत्त शुक्ला पुत्र मगनलाल, उसका भतीजा सोमदत्त पुत्र रमेश दत्त गुस्से में हाथ में टकोरा और तमंचा लेकर घर में घुस आए और मौके पर मिली पीड़िता की मां का गला दबाकर और तमंचा व टकोरा से भय दिखाकर जान से मारने का प्रयास करने लगे। जिससे पीड़िता की मां भयभीत होकर बेहोश हो गई। उक्त लोग पीड़िता की मां को मरा हुआ समझकर मुझे जानमाल की धमकी देकर भाग गए। मैंने तुरंत इसकी सूचना अपने पिता को दी। जिस पर मेरे पिताजी आए और मेरी माता को लेकर लोहिया अस्पताल गए। जहां पर डॉक्टरों द्वारा जवाब दिए जाने पर पिता मां को लेकर कानपुर गए। जहां उनकी मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना पीड़िता ने 4 अगस्त शाम को ही खुदागंज चौकी इंचार्ज को दी, लेकिन पुलिस के ढीले रवैया के चलते कोई कार्रवाई नहीं की गई। सोमवार को संगीता अपनी मां की लाश को एंबुलेंस में रखकर थाने लाई और थाने के गेट पर शव रखकर हंगामा करते हुए पुलिस पर वक्त रहते कार्रवाई ना करने के गंभीर आरोप लगाए और कहा अगर पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो पुलिस को चूड़ी और पेटीकोट पहना दूंगी। मामले की गंभीरता और पुलिस की हंसी होते देख थाना प्रभारी रणविजय सिंह ने काफी प्रयास के बाद पीड़ित संगीता को समझा बुझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक व परिजनों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव की दुकान से सौदा लेने जा रहे युवक को रास्ते में बैठे शराबी युवकों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये उसके परिजनों को भी पीटा। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बबना निवासी रमाकांत पुत्र पंछी लाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आज अपने गांव में ही एक दुकान से सौदा लेने जा रहा था, तभी गांव के ही आरोपीगण रास्ते में बैठे शराब पी रहे थे। जब पीड़ित युवक वहां से निकला, तो आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने मारना पीटना शुरु कर दिया। बचाने आए पीड़ित के माता-पिता को भी जमकर पीटा तथा 11 वर्षीय भतीजी को भी मारापीटा। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद आरोपी रवि पुत्र राजवीर, अमरेश पुत्र राजवीर, अजय पुत्र राजवीर निवासी ग्राम बबना थाना नवाबगंज के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# सपाईयों ने उत्साह के साथ मनाई छोटे लोहिया पं. जनेश्वर मिश्र की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सोमवार को** समाजवादी पृथक चिंतक एवं छोटे लोहिया के नाम से मशहूर पंडित जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने पंडित जनेश्वर मिश्र की चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा की पंडित जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी पार्टी को हमेशा एक परिवार की तरह माना, कोई भी कार्यकर्ता चाहे वह किसी समाज का हो अगर उनके पास पहुंच जाता था तो उसकी समस्या का निवारण करके ही भेजते थे। समाजवादी पार्टी के संस्थापक रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव नेताजी ने भी हमेशा जनेश्वर



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव

मिश्र की बात मानी और आगे बढ़ाने का काम किया और यही कारण रहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्री काल में एशिया का सबसे बड़ा पार्क लखनऊ में जनेश्वर मिश्र के नाम से स्थापित कराया। जिसमें लाखों लोग आज अपने व्यायाम करने के लिए लाभान्वित हो रहे हैं। अवधेश पांडे ने कहा कि समाज भाजपा के बहकावे में न आये। इसलिए ब्राह्मण समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव से जुड़कर पार्टी को मजबूत करें। जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने कहा कि ब्राह्मणों का असली सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया। आज जिस प्रकार उत्तर प्रदेश के विपक्ष की कुर्सी पर कई बार के विधायक रहे माता प्रसाद पांडे को बनाया। उससे पीडीए के साथ-साथ अगड़े समाज को भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ लेकर के चल रहे हैं। इस अवसर पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, युवजन सभा के प्रदेश सचिव रवी पांडे, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, बंटी यादव, जितेन्द्र यादव, बेंचेलाल यादव आदि ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान मुजीब उल हसन, रूकमंगल सिंह, राजपाल सिंह यादव, विमलेश शर्मा, धर्मेंद्र यादव, धनपाल सिंह यादव, मुख्तार आलम, अमन चतुर्वेदी, अजय यादव, शिव शंकर शर्मा, विशाल यादव, अंकित यादव, अखिल कठेरिया, लालमन यादव, अरविंद यादव, सोनू यादव, सचिन यादव, जितेंद्र यादव, मुजाहिद अंसारी, विजेंद्र सिंह यादव, दलवीर सिंह यादव, राकेश कुमार यादव, अनमोल यादव, निजाम अंसारी, गौरव यादव, चांद खां आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।

# कृत्रिम बुद्धिमता भाषण प्रतियोगिता में नैंसी ने पाया प्रथम स्थान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आरपी इंटर** कालेज कमालगंज में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज, आरपी इंटर कॉलेज, आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानूखेड़ा, आरपी बालिका इंटर कालेज, पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज जरारी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिसामपुर, गंगा देवी इंटर कालेज कमालगंज के छात्रों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज की छात्रा नैंसी ने प्रथम, आरपी इंटर कॉलेज



विज्ञान संगोष्ठी में भाग लेती छात्रा मौजूद शिक्षक

कमालगंज के छात्र आशुतोष शर्मा ने द्वितीय, आरपी इंटर कॉलेज की छात्रा उपासना व फिरोज गांधी इंटर कॉलेज के छात्र सावन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगोष्ठी में प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह ने सभी छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभ व हानि से अवगत कराया। कार्यक्रम के दैरान शिक्षक रणजीत सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, रोहित सरोज, संजीव कुमार, अमिताभ सिंह, कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने जनपद के जयप्रकाश सिंह को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ स्थित** समाधान टावर में 3 व 4 अगस्त को मिक्सड मार्शल आर्ट्स एजीएम के समाधान टावर सेंटर में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनपद के मिक्सड मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही चेयरमैन मनीष शुक्ला व जनरल सेक्रेटरी अभिषेक मौर्या मौजूद रहे। 3 व 4 अगस्त को आयोजित हुई प्रतियोगिता में लखनऊ के रवोलेशन फिटनेस सेंटर में जज, रेफरी, कोच व खिलाड़ियों का ट्रेनिंग सेमिनार आयोजित हुआ। ट्रेनिंग के बाद सेमिनार में शामिल लोगों की परीक्षा हुई। फर्रुखाबाद जनपद के आर्यन ने रेफरी व जयप्रकाश सिंह ने जज की परीक्षा पास की। परिणाम आने का दोनों को मिक्सड मार्शल आर्ट्स के जनरल सेक्रेटरी अभिषेक मौर्या द्वारा पत्र दिया गया। प्रमाण पत्रों के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जज व रेफरीशिप करने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले जज व रेफरी की परीक्षाओं में बैठने का मौका मिलेगा। एजीएस के अंत में सभी खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास करने की बजह से जयप्रकाश सिंह को विशेष रुप से प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। फर्रुखाबाद मिक्सड आर्ट्स के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने बताया कि शीघ्र ही कोच की व्यवस्था कर परीक्षण शुरु कराया जायेगा और जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा।


उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा सम्मानित होते मिक्सड अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह

# सूरज सेवाश्रम में आरके पाठक ने किया रुद्राभिषेक

▸ दंडी स्वामियों को सम्मानित कर लिया आशीर्वाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सावन माह** में दान करना शुभ माना गया है। साथ ही भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व पूजा अर्चना का महत्व होता है। सूरज प्रकाश गोपिका रानी सेवा समिति द्वारा संचालित पांचाल घाट स्थित सूरज सेवाश्रम आश्रम अध्यक्ष डा0 आरके पाठक ने परिवार के साथ महारुद्राभिषेक किया। साथ ही दण्डी स्वामियों को सम्मानित किया। विधि विधान से पंचाल घाट स्थित सूरज सेवाश्रम में पूजा अर्चना की गई। भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक के साथ प्रसाद वितरण किया गया। दूध, दही, शक्कर, शहद, मिष्ठान आदि का भोग लगाया गया। उपप्रांत दंडी सत्यदेव, आचार्य अमरीश एवं अन्य संतजनों ने रुद्राभिषेक में भाग लिया और भक्तों को आशीर्वाद दिया।


रुद्राभिषेक करते आरके पाठक व उनकी पत्नी

## खबरें एक नजर में

### वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की उठायी मांग

▸ मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बार एसोसिएशन के महासचिव नरेश सिंह यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर मांग की गई कि अधिवक्ताओं के प्रति हो रहे अपराधों को रोकने व अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन में दर्शाया कि अधिवक्ताओं के साथ रोजाना घटनायें कारित की जा रही है। अधिवक्ताओं की हत्या एवं झूठे अपराधिक मुकदमे में फंसाने का कुचक्र चरम पर पहुंच रहा है। हरदोई में अधिवक्ता कनिष्क कुमार मेहरोत्रा की घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी गई। पूरा अधिवक्ता समाज हतप्रभ व असहज है। अपराधियों की निरकुंशता एवं अधिवक्ताओं की हत्यायें होने व झूठे मुकदमे में अधिवक्ताओं को फंसाने के अविधिक कृत्यों से अधिवक्ता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है तथा अधिवक्ताओं में रोष व आक्रोश व्याप्त है। शासन प्रशासन अधिवक्ताओं के प्रति हो रहे अपराधों को रोकने तथा प्रभावी कार्यवाही कर समुचित सुरक्षा प्रदान करें। नहीं तो अधिवक्ता समाज आंदोलित होने के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन भेजकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की गई है। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### रक्षाबंधन से पहले वेतन दिलाये जाने की सफाई कर्मचारियों ने उठायी मांग



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि कायमगंज नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की लम्बे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान किया जाये। स्थायी सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के तहत काम करते कई वर्ष हो गये है। कायमगंज में तैनात सफाई कर्मचारियों को अभी तक समय पर वेतन नहीं दिया गया है। संविदा सफाई कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता रक्षाबंधन से पूर्व भुगतान किया जाये। सफाई कर्मचारियों को उपकरण उपलब्ध कराये जाये। जिससे सफाई व्यवस्था सुचारु रुप से चल सकें। कायमगंज में तैनात बड़े बाबू रामभुवन सिंह लगभग 11 वर्षों से एक ही जगह पर तैनात है। अभी तक उनका स्थानांतरण नहीं किया गया। 9 वर्ष में स्थानांतरण होने का आदेश है। उनका स्थानांतरण किया जाये। जिससे सफाई कर्मचारियों का शोषण रुक सकें। कायमगंज में तैनात संविदा सफाई कर्मचारियों के पद पर तैनात सुभाष को मूल पद पर भेजा जाये। सफाई कर्मचारियों को मौसम को देखते हुए वर्दी उपलब्ध करायी जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि, नंदकिशोर आदि लोग मौजूद रहे।

### सरदार पटेल युवा वाहिनी ने बुजुर्गों को माला पहनाकर किया सम्मानित

▸ वृक्षारोपण कर प्रकृति को हरा-भरा बनाने का दिया गया संदेश



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरदार पटेल युवा वाहिनी की मासिक बैठक ग्राम कीरतपुर में संगठन के संरक्षक अशोक कटियार के निवास पर सम्पन्न हुई। हर्षवर्धन कटियार, अशोक कटियार, पवन कटियार, अनुज कटियार, शरद कटियार, अंशुल कटियार आदि सभी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संचालन धनंजय कनौजिया ने किया। कार्यक्रम में बुजुर्गों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। संगठन व समाज को और कैसे मजबूत बनाया जाए इस पर भी चर्चा हुई। संगठन के अध्यक्ष पवन कटियार ने कहा हमे सरदार पटेल के विचारों से प्रेरणा मिलती है। जिस तरह सरदार पटेल ने 562 छोटी छोटी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत का निर्माण किया था। हम सभी उन्ही के आदर्शों को प्रेरणा स्रोत मानकर उनके अनुआइयों व समाज को माला की तरह एक एक मोती को पिरोने का कार्य सरदार पटेल युवा वाहिनी करेगी। अन्य जनपदों में भी संगठन का विस्तार होगा। साथ ही ग्राम कीरतपुर में 5 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया और प्रकृति को हरा भरा बनाने का सभी ने संकल्प भी लिया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षकगण, सदस्य एवं कीरतपुर के सभी ग्रामबासी उपस्थित रहे।

## भाकियू नेताओं ने एसपी से मुलाकात कर किया स्वागत, रखी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन ने पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोई भी किसान अपनी भाषा में प्रार्थना पत्र किसी भी थाने या चौकी पर दे सकता है। प्रार्थना पत्र लिखवाने में किसी भी प्रकार का कोई भी शुल्क नहीं देना है। एसपी ने कहा है कि अगर कोई भी थाना प्रभारी या चौकी प्रभारी किसी भी अन्य व्यक्ति से प्रार्थना पत्र लिखवाने को बोलते हैं तो उसकी सूचना मुझे सूचना दी जाये। जिला महासचिव सर्वेश सिंह यादव, प्रदीप कुमार, एनए खान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व की समस्याओं का समाधान हिन्दू चिंतन के साथ होंगे व्यापक कार्यक्रम: मिलिंद परांडे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ अनिल प्रताप सिंह कार्याध्यक्ष व जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा बने

**विश्व हिन्दू** परिषद् कानपुर प्रान्त की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक का गोविन्द नगर स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर मुनि हिन्दू इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुई। विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, विहिप प्रान्त कार्याध्यक्ष डा0 उमेश पालीवाल, प्रान्त उपाध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डेय, बालिस्टर सिंह, प्रान्तमंत्री राजू पोरवाल ने श्रीरामजानकी दरबार का पूजन अर्चन कर बैठक का शुभारम्भ किया।

कानपुर प्रांत के अन्तर्गत आने वाले 21 जिलों के दायित्वधारियों को सम्बोधित करते हुए मिलिंद परांडे ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना वर्ष 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर हुई। वर्ष 2024 में संगठन की स्थापना के 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस षष्ठीपूर्ति वर्ष समापन कार्यक्रम हेतु बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रान्तभर में हजारों स्थानों पर व्यापक जनजागरण कार्यक्रम होंगे। 24 अगस्त से 1 सितंबर के बीच आयोजित होने वाले इन स्थापना दिवस महोत्सव कार्यक्रमों के अन्तर्गत विहिप की 60 वर्षों की उपलब्धियां, वर्तमान में राष्ट्र, धर्म व हिन्दू समाज के समक्ष चुनौतियां तथा उनके निराकरण के सम्बन्ध में चर्चाएं, संगोष्ठियां व सार्वजनिक कार्यक्रम होंगे। इनके माध्यम से हम विहिप के कार्यों व हिन्दू जीवन मूल्यों को जन जन तक लेकर जाएंगे। गजेन्द्र ने बैठक में हिन्दू मान्यताओं व परम्पराओं की सात्विकता व पवित्रता सुनिश्चित करने के साथए मन्दिरों को जागरण, धर्म प्रचार, सेवा व समरसता के केन्द्र बनाने का संकल्प दिलाया। पोरवाल ने संगठनात्मक वृत्त प्रस्तुत करते हुए कहा कि कानपुर प्रान्त के 21 जिलों के 199 प्रखंडों में अभी 2759 समितियां गठित हैं, जिनके अंतर्गत विहिप, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी, धर्मप्रसार आदि के व्यापक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। समापन सत्र में प्रांत के कई जिलों के कार्यकर्ताओं को नवीन जिम्मेदारियां दी गई। जनपद फर्रुखाबाद में जिला मंत्री दायित्व पर रहे सुशील चौहान को प्रांत का सह प्रचार प्रसार प्रमुख, अनिल प्रताप सिंह जिला कार्याध्यक्ष, शिवाकांत कटियार जिला उपाध्यक्ष एवं अखिलेश मिश्रा जिला मंत्री को नवीन जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में क्षेत्र विशेष संपर्क प्रमुख अनिल दीक्षित, क्षेत्र दुर्गावाहिनी संयोजिका कल्पना, वासुदेव पटेल, अभिनव दीक्षित, अवधेश भदौरिया, सीमा, दुर्गेश, संगीता, अवनी, विनोद तोमर, राजेंद्र शर्मा, गौरांग, आचार्य अजीतराज, अमरनाथ, शुभम कौशिक, अवधेश शर्मा आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम के बाद मौजूद पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

# भाविप महादेवी शाखा ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ महिलाओं एवं बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य कर किया मंत्रमुग्ध

**भारत** विकास परिषद महीयसी महादेवी शाखा के हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन धूमधाम से महिलाओं और बच्चों के सुंदर गीत एवम् नृत्य के साथ मातृ छाया सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने द्वीप प्रज्वलन एवं भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया। सभी ने खड़े होकर वंदे मातरम गीत गया। संचालन कर रही दिव्या रायजादा ने अपने पुष्प रूपी शब्दों से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र गुप्ता का स्वागत किया और अतितियों का माल्यार्पण एवम् अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कु मिस्टी गुप्ता ने भगवान गणेश वंदना की सुंदर नृत्य प्रस्तुति से किया। कु आयुषी मिश्रा ने भगवान शंकर के शिव तांडव पर बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज गया। यति एवं शिवी कटियार ने आग तन मन में लगे राधा कैसे न जले गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सावन में सभी को राधा कृष्ण के प्रेम में सराबोर कर दिया। दिव्या शर्मा ने कान्हा स्तुति पर नृत्य प्रस्तुत किया। गौरांश, खुशी, ज्ञांदा, सौम्या, रिया, रिद्दीमा, अपराजिता एवम् आशवी, पीहू आदि बच्चों ने मनमोहक गीत और नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहा। वहीं रंजीता रायजादा, चित्रा अग्निहोत्री, अंजना, ज्योति, अर्चना, सीमा, स्मृति, श्वेता, प्रीति, अंजु, सुनीता, वंदना, पायल, सुमन सक्सेना, कल्पना, ममता कटियार, रिचा, रश्मि, आशा शुक्ला, मृदुला, रीता दुबे, आशा वर्मा, मनोरमा गुप्ता, मीनाक्षी अवस्थी, सुष्मिता, नीलम अग्निहोत्री आदि महिलाओं ने ढोलक की थाप एवं मजीरे की गूंज पर सावन के गीत गाए और सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में दीपक किशोर, सौरभ गुप्ता, आशीष शर्मा, अमित शर्मा, अजय दीक्षित, गौरव श्रीवास्तव, अनुज गुप्ता, प्रीति गुप्ता, डा0 अनुज मिश्रा, अजीत राजन सक्सेना, राम किशोर शुक्ला, विवेक कटियार, संजीव कटियार, मनोज कुमार शुक्ला, राजीव पुरवार, राजीव बरतरिया, संजय गुप्ता, नारायण अग्रवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, रवींद्र शुक्ला, गौरव मिश्रा, विष्णु अरोड़ा, आलोक रायजादा, शरद श्रीवास्तव, संजय दुबे, राम कुमार वर्मा, सुरेश चंद्र गुप्ता आदि की उपस्थित रहे।



हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

## कंटेनर चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** कन्टेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत हो गयी तथा महिला के घायल हो जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात कन्टेनर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जनपद कन्नौज थाना छिबरामऊ क्षेत्र के गांव नगला महुआ निवासी शिशुपाल सिंह पुत्र सर्वेश कुमार ने कन्टेनर के अज्ञात चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 26 जुलाई की शाम 4:10 बजे शिशुपाल सिंह का भाई राजपाल सिंह सर्वेन्द्र की पत्नी अरुणा देवी के साथ अलीगंज से अपनी बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था, तभी सराय अगहत-अलीगंज मार्ग मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बिछौली ईंट भट्टे के पास कन्टेनर के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए राजपाल की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे राजपाल की मौत हो गई थी और बाइक पर पीछे बैठी महिला अरुणा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी तथा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। मेरापुर पुलिस ने मृतक के भाई शिशुपाल सिंह की तहरीर के आधार पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# रैली निकाल कर फाइलेरिया के प्रति किया गया जागरुक

▸ एनएकेपी महाविद्यालय में फाइलेरिया बचाओ संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फाइलेरिया बचाओ जागरुकता को लेकर क्रिश्चियन इंटर कालेज के छात्रों ने रैली निकाली। नारायण आर्य कन्या महाविद्यालय में एनएसएस की छात्राओं को जागरुक करते हुए संगोष्ठी का आयोजन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 शशि किरण, डॉ0 पारुल, क्रिश्चियन इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार, अवधेश खोजी, अमित दयाल, अतुल दास, पीसीआई से शादाब, अनुपम मिश्र आदि लोग मौजूद रहे। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आरसी माथुर ने छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक घातक बीमारी है। ये साइलेंस रहकर शरीर को खराब करती है। यही कारण है कि इस बीमारी की जानकारी समय पर नहीं हो पाती। हालांकि सजगता से फाइलेरिया बीमारी से बचा जा सकता है। इसलिए दवा का सेवन अवश्य करें। यह अभियान 10 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगा और दवा खिलाई जायेगी।



फाइलेरिया जागरुकता रैली में भाग लेते छात्र मौजूद शिक्षक

# भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण रोकने की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी व** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र के मार्गदर्शन में विकास खण्ड राजेपुर में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन हुआ। ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल ट्रैफिकिंग आदि की रोकथाम पर चर्चा की गई। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने उपस्थित समस्त अधिकारीगणों को महिला कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा। जिससे उनको कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा सकें। उन्होंने बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी। बताया कि बाल विवाह करने पर 2 वर्ष की सजा और 1 लाख रुपए जुर्माने का प्राविधान है। प्रभारी खंड विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजीत पाठक ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र समय से बनवाएं और बच्चों के उचित पालन पोषण पर ध्यान दें। बैठक में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी अनूप सिंह ने कक्षा 5 तथा कक्षा 8 के बाद ड्रॉप आउट हो रहे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें स्कूल में प्रवेश कराए जाने तथा स्कूलों में बाल विवाह, गुड टच बेड टच के संबंध में बच्चों को जागरुक कराए कराये। प्रभारी निरीक्षक ए0एच0टी0यू0 हरि नंदन ओझा ने मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति आदि की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी नवीन चंद्र ने कहा कि यदि ट्रेन, बस में कोई व्यक्ति अधिक बच्चों को ले जाता हुआ दिखाई दे और बच्चे घबराएं न तुरंत आर0पी0एफ0 एवं 1098, 112 को सूचना दें। बैठक में खंड चिकित्साधिकारी डॉ0 आरिफ सिद्दीकी, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी राजीव सिंह, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर उत्तमा सिंह, केस वर्कर अमित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद अधिकारी व आंगनवाड़ी कार्यकत्री

# किसानों की डिजिटल आईडी की जा रही तैयार

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में दी जानकारी, किसान का सम्मान और कल्याण मोदी सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि किसानों की डिजीटल आईडी (पहचान) तैयार की जा रही है और इससे उनकी खेती की जमीनों के साथ जोड़ा जाएगा।

श्री चौहान ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता किसान का सम्मान और कल्याण है तथा इसके लिए, निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना से किसानों को ऊंचे ब्याज से मुक्ति मिली है और उनके सम्मान में बढ़ोतरी हुई। इससे किसान सशक्त हुआ है और उसे कृषि आदानों के लिए समय पर धन मिलने लगा है। कृषि मंत्री ने कहा कि खेती की जमीनों में धांधली रोकने



और हेरा फेरी पर रोक लगाने के लिए सरकार किसानों की डिजीटल आईडी बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस आईडी को किसानों की जमीनों से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे जमीनों की धांधली रोकी जा सकेगी और राजस्व अधिकारियों की मनमानी पर भी रोक लगेगी। इस आईडी से आपदा आने या फसल होने की स्थिति में वास्तविक किसान को मदद मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि फसल की बुआई और नुकसान का रिकार्ड उपग्रहीय प्रणाली से होगा और खेत में नुकसान होने की स्थिति में सीधे वास्तविक किसान को मदद की जा सकेगी। श्री चौहान ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपना रही है। इसके लिए रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम करने के प्रयास करते हुए सरकार ने प्राकृतिक खेती के लिए व्यापक योजना तैयार की है। प्राकृतिक खेती के लिए एक करोड़ किसानों को प्रशिक्षित करने की तैयारी चल रही है। प्रारंभ में 7 5 लाख हेक्टेयर भूमि पर खेती प्राकृतिक खेती शुरु की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि निर्यात पर सरकार का जोर है और चावल, मसाले, चीनी और मूंगफली का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। सरकार ने जलवायु के अनुकूल फसलें तैयार की योजना शुरु की है। इसके अंतर्गत नयी किस्में तैयार की जा रही है। ये जलवायु परिवर्तन की स्थिति से निपटने में सहायक होंगी। श्री चौहान ने कांग्रेस की प्राथमिकता में किसान कभी नहीं रहे हैं। कांग्रेस के शासन काल में किसानों पर गोलियां चलवाई जाती थी। उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरु और इंदिरा गांधी के स्वतंत्रता दिवस के विभिन्न भाषणों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सोच में किसान नहीं थे।

### किसान सम्मान निधि जैसी योजना कांग्रेस ने कभी नहीं बनाई बल्कि किसानों पर गोलियां चलवाई : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पर चर्चा करते हुए सोमवार को एक बार फिर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस को घेरा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों की प्रत्यक्ष सहायता तो की लेकिन किसान सम्मान निधि जैसी योजना कांग्रेस ने कभी नहीं बनाई बल्कि किसानों पर गोलियां चलवाई, इसमें कई किसान मारे गए। केंद्रीय मंत्री कांग्रेस के सदस्य रणदीप सुरजेवाला के सवालों का जवाब दे रहे थे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने आगे कहा कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना बनाई। उन्होंने कहा कि ये राशि भले ही छह हजार रुपये हो, लेकिन जो लघु किसान, छोटे किसान व सीमांत किसान हैं, उनके लिए छह हजार रुपये मायने रखते हैं। कई बार किसानों को आदान के लिए को छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के लिए छोटी राशि की जरूरत पड़ती थी, जब पैसा नहीं होता था तब उसे ऊंची ब्याज की दरों पर लेने पड़ते थे। इस सम्मान योजना के कारण किसान स्वावलंबी व सशक्त हुआ है। किसान का सम्मान भी हुआ है। ये (कांग्रेस) किसान का सम्मान भी नहीं देख सकते। राज्यसभा में अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक स्वतंत्र अध्ययन के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत वितरित धनराशि ने ग्रामीण आर्थिक विकास उत्प्रेरक का काम किया है।

## कृषि मंत्री ने झूठ बोला, लाएंगे विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी ने कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को लेकर सदन में गलत बयानी कर देश को गुमराह करने का काम किया है, इसलिए, उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जाएगा। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने सोमवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिया गया है और किसान इसके लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार ने इस बारे में गलत बयानी की है और गलत शपथ पत्र दाखिल किया है इसलिए उसके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जाएगा।श्री दिग्विजय सिंह ने कहा, सरकार झूठ बोलने की आदी है और अब किसानों को एमएसपी देने को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री छूट बोल रहे हैं। कृषि मंत्री को झूठ बोलने की आदत है।

## जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की भावनाओं के विपरीत है भाजपा की नीति : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीतियों को जम्मू- कश्मीर तथा लद्दाख के लोगों के खिलाफ बताते हुए जम्मू-कश्मीर में तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है।

श्री खड़गे ने सोमवार को कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर भाजपा की नीति न तो कश्मीरियत का सम्मान करती है और न ही जम्हूरियत को बरकरार रखती है। मोदी सरकार ने दावा किया था कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण रूप से एकीकृत करने, क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और आतंकवाद तथा अलगाववाद को रोकने में मदद मिलेगी लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने पिछले पांच साल के दौरान जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमलों का विवरण देते हुए कहा साल 2019

**2019 के बाद से 683 आतंकी हमले हुए, 258 सुरक्षाकर्मी हुए शहीद**

के बाद से 683 घातक आतंकी हमले हुए हैं जिसके परिणामस्वरूप 258 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 170 नागरिकों की जान चली गई।

विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने के बाद से अब तक राज्य के जम्मू क्षेत्र में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं जिसमें 15 सैनिक शहीद हो गये और 27 घायल हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्याएं एक आदर्श बन गई हैं।" कांग्रेस नेता ने बेरोजगारी का जिक्र करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर सरकार के 65 प्रतिशत विभागों में कई पद खाली हैं लेकिन 2019 से कोई भर्ती नहीं हुई है और राज्य में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है, जिसमें चिंताजनक रूप से 18.3 प्रतिशत युवा बेरोजगारी दर है।

# नौसेना ने नासिक की बाढ़ में फंसे 15 मछुआरों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके बचाया

**मुथा नदी के किनारे आवासीय सोसाइटियों में घुसा बाढ़ का पानी**

एजेंसी

**मुंबई।** नासिक जिले के मालेगांव में गिरना नदी की बाढ़ में फंसे 15 मछुआरों को सोमवार को नौसेना के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके बचा लिया है। यह सभी मछुआरों रविवार को मुथा नदी में मछली पकड़ने गए थे लेकिन गंगापुर बांध का पानी छोड़े जाने से नदी में बाढ़ आ गई थी। मुथा नदी के किनारे आवासीय सोसाइटियों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिसके कारण भारतीय सेना ने नागरिक प्रशासन के साथ सभी निचले इलाकों को खाली करा लिया है।

नासिक जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही



है। इससे गंगापुर बांध क्षेत्र में 80 फीसदी से अधिक पानी जमा हो गया है। इसलिए गंगापुर बांध का पानी मुथा नदी, गोदावरी नदी में रुक-रुक कर छोड़ा जा रहा है।

रविवार को मुथा नदी में मछली मारने के लिए गए मछुआरे बाढ़ में घिर गए थे। कल दोपहर से ही इन सभी बचाने का के लिए धुले से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी लेकिन राहत और बचाव कार्य संभव नहीं हो सका था। इसलिए आज सुबह भारतीय नौसेना को मौके पर बुलाया गया। नदी में पानी के तेज प्रवाह से इन सभी को बोट से बचाना संभव नहीं था, इसलिए हेलीकॉप्टर से इन सभी को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित पर पहुंचाया गया है। इन सभी को आश्रय शिविर में रखा गया है और हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। भारतीय सेना ने मुथा नदी के किनारे आवासीय सोसाइटियों में पानी घुसने के कारण नागरिक प्रशासन के साथ-साथ सभी निचले इलाकों को खाली करा दिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भारतीय सेना और एनडीआरएफ के बचाव दल रबरयुक्त नावों और क्वाडकॉप्टर का उपयोग करके गश्त कर रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग, पीएमसी और नागरिक प्रशासन के नियंत्रण कक्ष से स्थिति की नियमित निगरानी की जा रही है। सांगली जिले के सूर्यवंशी कॉलोनी में भारतीय सेना की टुकड़ी ने राहत अभियान चलाकर निचले इलाकों के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

## पंजाब पुलिस ने सीमा पार के तस्करी मॉड्यूल का किया पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान स्थित तस्कर राणा दयाल के एक गुर्गे को अमृतसर में गिरफ्तार करके सीमा पार से तस्करी करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से दो मैगजीन सहित दो आधुनिक 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल बरामद की हैं। पुलिस ने वह मोटरसाइकिल सीटी-100 (पीबी02 एएल 7481) भी जब्त की है, जिससे वह खेप की डिलीवरी करने जा रहा था। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि अमृतसर के गांव अटलगढ़ निवासी राजवंत सिंह उर्फ राजू को हाल ही में सीमा पार से तस्करी के हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप मिली थी। राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) को सूचना मिली थी कि राजवंत सिंह मोटरसाइकिल सीटी-100 (पीबी02 एएल 7481) से अटारी-अमृतसर रोड के खुरमनियां मोड़ के पास एक पार्टी को इस खेप की डिलीवरी देने जा रहा है।



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

## खबरें एक नजर में

### इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थॉर्प का निधन

**लंदन।** इंग्लैंड पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थॉर्प का निधन हो गया है। वह 55 वर्ष के थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने थॉर्प के निधन की पुष्टि करते हुए कहा, फ्हम अत्यंत पीड़ा के साथ यह सूचित कर रहे हैं कि ग्राहम थॉर्प का निधन हो गया है। उनकी निधन से लगे सदमे को बयां करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। इंग्लैंड के बेहतरीन बल्लेबाजो में से एक होने के अलावा वह क्रिकेट परिवार के प्यारे सदस्यों में से एक थे। उनकी प्रतिभा का हर कोई लोहा मानता था। अपने 13 वर्ष के करियर के दौरान उन्होंने अपने खेल से इंग्लैंड अपने साथियों और सरी के समर्थकों को खुश होने के कई अवसर दिए। इसके बाद कोच के तौर पर उन्होंने इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टीम को अलग अलग प्रारूपों में सफल भी बनाया।फ्र थॉर्प ने इंग्लैंड लिए 1993 से 2005 के बीच 100 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने टेस्ट करियर में 16 शतक के साथ 6744 रन बनाए। थॉर्प ने इंग्लैंड के लिए 82एकदिवसीय मैच भी खेले। उन्होंने सीनियर पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका भी अदा की थी। वर्ष 2022 में अफगानिस्तान के मुख्य कोच के पद के लिए नामित होने के बाद ही वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे।

### झारखंड हाई कोर्ट ने डीवीसी में नियुक्ति प्रक्रिया पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी), कोलकाता द्वारा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी एवं मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए निकल गए विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को तीन सप्ताह में पूरक शपथ पर दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले को लेकर भूपेंद्र सिंह की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। डीवीसी, कोलकाता ने एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के सात पदों और मेडिकल ऑफिसर-असिस्टेंट मैनेजर (हेल्थ सर्विसेज) के 21 पदों लिए 18 जुलाई को विज्ञापन निकाला था। सात अगस्त तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका चयन पूर्व में एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग (फाइनेंस) के पद पर हुआ था। मेरिट लिस्ट में वह द्वितीय नंबर पर था लेकिन उसका अंतिम रूप से चयन यह कहते हुए नहीं किया गया कि उसपर विभागीय कार्रवाई चल रही है, जिसको लेकर याचिकाकताकी ओर से हाई कोर्ट भी याचिका दाखिल की गई है।

### जिनके कागज पूरे उन्हें पैसे मिलने में बाधा नहीं : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में कहा कि सहारा समूह के जिन निवेशकों के पास कागज़ात पूरे हैं उन्हें पैसे वापस करने में कोई बाधा नहीं है। सुश्री सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि सरकार तो हाथ जोड़कर खड़ी है कि आइए सारे कागजात लाइए और अपने पैसे ले जाइए। लेकिन कोई आ नहीं रहा है।

### सेना ने संदिग्ध हरकत देखते ही की गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू के अखनूर और सुंदरबनी इलाकों में दो अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियां देखने पर सेना के जवानों ने गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि आधी रात के दौरान अखनूर के बट्टल सेक्टर और सुंदरबनी सेक्टर में संदिग्धों की हरकत देखकर सेना के जवानों ने कुछ राउंड फायरिंग की। सूत्रों ने कहा, % गोलीबारी जवाबी कार्रवाई के रूप में नहीं की गई और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया।% सोमवार को अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवीं वर्षगांठ के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा और बढ़ा दी गई है।

### इंडिगो नवंबर में 12 घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी 'बिजनेस क्लास' सर्विस

**नई दिल्ली।** बजट विमानन सेवा कंपनी इंडिगो एयरलाइनंस नवंबर के मध्?य से 12 घरेलू मार्गों पर उड़ानों में 'बिजनेस क्लास' सीट की सर्विस शुरू करेगी। इसकी बुकिंग मंगलवार से होगी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने सोमवार को एयरलाइंस की उड़ान सेवा के 18 वर्ष पूरा होने मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर 'बिजनेस क्लास' सीट की सर्विस व्यस्ततम मार्गों के साथ-साथ व्यावसायिक मार्गों पर भी उपलब्ध होंगी, जिनमें राजधानी दिल्ली से चुनिंदा उड़ानें भी शामिल हैं। एयरलाइन चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सात और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानें शुरू करेगी। फिलहाल टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा एयरलाइंस बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं मुहैया कराती हैं।

### एलआईसी का बांग्लादेश कार्यालय 7 सात तक रहेगा बंद

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों तथा सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच जारी झड़पों के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बांग्लादेश कार्यालय 7 अगस्त तक बंद रखने का फैसला लिया है। एलआईसी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बांग्लादेश में मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक स्थिति की वजह से एलआईसी बांग्लादेश लिमिटेड का कार्यालय 5 अगस्त से लेकर सात अगस्त तक बंद रहेगा। बॉम्बे स्टॉक एक्?सचेंज (बीएसई) पर एलआईसी का शेयर पिछले बंद भाव के मुकाबले 6.10 फीसदी फिसलकर 1,110 रुपये पर बंद हुआ।

### किसानों की समस्याएं नहीं सुलझीं तो भाजपा हारेगी : विपक्ष

**नयी दिल्ली ।** विपक्ष ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार ने बीते 10 साल में जो किया, उससे बड़ी सूची उन कामों की है जो नहीं किये गये और यदि सरकार ने किसानों की समस्याओं का वास्तविक समाधान नहीं किया तो अगले चुनाव में उसकी हार तय है। लोकसभा में पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए तृणमूल कांग्रेस की सयानी घोष ने कहा कि मोदी सरकार ने 2014 में आने पर किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था और उस समय नारा लगाया गया था कि मोदी है तो मुमकिन है, लेकिन दस साल बाद किसानों की दोगुनी आय की बजाय लागत कई गुनी बढ़ गयी और किसानों ने निराश हो कर मान लिया है कि मोदी है तो नामुमकिन है।

### सुखबीर बादल ने अपनी सरकार में हुई गलतियों पर मांगी माफी

**चंडीगढ़।** अकाली दल के समय में हुई बेअदबी की घटनाओं के लिए सुखबीर सिंह बादल ने अकाल तख्त साहिब समेत समूची कौम से माफी मांगी है। अब इस माफीनामे पर पांचों तख्तों के सिंह साहिबान फैसला लेंगे। अकाली दल के बागी गुट ने 1 जुलाई को श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय में आकर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार और सुखबीर सिंह बादल को 2007 से अक्टूबर 2015 तक हुई घटनाओं के संबंध में दोषी ठहराया था। जिसके संबंध में पंज सिंह साहिबानों ने अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल से 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था। जिसके मद्देनजर 24 जुलाई 2024 को शिरोमणि अकाली दल के नेताओं और अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल ने श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष बंद लिफाफे के बारे में श्री अकाल तख्त साहिब को स्पष्टीकरण दिया गया था। श्री अकाल तख्त साहिब के सचिव सुखदेव सिंह ने आज यह पत्र सार्वजनिक करते हुए कहा कि संगत की ओर से लगातार मांग कर रही थी कि बंद लिफाफे के स्पष्टीकरण को सार्वजनिक किया जाए।

# एन से यंग एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी दक्षिण कोरियाई बनीं

एजेंसी

**पेरिस।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एन से यंग ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में चीन की ही बिंगजियाओ को हराकर महिला एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया है। पोर्टे डे ला चैपल एरिना में खेले गए फाइनल मुकाबले में यंग ने बिंगजियाओ को 21-13, 21-16 से हराकर ओलंपिक बैडमिंटन में एकल स्वर्ण पदक के लिए दक्षिण कोरिया के 28 साल से चले आ रहे लंबे इंतजार को भी खत्म कर दिया।

22 वर्षीय एन, मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता, बैंग सू-ह्यून के बाद एकल पदक जीतने वाली दूसरी कोरियाई महिला बनीं। बैंग ने 1992 में बार्सिलोना में रजत पदक जीता था, जब बैडमिंटन ने पदक खेल के रूप में ओलंपिक में पदार्पण किया था, उसके चार साल बाद अटलांटा में स्वर्ण पदक जीता था। कुल मिलाकर, यह कोरिया के लिए केवल चौथा एकल और 2004 में एथेंस में शॉन



सेउंग-मो द्वारा पुरुष वर्ग में रजत जीतने के बाद पहला पदक है। इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग ने स्पेन की कैरोलिना मारिन से वॉकओवर प्राप्त करने के बाद कांस्य पदक जीता। रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता मारिन को घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें न केवल हे के खिलाफ सेमीफाइनल से हटना पड़ा, बल्कि कांस्य पदक मैच से भी बाहर होना पड़ा। एन का स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया के लिए मौजूदा संस्करण का 11वां पदक है, जिससे वह पदक तालिका में ग्रेट ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

## राज्य सरकार की शह पर हो रहा है अतिक्रमण और अवैध खनन : भूपेन्द्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वायनाड भूस्खलन के लिए वहां अवैध खनन और अतिक्रमण को संरक्षण देने वाली राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि केरल की सरकार वायनाड में अवैध खनन और अवैध रूप से लोगों को बसाने के लिए पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन कर रही है, जिसका नतीजा सबके सामने है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में भूपेन्द्र यादव ने कहा कि वायनाड ईकोसेंसिटिव जोन में आता है। राज्य सरकार को ईकोसेंसिटिव जोन के लिए योजना बनानी चाहिए। राज्य सरकार को पूर्व वन महानिदेशक संजय कुमार की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट भी सौंपनी चाहिए। अवैध आवास और खनन पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईकोसेंसिटिव जोन में न ही खनन किया जा सकता है और न ही लोगों के लिए मकान बनाए जा सकते हैं। इससे वहां नुकसान हुआ। हमने ईकोसेंसटिव जोन के लिए एक कमेटी बनाई है, लेकिन राज्य सरकार लंबे समय से कमेटी को नजरअंदाज कर रही है। केरल सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए।

# राज्य के विकास व समृद्धि में एआई निभा सकता है महत्वपूर्ण भूमिका : सीएम पुष्कर सिंह धामी

**एआई मिशन को सफल बनाने के लिए धामी ने की सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की घोषणा**

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मिशन को सफल बनाने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि एआई के सहयोग से उत्तराखंड को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर मंथन करना है। एआई चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान में नवाचार का प्रमुख कारण बन रहा है। राज्य के विकास और समृद्धि में एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

सोमवार को मुख्यमंत्री आवास ?स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर आधारित सेमिनार में कहा कि एआई पर आयोजित इस मंथन कार्यक्रम से निश्चित अमृत निकलेगा, जो राज्य में



एआई के आधार को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि एआई के सहयोग से इकोलॉजी, इकोनॉमी, टेक्नोलॉजी, अकाउंटेबिलिटी और सतत विकास में महत्वपूर्ण विकास होने वाला है। सभी विशेषज्ञ और विभिन्न दायित्व का निर्वहन कर रहे लोगों को भी एआई की विशेषता हासिल करने पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में साइंस टेक्नोलॉजी और इनोवेशन नीति के साथ एआई टेक्नोलॉजी को विकसित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। एआई हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साइंस टेक्नोलॉजी एवं एआई पर विशेष ध्यान रहता है। एआई के उपयोग से कई उपलब्धियां हासिल की जा रही हैं। एआई ने लोगों का समय बचाने का कार्य भी किया है। वैज्ञानिक अनुसंधान एवं दैनिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव एआई के माध्यम से आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।

**एआई के लिए राज्य में अनुकूल वातावरण**


मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आपदा, क्लाइमेट चेंज को और अधिक समझने में एआई की मदद से प्रभावी ढंग से कार्य किया जा सकता है। सम्पूर्ण विश्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की नेतृत्व क्षमता को देख रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंडिया एआई मिशन की शुरुआत की गई है जिसका उद्देश्य एआई संबंधित टेक्नोलॉजी का विकास करना है। केंद्र सरकार से बेहतर समन्वय बनाकर प्रदेश में एआई के अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न संस्थानों, इंस्टिट्यूट के सहयोग से एआई के लिए प्रभावी तंत्र बनाने पर कार्य करेंगे।

# सबका स्वास्थ्य ठीक रखने का सरकार कर रही प्रयास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि देश भर में 36 हजार जन औषधि केन्द्र खुल गये हैं और 25 हजार केन्द्र और खोले जायेंगे। श्री नड्डा ने अपने विभाग की अनुदान मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुये सदस्यों को आश्वान दिया कि आयुष्मान डिजिटल मिशन के तहत रखा जा रहा रिकॉर्ड पूरी तरह गोपनीय रहता है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केन्द्र से मिलने वाली दवायें इस प्रणाली से बाहर बिक रही दवाओं के मुकाबले 50 से लेकर 80 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं।

श्री नड्डा ने वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के बजट के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में स्वास्थ्य विभाग के बजट में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 33278 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 90958 करोड़ रुपये हो गया है। बहस



में शामिल कई सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य बजट को सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत से ऊपर ले जाने के सुझावों के संबंध में कहा कि इस समय स्वास्थ्य विभाग का बजट सकल घरेलू उत्पाद का 1.9 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से 12 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। देश की 40 प्रतिशत आबादी इसके तहत कवर हो रही है।

आयुष्मान कार्ड के तहत 48 प्रतिशत लाभार्थी महिलायें हैं। श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत एक लाख 73 हजार मंदिर खड़े किये गये हैं। आयुष्मान डिजिटल मिशन के तहत लोगों का चिकित्सा रिकॉर्ड रखा जहा रहा है जो पूरी तरह गोपनीय रहता है। पीएम भीम हेल्थ मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों का संचालन एवं क्रियान्वयन तेज किया जा रहा है।

उन्होंने पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा अस्पताल और मेडिकल कालेज जैसी स्थापित बुनियादी सुविधाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि देश में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को स्वीकृति दी गयी है। इनमें 18 संचालित हो रहे हैं और चार निर्माणाधीन हैं। एक एम्स के निर्माण पर 15 से 20 हजार करोड़ खर्च होते हैं। उन्होंने कहा कि देश में 731 मेडिकल कालेज संचालित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में 381 दवायें मुफ्त दी जा रही हैं। कैंसर की शुरुआती स्तर पर ही जानकारी हासिल करने के की दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। कैंसर की दवायें सस्ती की जा रही हैं। श्री नड्डा ने कहा कि सिकिल सेल बीमारी के उन्मूलन को सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इन्द्रधनुष योजना के तहत टीकाकरण कार्य को व्यापक और तेज किया गया है। पोलियो का देश से उन्मूलन कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि कोरोना के जनवरी 2020 में देश के पहले मामले के आने के नौ महीने के भीतर इसके दो स्वदेशी टीके तैयार करके भारत ने दुनिया को चौका दिया था। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे तेज कोरोना टीकाकरण अभियान देश में चलाया गया। श्री नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लंबी छलांग लगायी है और सरकार के प्रयास दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के साथ सबके लिये स्वास्थ्य सुविधायें सुलभ कराने का प्रयास कर रही है। इसके बाद आम बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्राधीन अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गयीं।

# उच्च क्षमता वाली मेड-इन-इंडिया फ्रंटलोड वॉशिंग मशीन्स लॉन्च

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** होम एप्लायंसेस इंडस्ट्री में विश्व की प्रमुख कंपनी, बीएसएच हॉसगेरेट जीएमबीएच की सहायक कंपनी, बीएसएच होम अप्लायंसेज प्रा. लि., ने मेड-इन-इंडिया (बॉश) और (सीमेंस) फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन्स की नई रेंज पेश की है।

9-10 किलोग्राम भार संभालने की क्षमता, उन्नत ऊर्जा कुशलता और अत्याधुनिक तकनीक के साथ, इन वॉशिंग मशीन्स को लॉन्ड्री केयर की सभी जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। ये मशीन्स सिल्वर, डार्क ग्रे और डार्क लेक जैसे शानदार रंगों में उपलब्ध हैं, जो न केवल बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं, बल्कि आपके लॉन्ड्री स्पेस में उत्कृष्टता भी जोड़ती हैं। भारतीय परिवारों की लगातार बदलती लॉन्ड्री संबंधी जरूरतों के अनुरूप उच्च क्षमता वाली वॉशिंग




मशीन्स, विशेषकर 9 किग्रा और 10 किग्रा मॉडल्स की माँग तेजी से बढ़ रही है। समय की कमी के कारण सप्ताह के अंत में लॉन्ड्री का चलन बढ़ने लगा है। ऐसे में, इसे ग्राहकों की जरूरतों और मौजूदा चलन को देखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जो कम वॉश साइकल्स में पर्दे, बेडशीट, तौलिए और रजाई जैसे भारी भार वाले कपड़ों की भी बेहतरीन धुलाई करती है। 2022 से 2023 तक, देश में 9 किलोग्राम फ्रंटलोड वॉशिंग मशीन्स की माँग में 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई, जबकि 10 किलोग्राम सेगमेंट में इससे भी अधिक वृद्धि हुई। माँग में यह वृद्धि ग्राहकों के बीच उच्च क्षमता वाली मशीन्स की प्राथमिकता को दर्शाती है।